CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 24 सितंबर 2023

वर्ष - 33 | अंक - 146 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षण: खड़गे पृष्ठ 3

मड़ई
- गायकी संग नृत्य अऊ अभिनय म रहिन पारंगत : लता खापर्डे

पृष्ठ 4

- आईसीसी टूर्नामेंट से पहले रोटेशन से मदद मिलती है: शमी
- भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज

पृष्ठ 10

देश विदेश
- भारत की पाकिस्तान को दो टूक, उंगली उठाने से पहले अपना मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारे
- जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा से इतर क्वाड, आईबीएसए बैठकों में लिया भाग
- मीरवायज उमर फारूक के भाषण के दौरान भड़काऊ नारेबाजी करने वाले 10 हिरासत में

पृष्ठ 9

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों पर लिया संज्ञान

आपदा में शवों को कैसे संभालते हैं

केंद्र सरकार से तीन हफ्ते में जवाब मांगा, मॉर्चुरी व श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने पर ली जानकारी

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आप आपदा की स्थिति में शवों को कैसे संभालते हैं। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कई रिपोर्ट्स में अस्पतालों की मॉर्चुरी और श्मशान में शवों को खराब तरीके से रखे जाने की बात सामने आई थी। तब कोर्ट ने मामले पर खुद से संज्ञान लेते हुए सुनवाई शुरू की थी। कोर्ट ने मामले को द प्रॉपर ट्रीटमेंट ऑफ कोविड-19 पेशेंट्स एंड डिग्नीफाइड हैंडलिंग ऑफ डेड बॉडीज इन हॉस्पिटल्स (कोविड मरीजों का उचित इलाज और अस्पतालों में शवों का सही रखरखाव) नाम दिया था। मामले की सुनवाई शुरू होने के कुछ दिन बाद एक शख्स ने कोर्ट में याचिका दाखिल की। उसने दावा किया कोरोना के दौरान ना तो मैंने अपनी मां का चेहरा देखा और ना ही उनका अंतिम संस्कार किया। जबकि सच ये है कि उनकी मौत कोविड-19 से नहीं हुई थी। कोर्ट ने उसकी याचिका को भी इसी मामले में शामिल कर लिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने मामले पर सुनवाई करते हुए केंद्र से तीन हफ्ते में जवाब मांगा है। बेंच ने कहा कि सरकार हमें हलफनामा दायर कर बताए कि आपदा और गैर-आपदा

काल में शवों को संभालने की प्रक्रिया क्या है। इस मुद्दे पर अब नवंबर में सुनवाई होगी। वकील ने कहा कि मेरी प्रार्थना कोविड और गैर-कोविड समय के लिए शव प्रबंधन प्रोटोकॉल के लिए है। कुछ ऐसा है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। पीठ ने कहा कि भारत संघ आपदा और गैर-आपदा स्थितियों में शवों के प्रबंधन के लिए एक प्रोटोकॉल स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में हस्तक्षेपकर्ता की याचिका के जवाब में तीन सप्ताह की अवधि के भीतर एक हलफनामा दायर करेगा। इसने मामले को नवंबर में सुनवाई के लिए पोस्ट किया। मई में मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि महामारी और गैर-महामारी के समय में शवों के गरिमापूर्ण प्रबंधन के लिए एक समान राष्ट्रीय प्रोटोकॉल की आवश्यकता है।

भारत में 27 जनवरी 2020 को मिला था पहला कोरोना केस

कोविड से दुनिया में करीब 70 लाख लोग मारे गए। 30 जनवरी 2020 को इसे ग्लोबल इमरजेंसी डिक्लेयर किया गया था। कोविड से सबसे ज्यादा लोग अमेरिका में मारे गए थे। भारत में इसका पहला केस केरल में 27 जनवरी 2020 को मिला था। शीर्ष अदालत एक स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे महामारी के दौरान स्थापित किया गया था, जब अस्पताल के मुर्दाघरों और कब्रिस्तानों और श्मशान घाटों में पड़े शवों के अनुचित प्रबंधन पर कई रिपोर्टें सामने आई थीं। मामले का शीर्षक 'कोविड-19 मरीजों का उचित उपचार और अस्पतालों में शवों का सम्मानजनक प्रबंधन आदि' है। सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता की ओर से पेश वकील ने कहा कि हस्तक्षेपकर्ता की मां के शव की अदला-बदली कर दी गई और अस्पताल ने किसी और का शव उसे सौंप दिया।

अस्पताल पर महिला का शव बदलने का आरोप

सुनवाई के दौरान हस्तक्षेपकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि मेरे मुवक्किल की मां बदल दी गईं और अस्पताल ने उन्हें किसी और की बॉडी दे दी। बेंच ने हस्तक्षेपकर्ता के वकील से कहा कि आपने जो मुद्दा उठाया है, उसका दो-तीन पेज में शॉर्ट नोट बनाकर पेश करें, जिससे हम उसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय को भेज सकें। पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एक पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे, ने वकील से हस्तक्षेपकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दे पर दो-तीन पृष्ठों का एकसंक्षिप्त नोट तैयार करने को कहा ताकि अदालत इसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के समक्ष रख सके।

अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में आएगी कांग्रेस की पहली सूची

- 15 से 20 नए चेहरे उतारने की तैयारी
- 22 से 23 महिलाओं को टिकट देने पर विचार
- कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक में 5 घंटे तक प्रत्याशी चयन पर हुई चर्चा

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर है। भाजपा, आम आदमी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है।वहीं कांग्रेस अपने प्रत्याशियों को लेकर मंथन कर रही है। प्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शनिवार को हुई। करीब 5 घंटे तक चली बैठक में प्रत्याशी चयन पर लंबी चर्चा हुई।आगामी बैठक राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के दौरे के बाद होगी।पहली सूची के लिए अभी और इंतजार करना होगा। अक्टूबर के दूसरे सप्ताह तक पहली सूची आ सकती है।

शनिवार को सी एम हाउस में चुनाव अभियान समिति और कोर कमेटी की बैठक हुई। जिसमें टिकट वितरण और प्रत्याशियों के नामों को लेकर चर्चा हुई।पार्टी सितंबर के पहले सप्ताह में सूची जारी करने वाली थी लेकिन कई नामों पर सहमति नहीं बन पाने के चलते इसमें देरी हो रही है। इस ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

केवल जिताऊ प्रत्याशियों पर फोकस

दावेदारों की लंबी लिस्ट के बीच पार्टी का फोकस जिताऊ उम्मीदवार पर है। अपने क्षेत्र में अच्छी पकड़ वालों को ही टिकट दिया जाएगा। दावेदारों को दो टूक कह दिया गया है कि जनता के बीच होना बेहद जरूरी है। केवल नेताओं की सिफारिश से काम नहीं चलेगा। बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि बैठक में विस्तार से सभी सीटों पर चर्चा हुई। प्रत्याशी चयन पर अभी समिति की और बैठक होगी।पीईसी के बाद स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक होगी।दोनों बैठक के बाद सीईसी की बैठक होगी।सीईसी की बैठक के बाद पहली सूची जारी होगी। महिलाओं की भागीदारी 2018 के चुनाव से अधिक होगी।90 में करीब 22 से 23 महिलाओं को टिकट देने पर विचार किया जा रहा है।

सार संक्षेप

राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े पुत्र केदारनाथ सिंह का निधन

नई दिल्ली। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े पुत्र केदारनाथ सिंह के निधन हो गया है। स्व. केदारनाथ सिंह का अपनी जन्मभूमि सिमरिया से विशेष लगाव था। वे एक साहित्यकार थे। उनके कई काव्य संग्रह प्रकाशित हैं जिनमें आंका सूरज, बांका सूरज चर्चित हैं। उनके निधन से साहित्य जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।

डूसू चुनाव में एबीवीपी ने मारी बाजी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय में छात्र संघ चुनाव के परिणाम जारी हो चुके हैं। तीन पदों पर एबीवीपी और एक पद पर एनएसयूआई ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर एनएसयूआई हितेश गुलिया को 2,345 वोट मिले हैं। तो वहीं एबीवीपी के तुषार डेढ़ा को 23 हजार 46 मत मिले हैं। उपाध्य पद पर एनएसयूआई के अभि दहिया को 22331 वोट और एबीवीपी सुशांत धनखड़ को 252 वोट मिले हैं। सचिव पद पर एबीवीपी की अर्पिता को 24534 वोट और वहीं एनएसयूआई की यक्षणा शर्मा को 11597 वोट मिले हैं। सह सचिव पद पर एबीवीपी के सचिन बैंसला को 24955 वोट और एनएसयूआई के शुभम कुमार को 1496 वोट मिले हैं।

नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए देश के 11 राज्यों के विभिन्न गंतव्यों को जोड़ने वाली नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे- उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (बारास्ता रेनिगुंटा) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस तथा जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस हैं।

नारी अभिनंदन कार्यक्रम में बोले मोदी

कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत

लखनऊ/वाराणसी, 23 सितबर (देशबन्धु)। लोकसभा व राज्यसभा से नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने के बाद शनिवार को वाराणसी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महिलाओं ने भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित नारी शक्ति वंदन-अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कुछ लोगों को वंदन शब्द से दिक्कत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि माताओं और बहनों की शक्ति ही उनका सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। मोदी ने कार्यक्रम के दौरान विपक्ष को इस बात के लिए आड़े हाथ लिया कि तीन दशक तक इस बिल को लटकाकर रखा गया। उन्होंने कहा कि माताओं और

- वाराणसी में शिवधाम जैसे स्टेडियम की रखी आधारशिला
- तीस साल से लटका था महिला आरक्षण कानून

बहनों की एकजुटता और उनकी ताकत के कारण आज राजनीतिक पार्टियां कांप रही हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास होने पर प्रदेश की मातृशक्ति की ओर से प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े नौ साल में माताओं और बहनों को केंद्र में रखकर सरकार ने काम किया है। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिला समूहों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

खेल से लेकर राफेल तक उड़ा रहीं महिलाएं

मोदी ने कहा कि हमारा देश शुरू से पुरुष प्रधान रहा है। लेकिन जब से हमारी सरकार बनी है। खेल के मैदान से लेकर राफेल उड़ाने तक महिलाओं को अपनी प्रतिमा दिखाने का मौका मिला है। महिलाएं आज देश की तरक्की में भगीदारी निभा रही हैं। वे अपने हुनर से अपने इलाके में पहचान बना रही है। प्रधानमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि काशी माता ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

इंडिया का नाम भारत करना चाहती थी सरकार : राहुल

जयपुर,23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने राजस्थान में कार्यकर्ता सम्मेलन के साथ ही चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। जयपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस ने वादा किया कि यदि केंद्र में सरकार आती है तो महिला आरक्षण तत्काल दिया जाएगा। सम्मेलन में राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार देश का नाम बदलना चाहती थी। वे इंडिया का नाम भारत करना चाहते थे, इसीलिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था, लेकिन इसे रोकर महिला आरक्षण बिल ले आए। उन्होंने कहा कि पूरे विपक्ष ने महिला आरक्षण का समर्थन

- राजस्थान कार्यकर्ता सम्मेलन में केंद्र सरकार पर बोला हमला

किया। हम चाहते हैं कि महिला आरक्षण आज से ही लागू हो, लेकिन भाजपा 10 साल बाद इसे लागू करना चाहती है। मोदी ओबीसी वर्ग को भागीदारी देना चाहते हैं, लेकिन जातिगत जनगणना से क्यों डर रहे हैं।

अडाणी से भी डरते हैं मोदी-राहुल गांधी ने कहा कि मोदी और भाजपा वाले अदाणी से डरते हैं। अगर, अदाणी के खिलाफ कोई बोलता है तो माइक बंद हो जाता है, कैमरे हिलने लगते है और अब तो टीवी भी बंद हो जाता है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के लिए कास्ट सेंसस जरूरी है। इससे पता ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

दो बाईक भिड़ी, पति-पत्नी की मौत

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में तेज रफ्तार का कहर लगातार देखने को मिल रहा है, आये दिन लोग सड़क हादसों में अपनी जान गवां रहे है, वहीं आज दोपहर जांजगीर में एक और बड़ा हादसा हो गया। इस दर्दनाक हादसे में पति पत्नी की मौत हो गयी। वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

दो युवक घायल

घटना उस वक्त हुआ, जब दो बाइक की आपस में जोरदार टक्कर हो गयी। घटना तिलाई गांव के ह॥49 की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक एक बाइक पर पति-पत्नी आ रहे थे, वहीं सामने से एक बाइक पर दो सवार आ रहे थे।

दोनों बाइक के बीच आमने सामने की भिड़ंत हो गयी। घटना में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं पति की हालत गंभीर थी। पति को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान पति की भी मौत हो गयी। घटना में दो युवक घायल हो गये। लहुलूहान हालत में दोनों युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

7 लाख लोगों को मिलेगा आवास : भूपेश

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सियासी गरमाई हुई है। लगातार सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस नेताओं के की बैठक कर रही है। इसी बीच आज कांग्रेस घोषणा पत्र समिति की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में सीएम भूपेश, प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, दीपक बैज समेत कई दिग्गज नेता मौजूद थे।

बैठक के बाद पीसीसी चीफ दीपक बैज ने जानकारी दी है। दीपक बैज ने कहा कि 2 अक्टूबर को कांग्रेस भरोसा यात्रा निकालेगी। कांग्रेस का ये भरोसा यात्रा सभी विधानसभा में निकाली जाएगी। वहीं सीएम भूपेश बघेल ने भी जानकारी दी है कि 25 सितंबर को राहुल गांधी बिलासपुर आएंगे। राज्य के 7 लाख लोगों को आवास मिलेगा। 25 सितंबर को आवास की राशि वितरित करेंगे।

महिला पहलवानों के साथ हुआ गलत : दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसियां)। महिला पहलवानों के यौन शोषण के मामले में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने को लेकर दिल्ली के राउज एवेन्यु कोर्ट में शनिवार को सुनवाई पूरी हुई। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने यह दलील दी कि जो साक्ष्य और सबूत मिले हैं वह बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को जब भी मौका मिलता था वह महिला पहलवान की लज्जा भंग करने की कोशिश करते थे। अपनी दलील में दिल्ली पुलिस ने कहा कि बृजभूषण को पता था वो क्या कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने अदालत में कहा कि सवाल यह नहीं है कि पीड़ित लड़की ने कोई प्रतिक्रिया दी है या नहीं, सवाल यह है कि उनके साथ गलत किया गया।

एक देश एक चुनाव पर राजनीतिक दलों से ली जाएगी राय

नई दिल्ली,23 सितम्बर (एजेंसियां)। एक देश, एक चुनाव के लिए केंद्र सरकार की बनाई हाई लेवल कमेटी की शनिवार को पहली बैठक हुई। इसमें फैसला लिया गया कि एक साथ चुनाव के मुद्दे पर मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के विचार लिए जाएंगे। इस मुद्दे पर सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा। दिल्ली के जोधपुर ऑफिसर्स हॉस्टल में हुई इस बैठक में अध्यक्ष पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद समेत बाकी सदस्य शामिल हुए। पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में 2 सितम्बर को बनी इस कमेटी में गृह मंत्री अमित

- पहली बैठक : सुझाव देने के लिए लॉ कमीशन को भी बुलाया जाएगा

शाह और पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद समेत 8 मेंबर हैं। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं। सरकार ने लोकसभा, विधानसभाओं, नगर पालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर जल्द से जल्द विचार करने और सिफारिशें देने के लिए दो सितम्बर को आठ सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति को अधिसूचित किया था। बैठक को परिचयात्मक बताते हुए इस बारे में जानकारी रखने वाले लोगों ने कहा कि इसे रोडमैप पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था कि समिति को दिए गए जनादेश को कैसे आगे बढ़ाया जाए।

एसआई-प्लाटून कमांडर सहित अन्य पदों पर भर्ती में गड़बड़ी, याचिकाकर्ताओं की अर्जी खारिज

बिलासपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रदेश में एसआई-प्लाटून कमांडर समेत अन्य पदों पर भर्ती में गड़बड़ी को लेकर लगाई गई याचिका पर याचिकाकर्ताओं की अंतरिम अर्जी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। मामले में 700 प्रतियोगियों की ओर से दायर 122 याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने बंद लिफाफे में अपना जवाब प्रस्तुत किया है।

दरअसल, छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने सब इंस्पेक्टर, सूबेदार, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (रेडियो),

सब इंस्पेक्टर (कंप्यूटर) सहित अन्य 971 पदों पर भर्ती के लिए 13 सितंबर 2021 को विज्ञापन जारी किया था। 29 जनवरी 2023 को अंबिकापुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायपुर और बिलासपुर में परीक्षा आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद परीक्षार्थियों ने गड़बड़ियों को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई।

हाई कोर्ट ने पूर्व में सुनवाई करते हुए अंतरित राहत नहीं दी थी, लेकिन राज्य सरकार को गड़बड़ियों की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

छत्तीसगढ़ की चॉक परियोजना को विश्व बैंक एवं भारत सरकार से मंजूरी

रायपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य में स्कूली शिक्षा के बदलते परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए तेजी से बदलाव लाने की दृष्टि से स्कूली शिक्षा में सुधार हेतु चॉक परियोजना की विश्व बैंक एवं भारत सरकार से स्वीकृति प्राप्त हो गई है, आज इस परियोजना के दस्तावेजों पर विश्व बैंक, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिकृत रूप से हस्ताक्षर किए गए।

विश्व बैंक की मदद से शिक्षा गुणवत्ता

सुधार के साथ स्कूलों का कायाकल्प किये जाने का निर्णय लिया गया है, इसके अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पहले चरण में 400 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। इस परियोजना के माध्यम से अगले 5 वर्षों में (जुलाई, 2023 से सितंबर, 2028) विश्व बैंक द्वारा कुल 300 मिलियन डालर (लगभग 2500 करोड़ रूपए) की सहायता प्राप्त होगी।

इस परियोजना के माध्यम से प्रमुख रूप से बच्चों की उपलब्धि में सुधार की दिशा में विभिन्न कार्य, पालकों की मांग के आधार पर स्वामी आत्मानंद की तर्ज पर उत्कृष्ट परिणाम ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

शोध

ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी में जुटे नासा के वैज्ञानिक

क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौटेगा ओसिरिस-आरएक्स

सैन फ्रांसिस्को, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। नासा के वैज्ञानिकों की एक टीम ओसिरिस-आरएक्स मिशन के अंतिम चरण की तैयारी कर रही है जो 24 सितम्बर को क्षुद्रग्रह के नमूने के साथ पृथ्वी पर लौट आएगा।

ओसिरिस-आरएक्स (ओरिजिन्स, स्पेक्ट्रल इंटरप्रिटेशन, रिसोर्स आइडेंटिफिकेशन, और सिक्योरिटी-रेगोलिथ एक्सप्लोरर) किसी क्षुद्रग्रह से नमूना एकत्र करने वाला पहला अमेरिकी मिशन क्षुद्रग्रह बेन्नु से सामग्री के साथ वापस आएगा। यह 2020 में क्षुद्रग्रह बेन्नू की सतह से एकत्र की गई अनुमानित 8.8 औंस (लगभग 250 ग्राम) चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, क्षुद्रग्रह नमूना कैप्सूल भारतीय समय के अनुसार रविवार रात 8.25 बजे अमेरिका के यूटा रेगिस्तान में उतरने वाला है। अंतरिक्ष में सात साल बिताने के बाद मिशन को अब सबसे कठिन चुनौतियों में से एक का सामना करना पड़ रहा है, यानि नमूनों को पृथ्वी पर वापस लाना। रिपोर्ट के अनुसार, अंतरिक्ष यान स्वयं ग्रह के वायुमंडल में प्रवेश नहीं करेगा।

सौर मंडल और ग्रह के निर्माण के बारे में मिलेगी जानकारी

-बेन्नू की सतह से एकत्र की गई 8.8 औंस चट्टानी सामग्री लेकर आ रहा ओसिरिस

यह एक पैकेट गिराएगा। उसका वक्र पथ इस प्रकार होगा कि वह यूटा रेगिस्तान में उतरेगा। यह नमूना एक कैप्सूल में बंद होगा जो उसे उतरते समय गर्मी, कंपन और संदूषण से बचाएगा। ओसिरिस-आरएक्स मिशन द्वारा लिए गए ये नमूने महत्वपूर्ण हैं क्योंकि बेन्नू जैसे क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के शुरुआती इतिहास के लिए टाइम कैप्सूल के रूप में कार्य कर सकते हैं। क्षुद्रग्रह का नमूना शोधकर्ताओं को यह जानने में मदद करेगा कि हमारे ग्रह और सौर मंडल का निर्माण कैसे हुआ, साथ ही उन जीवों की उत्पत्ति कैसे हुई जिनके कारण पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ। नमूने को ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में रखा जायेगा जहां उसका विश्लेषण होगा। बाद में दुनिया भर के वैज्ञानिकों को विश्लेषण के लिए वितरित किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ का एक राजपत्र अधिकारी कर्मचारियों के लिए बना मुसीबत

विशेष अनुसूचित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी किसी भी परिस्थिति में ना तो प्रतिनियुक्ति में जा सकते और ना ही स्थानांतरण कर सकते

छत्तीसगढ़ शासन का असाधारण राजपत्र दिनांक 20 अक्टूबर 2022 से विशेष अनुसूचित क्षेत्र के कर्मचारियों में निराशा

इस राजपत्र के अनुसार पति-पत्नी एक साथ नौकरी भी नहीं करा सकते

विशेष अनुसूचित क्षेत्र से विशेष अनुसूचित क्षेत्र में भी नहीं हो सकेगी प्रतिनियुक्ति और ना ही स्थानांतरण

गौरेला पेंड्रा मरवाही (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 20 अक्टूबर 2022 को प्रकाशित राजपत्र छत्तीसगढ़ के विशेष अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिन कमलप्रीत सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई अधिसूचना में कहा गया है कि अनुसूचित क्षेत्र बस्तर,सरगुजा एवं बिलासपुर सम्भाग के गौरेला पेंड्रा मरवाही एवं कोरबा में पदस्थ समस्त तृतीय एवम चतुर्थ वर्ग के ऐसे कर्मचारी जो जिला स्तर कैडर के है वो जिले से बाहर एवम जो सम्भाग स्तर के है वो अपने सम्भाग से बाहर न ही स्थान्तरित हो सकेंगे और ना ही प्रतिनियुक्ति के लिये पात्र होंगे।

इस अधिसूचना के बाद दूसरे अनुसूचित क्षेत्र के जिले और सम्भाग से अन्यत्र अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत दूसरे सम्भाग और जिले के कार्यरत कर्मचारियों का अपने गृह ग्राम पहुंचने का सपना चूर-चूर हो गया है जबकि इस आदेश के पूर्व अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी अपना स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति अन्य अनुसूचित जिले या सम्भाग में करा सकते थे,पूर्व के आदेशो और नियम के तहत बहुत से कर्मचारियों ने घर से सैकड़ो मील दूर नौकरी चुनी ताकि भविष्य में अपने गृह क्षेत्र में स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति करा कर नौकरी के साथ-साथ घर की जिम्मेदारियों का भी निर्वहन कर सकेंगे परंतु छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को असाधारण अधिकार से प्रकाशित अधिसूचना उन समस्त कर्मचारियों के बंधक बनाने जैसा है जिन्होंने पूर्व सेवा शर्तों के आधार पर परिवार से दूर रहकर नौकरी चुना।

सेवा शर्तों में नहीं था इस तरह का कोई उल्लेख

इस इस राजपत्र से प्रभावित कर्मचारियों अधिकारियों ने बताया कि उनकी नियुक्ति की शर्तों में यह उल्लेख नहीं था कि उनका कभी स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति नहीं हो सकेगी। कर्मचारियों की सेवा उनके विज्ञापन में उल्लेखित नियमो एवम नियुक्ति पत्र में वर्णित सेवा शर्तों के आधार पर चलती है।

पति पत्नी आधार पर भी नही होगा स्थानान्तरण

इस नए फरमान के बाद अब जिले या सम्भाग कैडर के कर्मचारी पति पत्नी अगर अलग सम्भाग में पदस्थ तो सेवानिवृत्त होते तक केवल मेहमानों जैसे ही मिल पाएंगे,क्योंकि इस नियमानुसार किसी भी तरीके से स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति अन्य संभाग में सम्भव नही।

दिव्यांगता या गम्भीर बीमारी पर भी स्थानान्तरण नही-

दिव्यांगता आधार हो या गंभीर बीमारी किसी भी परिस्थिति में स्थानान्तरण / प्रतिनियुक्ति सम्भव नही।

कर्मचारी नेताओं से बात करने पर उनका कहना था

कर्मचारियो में शुरू से इस आदेश को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी कि इसका पालन आदेश आने के दिन के बाद नियुक्त हुए कर्मचारियों के लिए होना चाहिए क्योंकि, पूर्व से सेवारत कर्मचारी ऐसी शर्तो में अन्यत्र जॉइन ही नहीं करते। पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जबस्वामी आत्मानंद विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदन मांगे गए तब इस राजपत्र का हवाला देते हुए विशेष अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों के एवं शिक्षकों के आवेदन निरस्त किए गए तथा स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव आर पी शर्मा के हस्ताक्षर से दिनांक 22 सितंबर 2023 को जारी प्रतिनियुक्ति सूची में विशेष अनुसूचित क्षेत्र के शिक्षकों को शामिल नहीं किया गया तब पूरे मामले का खुलासा हुआ जबकि छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारी शिक्षकों को इस संशोधित सूचना का पता ही नहीं था परंतु स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति सूची जारी होने के बाद हड़कंप मच गया। इस अधिसूचना के बाद अब एक अनुसूचित क्षेत्र से अन्य अनुसूचित क्षेत्र में स्थानान्तरण /प्रतिनियुक्ति सम्भव नही ,जिसके कारण विभिन्न विभागों में कार्यरत हजारों कर्मचारी प्रभावित हुए है।

अनुसूचित क्षेत्र से अनुसूचित क्षेत्र में जाने पर भी रोक

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम के आधार पर अभी तक कर्मचारी एक अनुसूचित क्षेत्र से अपना स्थानांतरण या प्रतिनियुक्ति दूसरे अनुसूचित क्षेत्र में करा सकते थे छत्तीसगढ़ राज्य बनाने के बाद से अभी तक यही होता था, इन्ही नियामो के आधार पर कर्मचारी अन्य अनुसूचित क्षेत्र में नियुक्त होने के बाद भी अपना स्थानान्तरण/प्रतिनियुक्ति प्र अन्य अनुसूचित क्षेत्र में करा लेते थे परंतु 20 अक्टूबर 2022 की अधिसूचना जारी होने के बाद अनुसूचित क्षेत्र से अनुसूचित क्षेत्र में प्रतिनियुक्ति /स्थानांतरण करना भी संभव नहीं है।

पीएससी मामले में युवा मोर्चा ने निकाली भुपेश बघेल की शव यात्रा

गड़बड़ी में शामिल अधिकारी व कांग्रेस नेताओं पर द्धद्वह्न की मांग

गौरेला पेंड्रा मरवाही (देशबन्धु)। पीएससी में हुए भ्रष्टाचार के बाद हाई कोर्ट से लगी रोक के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मरवाही में निकली मुख्यमंत्री की भूपेश बघेल की शव यात्रा पुतला किया दहन,

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में हुई धांधली के आरोप के बाद नियुक्ति आदेश में लगी रोक के बाद यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है बीजेपी इस मामले को छोड़ने को तैयार नहीं है और निश्चित ही यह मामला अब एक बड़ा चुनावी मुद्दा बनेगा इसी क्रम में आज भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मरवाही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुतले की शव यात्रा निकालते हुए जमकर नारेबाजी की मुख्य मार्ग से यात्रा निकालने के बाद पुतला दहन किया गया हालांकि पुतला जलने के कुछ समय बाद ही पुलिस ने पुतला अपने कब्जे में ले लिया पर यह बात जरूर है कि भाजपा अब इस मुद्दे को लेकर सड़क की राजनीति करेगी...

इस विरोध प्रदर्शन के अंतर्गत सर्वप्रथम युवा मोर्चा के समस्त कार्यकर्ता मरवाही विधानसभा के दुर्गा पंडाल में एकत्रित हुए। एकत्रीकरण के पश्चात सभी युवा वर्ग ने मिलकर राज्य सरकार की शव यात्रा निकाल कर पीएससी के विरोध में तथा छत्तीसगढ़ शासन की विरोध में नारेबाजी करते हुए शवयात्रा को पूरे बस स्टैंड में भ्रमण कराते हुए अंततः मुख्यमंत्री व पीएससी अध्यक्ष टामन सोनवानी का पुतला दहन किया गया।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक में हिस्सा लेंगे जिले के 32 खिलाड़ी

25 से 27 सितम्बर को होगा रायपुर में राज्य स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक

संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक में महिलाओं ने मारी बाजी

कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी खिलाडियों को दी शुभकामनाएं

रायगढ़, 23 सितम्बर। छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक का आयोजन 25 से 27 सितम्बर को रायपुर में होगा। जिसमें रायगढ़ जिले के संभाग स्तरीय खेल में विजयी 32 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जिनमें 23 महिला एवं 9 पुरूष शामिल है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक में जिले के विजयी हुये सभी खिलाड़ी को आगामी राज्य स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक में भाग लेने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

उल्लेखनीय है स्व.बी. आर.यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई जिला-बिलासपुर में संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक 19 एवं 21 सितम्बर को आयोजित हुआ था। जिसमें जिले से कुल 16 खेलों के लिए 190 पुरूष, 184 महिला एवं 20 ऑफिसियल्स सहित कुल 394 सदस्यीय दल हिस्सा लिये थे। जिसमें विभिन्न खेलों एवं आयु वर्ग के 32 खिलाडियों का राज्य स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक के लिए चयन हुआ है।

राज्य स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक में जिले के ये 32 खिलाड़ी होंगे शामिल

संभाग स्तरीय स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक खेल में शामिल होकर अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन से इन खिलाडियों ने राज्य स्तर पर होने वाले छत्तीसगढिया ओलंपिक के विभिन्न खेलों में अपनी जगह बनायी है।

पेंड्रा में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने नई कमेटी का हुआ गठन, शारदा चरण पसारी बने अध्यक्ष

गौरेला पेंड्रा मरवाही (देशबन्धु)। पेंड्रा नगर के अग्रसेन भवन में शनिवार दोपहर को अग्रवाल युवा सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया।

अग्रसेन जयंती समारोह वर्ष 223 की नई कार्यसमिति के अध्यक्ष चुनाव का कार्य बीते रविवार को समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में किया गया था। नवगठित कार्यसमिति में अध्यक्ष शारदा चरण पसारी बनाए गए थे। जिसके पश्चात शनिवार दोपहर को अग्रसेन भवन पेंड्रा में कार्यसमिति अध्यक्ष शारदा चरण पसारी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत महाराजा अग्रसेन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की गई। बैठक में अग्रसेन जयंती के मुद्दे पर चर्चा की गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के लोगों ने धूमधाम से अग्रसेन जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया गया। जिसके लिए कार्यसमिति अध्यक्ष शारदा चरण पसारी ने अपनी कार्य समिति का विस्तार करते हुए उपाध्यक्ष सिद्धार्थ गोयल तथा सचिव विकास महलवाला, सह सचिव प्रमोद सुल्तानिया, कोषाध्यक्ष विकास जालान, पत्रिका प्रभारी नितेश अग्रवाल, मीडिया प्रभारी सुमित जालान को बनाया। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में मुकेश सुल्तानिया, महेश पसारी, रतन गोयनका, राजेश पसारी, दीपक गोयल, हर्ष गोयल, मिहिर मित्तल, शुभम अग्रवाल, अनमोल महलवाला की नियुक्ति की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष शारदा चरण पसारी ने बताया कि अग्रसेन जयंती पर विविध कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें समाज के महिलाएं युवतियां और बच्चे भाग ले सकेंगे। साथ ही 15 अक्टूबर को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी और प्रसाद का वितरण किया जायेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में ..

बार 15 से 20 नए चेहरों को उतारने की तैयारी है। दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुई बैठक शाम करीब 5 बजे खत्म हुई। प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, डॉ चरण दास महंत, उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव समेत कई नेता मौजूद रहे।संभावना है कि कांग्रेस इस बार 15-20 सीटों पर नए चेहरों को मौका दे सकती है। करीब 10 महीने पहले पार्टी के एक सर्वे में 37 विधायकों की रिपोर्ट खराब आई थी। इन्हीं में से कुछ के टिकट काटे जा सकते हैं। जिन सीटों पर कांग्रेस के विधायक नहीं हैं वहां भी नए चेहरों पर दांव लगाया जाएगा।

कुछ लोगों को वंदन ...

कुष्मांडा, माता श्रृंगार गौरी, मां अन्नपूर्णा और मां गंगा की पावन नगरी है। यहां के कण कण में मातृ शक्ति की महिमा जुड़ी है। विंध्यवासिनी देवी भी बनारस से दूर नहीं हैं। काशी नगरी देवी अहिल्याबाई होल्कर के पुण्य कार्यों और प्रबंध कौशल की साक्षी रही है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने इस बार नवारात्रि के उत्साह को कई गुना बढ़ा दिया है। इस कानून से देश में महिला विकास के रास्ते खुलेंगे। लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की उपस्थिति बढ़ेगी। वहीं इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी महिलाओं ने फूलों की माला से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। इसके अलावा शहरी आजीविका मिशन की लाभार्थी महिलाओं ने पुष्पगुच्छ देकर, प्रधानमंत्री आवास योजना की महिलाओं ने तुलसी का पौधा भेंट कर, आयुष्मान योजना की लाभार्थियों ने अंगवस्त्र के माध्यम से तथा उचित दर विक्रेता की लाभार्थी महिलाओं ने गणपति प्रतिमा भेंट कर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य के लिए कामना की।

इंडिया का नाम भारत करना ...

चलेगा कि देश में कितनी महिलाएं है, कितने ओबीसी हैं सब पता चल जाएगा। मैं पीएम मोदी से मांग करता हूं कि कास्ट सेंसस (जाति जनगणना) कराएं। राहुल ने कहा कि भाजपा वाले बाहना बना रहे हैं। अगर, ये चाहें तो 33 फीसदी सीटों पर आज ही महिला आरक्षण लागू हो सकता है। लेकिन, ये चाहते हैं कि इसे लागू होने में 9-10 साल लग जाएं। राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि आज के हिंदुस्तान को 90 लोग चलाते हैं। पीएम मोदी के साथ मिलकर ये लोग ही सारे फैसले लेते हैं। इन 90 सेक्रेटरी में से सिर्फ तीन लोग ओबीसी से आते हैं और पीएम मोदी हमेशा ओबीसी करते रहते हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि यहां हजारों बब्बर शेर यहां बैठे हुए हैं। ये नफरत का बाजार नहीं है, मोहब्बत की दुकान हैं। ये फर्क है भाजपा और कांग्रेस में, हमारे बीच विचार धारा की लड़ाई चल रही है। राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से कहा कि अगर आपको कोई भाजपा नेता मिले और वो कुछ कहे तो अदाणीजी का नाम लेना, वो तुरंत भाग जाएगा।

एसआई-प्लाटून कमांडर सहित ...

दिए थे। मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि एक विशेष अनुमति याचिका में सुप्रीम कोर्ट के समक्ष याचिकाकर्ताओं ने दायर की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने एक सितंबर 2023 के आदेश के तहत पहले ही खारिज कर दिया है। इसलिए अब भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने वाला कोई आदेश पारित करने की जरूरत नहीं है।

छत्तीसगढ़ की चॉक परियोजना को...

देने वाले नए स्कूलों का प्रारंभ, राज्य में सुदूर अंचलों में संचालित स्कूलों की अधोसंरचना में सुधार हेतु आवश्यक समर्थन आदि कार्य किये जा सकेंगे। इस परियोजना के आने से छत्तीसगढ़ राज्य में विगत चार वर्षों में शुरू किए गए विभिन्न सुधार कार्यों को गति एवं विस्तार देने में आसानी हो सकेगी एवं स्कूली शिक्षा की गुणवता में व्यापक सुधार हो सकेगा।

परियोजना के अंतर्गत कक्षा के स्तर अनुरूप सीखने-सिखाने से सबंधित प्रशिक्षण, शिक्षकों को अपने लिए उपयुक्त प्रशिक्षण के चयन का अवसर (ऑन डिमॉड ट्रेनिंग), उच्च प्राथमिक से लेकर हायर सेकण्डरी स्तर की कक्षाओं के लिए प्रत्येक विषय एवं अवधारणा के लिए उपचारात्मक शिक्षण, स्कूलों में प्रभावी आकलन हेतु डिजिटल टेक्नोलोजी का उपयोग किया गया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, (E&M) DIVISION, PUBLIC HEALTH ENGG. DEPTT.,BILASPUR (C.G.)
N.I.T.No./ 01 / 2023-2024/TS/E.E./E&M/DN./P.H.E.D./Bilaspur, Dt. 20.09.2023
SHORT NOTICE INVITING TENDER

S. N.	Brief description of materials	Qty	Estimated Cost (in lacs)	Earnest Money (in Rs.)
1	Drill rod suitable for Hydraulically operated D.T.H. drilling unit having following specification, 3050m.m.(10') long drill rod suitable for 125/150 m.m. dia DTH Bore. OD 88.90 m.m Thickness 7.5.mm of Seam less pipe, Flush Hole dia should be 42 mm with both side adopter fitting with pining (Male & Female) of EN-19 metal 4 thread per Inch (API) Grade of pipe ASTMa 106-B, Weight 52 Kg.(+) 2%	28 Nos	4.844	14600/-.

2. Last date of Receipt of application for Issue of tender documents. :11.10.2023 Up to 5.00 pm
3. Last date of sale of tender document. :12.10.2023 Up to 5.30 pm
4. Last date of receipt of tender document :13.10.2023 Up to 3.00 pm
5. Date of Opening of Financial Bid :13.10.2023 at 4.00 pm
6. Cost of Tender Document for each group Rs. 750/-
7. Period of supply : 30 days from date of supply order

"TERMS AND CONDITIONS"
1. The ordered materials shall be inspected by the inspecting agencies i.e. D.G.S.&D/ S.G.S./ R.I.T.E.S./ IRCLASS. The inspection charges as applicable shall be paid extra by the Department.
2. Detailed specials terms and conditions can be seen at this office, during office hours. Tender forms will be provided only with the written consent of Acceptance of departmental terms conditions.

Executive Engineer (E&M) Division
Public Health Engg. Deptt.Bilaspur (C.G.)
G- 05595/1

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
पता :- पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र 18, कलेक्टोरेट के सामने,
Phone No. 07752-250593, Email ID- eebil-phe-cg@gov.in
:: संशोधन क्रमांक 01:: जी क्रमांक - 05422/2

ऑन लाईन निविदा को समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं होने के कारण निविदा की तिथियों में ऑनलाईन संशोधन की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

निविदा क्र. / दिनांक	सिस्टम क्रमांक	पूर्व निर्धारित तिथि: Online Bid Due Date	Physical Doc Submission End Date	Opening of Financial Bid	संशोधित तिथि: Online Bid Due Date	Physical Doc Submission End Date	Opening of Financial Bid
39/25.08.23	145666	16.09.23	17.09.23	28.09.23	26.09.23	28.09.23	10.10.23

ऑनलाईन निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी, एवं अन्य विवरण/ विस्तृत जानकारी छ.ग.शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in में देखे जा सकते हैं।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
बिलासपुर (छ.ग.)
जी-05577/1

कार्यालय नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
क्रमांक/ 2459 / निविदा / न.पा.प./ 2023-23 जांजगीर-नैला,दिनांक 22.09.2023
मैनुअल पद्धति से निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पालिका परिषद जांजगीर-नैला क्षेत्र अंतर्गत विकास कार्यों के लिए त्रिलिफाफा पद्धति में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट से मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।
01. केवल डी.डी.आर./ एफ.डी.आर. डिमाण्ड ड्राफ्ट सहित निविदा फार्म त्रिलिफाफा पद्धति में दिनांक 04.10.2023 को समय सायं 4.00 बजे तक प्राप्त होने पर उसी दिवस को निविदा शाम 04.30 बजे से खोला जायेगा।
02. आमानत राशि एवं निविदा शुल्क निम्नानुसार देय होगा :-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत राशि (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	शासकीय बालक प्राथमिक शाला नैला (यूवाइस कोड 22061700401) (तृतीय निविदा)	16.10	12075.00	750.00	कार्यादेश प्रदाय तिथि से03माह

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
// जल बचाये भविष्य बचायें// प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग ना करें//
// अपने आस पड़ोस को स्वच्छ रखें //

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद जांजगीर नैला

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202309075200015/ अ-6-अ/ 2022-23
ग्राम गौबंद प.ह.नं. 52

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गौबंद प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल सत्तार खान पिता मो. राजखान निवासी गौबंद तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम गौबंद स्थित भूमि ख.नं. 103/2 रकबा 0.20 ए. भूमि को आवेदक के वहन मकसूदा बेगम तिमिर्जा रहीम बेग के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय नामांतरण कराया था जो कि वर्तमान में अनावेदक कुशल के नाम पर दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार कर अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 29.09.2023 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार गनियारी

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202309075200014/ अ-6-अ/ 2022-23
ग्राम गौबंद प.ह.नं. 52

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गौबंद प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल सत्तार खान पिता मो. राजखान निवासी गौबंद तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम गौबंद स्थित भूमि ख.नं. 184/3, 184/5 रकबा 0.60, 0.61 ए. भूमि को समसूल खान से पंजीकृत विक्रय पत्र से क्रय किया था जो किसान किताब में दर्ज है। उक्त भूमि में से ख.नं. 184/5 रकबा 0.61 ए. भूमि ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज नहीं है जिसे सुधार कर ऑनलाईन अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 29.09.2023 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार गनियारी

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार गनियारी तहसील सकरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202309075200013/ अ-6-अ/ 2022-23
ग्राम गौबंद प.ह.नं. 52

एतत् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम गौबंद प.ह.नं. 52 रा.नि.मं. गनियारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल सत्तार खान पिता मो. राजखान निवासी गौबंद तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा ग्राम गौबंद स्थित भूमि ख.नं. 202/10 रकबा 0.17 ए. भूमि को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय नामांतरण कराया था जो कि वर्तमान में सिंचाई विभाग के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि से किसी प्रकार का नहर निर्माण नहीं किया है जिसे सुधार कर मुस्लिम कमेटी गौबंद के नाम पर अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी (रा.) तखतपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जो जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो वह मेरे न्यायालय में दिनांक 29.09.2023 को 10:30 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है बाद में प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार गनियारी

कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
नि.आ.सू. दिनांक 20/09/2023 तथा Online Bid Submission की अंतिम तिथि 27/09/2023
Physical Submission Last Date 04/10/2023
ऑनलाईन निविदा द्वितीय आमंत्रण

क्र.	नि.आ.सू. क्रमांक	ऑनलाईन टेण्डर नम्बर	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	32	147034	Providing L.T&IIT line Shifting and electrification work under sub-division Raigarh Distt Raigarh (C.G.)	70.98

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./ यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)
जी- 05600/1

ICICI Home Finance | कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एवएफसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001
रूनियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों/कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	कैलाश चन्द्र दुबे (कर्जदार), गायत्री दुबे (सह-कर्जदार), एलएबीएसआर00001448416 एवं एलएबीएसआर00001448415	मौजा बोदी पीएच नंबर 1 केएव नंबर 528/2 पार्ट, वार्ड नंबर 2, रविशंकर शुक्ला वार्ड, नगर पंचायत बोदी, तहसील और जिला बिलासपुर सीजी, बिलासपुर 528/2, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ - 495001	रू. 29,06,453/- 20-09-2023	रू. 29,70,000/- / रू. 2,97,000/-	24-10-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	31-10-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ग्लोब टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक -ीजजबेरूध्ठमेज।नबजपवदक्मंसण्बवउ) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 30-10-2023 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 30-10-2023 को अथवा पूर्व अप. 04.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को पंजीकरण प्रपत्र एवं बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड, प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001 में 30-10-2023 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करनी होगी। धरोहर राशि जमा हेतु डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में बिल

देश

उवाच

हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष उदय भान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कहा कि यह कांग्रेस और उनके नेता के मानसिक दिवालियेपन को दिखलाता है, उन्होंने कहा कि ऐसी ओछी राजनीति का इनका इतिहास रहा है और वे इस परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं:-**गिरिराज सिंह, सांसद**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	35.1	27.5
मुंबई	28.9	25.4
कोलकाता	3`.2	25.8
चेन्नई	33.6	26.7

कांग्रेस सत्ता में आते ही लागू करेगी महिला आरक्षणः खड़गे

जयपुर, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केन्द्र की मोदी सरकार पर उसकी कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाते हुए दावा किया है कि अगले वर्ष कांग्रेस की सरकार बनने पर महिला आरक्षण को तत्काल लागू किया जायेगा। श्री खड़गे शनिवार को राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं। उन्होंने कहा कि महिला विधेयक का सबने मिलकर समर्थन किया लेकिन अब यह कब आयेगा, वर्ष 2030 तक आयेगा। वर्ष 2029 में जनगणना होगी उसके बाद इसके लागू होने में और वक्त लगेगा और इसके आने में करीब दस साल की बात की जा रही हैं।

- **खड़गे ने राजस्थान कांग्रेस मुख्यालय के नये भवन का शिलान्यास के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया**

श्री खड़गे ने कहा कि इस विधेयक को अभी लागू करना चाहिए। उन्होंने वादा करते हुए कहा कि अगर अगले वर्ष केन्द्र में कांग्रेस सरकार आती है तो वह तत्काल महिला आरक्षण देने का काम करेगी।

उन्होंने संसद के विशेष सत्र का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्र तो पांच दिन का बुलाया था लेकिन चार दिन में समाप्त कर दिया क्योंकि यह सत्र केवल संसद का नया भवन दिखाने के लिए बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि इन्हें नए भवन को दिखाना था, उसमें ऐसा क्या है दिखाने के लिए जो मंत्रियों, भाजपा के बड़े बड़े कार्यकर्ताओं, फिल्म कलाकारो आदि को बुलाया गया कि देखिए नया भवन बनाया गया। उन्होंने कहा कि संसद भवन चर्चा करने का स्थान है, यह कोई प्रदर्शनी करने की जगह नहीं है। यह स्थान चर्चा करके लोगों की समस्याओं का हल करने का है वह तो करेंगे नहीं।

महिला आरक्षण बिल सबसे पहले कांग्रेस सरकार लेकर आई थी। उस समय इसका इन लोगों ने विरोध किया जो अभी सरकार में हैं, मोदी सरकार की नीयत और नीति साफ नहीं है और ये लोग केवल भाषण करते हैं:-मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस

नई संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया

श्री खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि ये लोग केवल कहने के लिए दलित और आदिवासी को आगे करने की बात कहते हैं जबकि नई संसद भवन के उद्घाटन के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नहीं बुलाया गया। यह राष्ट्रपति का अपमान है। उन्हें आदिवासी होने की वजह से नहीं बुलाया। इससे पहले जब श्री रामनाथ कोविंद राष्ट्रपति थे तो उन्हें संसद भवन के शिलान्यास में नहीं बुलाया गया तो इस तरह इनकी कथनी और करनी में अंतर हैं।

उन्होंने कहा 'चुनाव में भाजपा हमारे खिलाफ कई उम्मीदवार खड़ा करती है, एक तो भाजपा का प्रत्याशी होता है, एक ईडी होती है और एक सीबीआई या अन्य एजेंसी होती है। वह चाहेंगे जब ईडी लगा देंगे, कांग्रेस का कोई कार्यक्रम एवं बैठक होगी उसके एक दिन पहले छापे पड़ते हैं और कहते हैं कि हम लोकतंत्र के हिसाब से काम र रहे है जबकि डरा धमकाकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं का आह्वान किया कि भाजपा के इन प्रत्याशियों को मात करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पहला अधिवेशन जयपुर में हुआ था जो ऐतिहासिक अधिवेशन था। ऐसा फिर कभी नहीं होगा।

अशोक गहलोत ने 2018 घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादे, पूरे किए

श्री खड़गे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्ष 2018 घोषणा पत्र में जनता से किए गए वादे, पूरे किए गए है जबकि उससे एक कदम आगे बढ़कर सब कुछ दिया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है वह करके बताती है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को सरकार इन उपलब्धियों को लोगों के बीच घर घर पहुंचाना है, यह देश, इसके लोकतंत्र एवं संविधान को बचाने का समय हैं।

खड़गे एवं राहुल ने राजस्थान कांग्रेस के नये भवन का किया शिलान्यास

जयपुर, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को जयपुर में राजस्थान कांग्रेस के नये भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, महासचिव के सी वेणुगोपाल, कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित कई नेता मौजूद थे। इसके बाद इस अवसर पर आयोजित समारोह में श्री खड़गे एवं श्री राहुल गांधी का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया

राहुल गांधी महारानी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने छात्राओं से बातचीत की और इसके बाद छात्राओं के साथ स्कूटी पर सफर किया। श्री राहुल गांधी के सुबह जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर गहलोत ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर डोटासरा एवं रंधावा भी मौजूद थे। इसके बाद श्री खड़गे के जयपुर पहुंचने पर गहलोत एवं कांग्रेस के अन्य नेताओं ने उनका भी जोरदार स्वागत किया। राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा जहां इसके लिए करीब छह हजार वर्ग गज भूमि आवंटित की की गई है और इसकी करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

- **राजस्थान कांग्रेस के मुख्यालय का नया भवन मानसरोवर में बनेगा**
- **इसको बनाने में करीब 80 करोड़ रुपए की लागत आएगी**

सार संक्षेप

ऋषिकेश-गंगोत्री जाने वाली टनल में आई दरारें, डीएम ने जांच करवाने के दिए निर्देश

टिहरी। टिहरी जिले के चंबा शहर के नीचे बनी ऋषिकेश गंगोत्री जाने वाली टनल के अंदर कई जगहों पर दरारें पड़ गई हैं। इन दरारों से लोगों में डर पैदा हो गया है। टनल में पड़ी दरारों की शिकायत चंबा के लोगों ने बीआरओ के अधिकारियों से भी की है। इस टनल में कई जगहों पर दरारें पड़ने के साथ ही दरारों से पानी भी टपकने लगा है। टनल के ऊपर बने मकानों में भी दरारें पड़ी हैं। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के समय में होती है। स्थानीय लोगों ने टिहरी डीएम से बीआरओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही भू वैज्ञानिकों से भी जांच कराने की मांग की है।

भाजपा-जद(एस) गठबंधन पर बोले चिदंबरम, लंबे समय से जिसकी आशंका थी वह सच हो गया है

नई दिल्ली। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जद(एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी की केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से मुलाकात के बाद कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि लंबे समय से जिसकी आशंका थी वह रहस्य आखिरकार सामने आ गया है। चिदंबरम ने कहा, 'लंबे समय से संदिग्ध रहस्य बाहर आ गया है। भाजपा ने आधिकारिक तौर पर जद (एस) का राजग में स्वागत किया है। कर्नाटक के एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं को रूढ़िवादी, प्रतिगामी और महिला विरोधी पार्टियों के बीच इस गठबंधन पर ध्यान देना चाहिए जो पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना चाहते हैं।' जद (एस) 224 के लोकसभा चुनाव से पहले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा बन गया। इस साल मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने भाजपा और जद (एस) को धूल चटाते हुये वहां सरकार बनाई थी।

दानिश अली ने रमेश बिधूड़ी को उकसाने के लिए पीएम मोदी के खिलाफ की थी आपत्तिजनक टिप्पणी, जांच की मांग

नई दिल्ली। विपक्षी सांसदों द्वारा रमेश बिधूड़ी के खिलाफ 'विशेषाधिकार के उल्लंघन' के मामले में लोकसभा स्पीकर से कार्रवाई करने की मांग के बीच भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने 21 सितंबर को चली चर्चा के दौरान बसपा सांसद दानिश अली सहित कई अन्य विपक्षी सांसदों द्वारा किए गए व्यवहार को गलत बताते हुए लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच के लिए एक 'जांच समिति' बनाने की मांग की है। स्पीकर बिरला को लिखे पत्र में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूरे घटनाक्रम का वर्णन करते हुए हुए लिखा है कि उस दिन रमेश बिधूड़ी ने जो भी कहा था वो निंदनीय था लेकिन तथ्य यह है कि बिधूड़ी के पूरे भाषण के दौरान, उस दिन दानिश अली लगातार 'रनिंग कमेंट्री' कर रहे थे और बिधूड़ी को परेशान करने और उन्हें उकसाने के उद्देश्य से सभी के प्रति अभद्र टिप्पणियां भी कर रहे थे, जिससे उनकी शांति और संयम खो जाए और वह सदन में सही तरीके से अपने विचार व्यक्त न कर पाएं।

आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की रही बड़ी भूमिकाः प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधिवक्ताओं की जमकर तारीफ की है। विज्ञान भवन में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अधिवक्ता सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की बहुत बड़ी भूमिका थी। अधिवक्ताओं ने आजादी की नीव को मजबूत किया। मोदी ने अधिवक्ताओ से कहाकि खतरा वैश्विक है तो लड़ाई भी वैश्विक होगी। हमे तैयार रहना होगा। दुनिया का भरोसा भारत में बढ़ रहा है और देश की न्याय व्यवस्था सबके लिए मिशाल बनी है। हमारी न्यायपालिका हमेशा न्याय व्यवस्था की संरक्षक रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने कानून की भाषा सरल बनाने के लिए नई व्यवस्था शुरू की है। उन्होंने कहाकि देश की आजादी की लड़ाई में अधिवक्ताओं ने बड़ी कुर्बानी दी थी। कई कानूनी पेशेवरों तो अपनी वकालत छोड़कर सीधे स्वतंत्रता की लड़ाई में कूद गए थे। उन्होंने कहाकि दुनिया अगर आज भारत पर भरोसा करती है तो इसमें भारत की स्वतंत्र न्यायपालिका की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहाकि आज यह सम्मेलन ऐसे मौके पर हो रहा है, जब भारत कई ऐतिहासिक निर्णयों का साक्षी बना है। एक दिन पहले ही भारत की संसद ने लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण देने का कानून पारित कराया है। नारी शक्ति वंदन कानून भारत में महिलाओं के विकास के लिए नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने हाल में दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन का जिक्र कर कहा कि दुनिया ने इसमें हमारी डेमोक्रेसी,डेमोग्राफी और डिप्लोमेसी की झलक देखी। चंद्रयान-3 की सफलता पर भी वे बोल और कहा कि एक माह पहले आज ही के दिन भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पहुंचने वाला दुनिया का पहला देश बना था। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि ऐसी ही उपलब्धियों के साथ भारत 2047 तक विकसित देश बन जाने की राह पर चल रहा है। निश्चित रूप से इस लक्ष्य को हासिल करने में भारत को एक निष्पक्ष व स्वतंत्र न्याय व्यवस्था का आधार चाहिए। इस दिशा में यह सम्मेलन बहुत उपयोगी साबित होगा।

कि आजादी की लड़ाई में कानूनी पेशेवरों की बहुत बड़ी भूमिका थी। अधिवक्ताओं ने आजादी की नीव को मजबूत किया। मोदी ने अधिवक्ताओ से कहाकि खतरा वैश्विक है तो लड़ाई भी वैश्विक होगी:- नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री

कांग्रेस नेता जयराम ने नए संसद भवन की गिनाई कमियां तो नड्डा ने किया पलटवार

नई दिल्ली, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना सेंट्रल विस्टा के तहत बनाया गया नया संसद भवन वैसे पूरी तरह हाईटेक है। लेकिन कांग्रेस नेता जयराम रमेश को यह पसंद नहीं आया है और लंबा चौडा पोस्ट लिखकर उन्होंने सिलसिलेवार इसकी कमियों को गिनाया। हालांकि भाजपा अध्यक्ष ने जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए इसे पूरी तरह खारिज कर किया।

जयराम रमेश ने अपनी पोस्ट में लिखा कि इतने प्रचार-प्रसार के साथ लांच किया गया संसद भवन वांस्तव में पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह साकार करता है। इसे संसद भवन के बजाय मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट नाम दिया जाना चाहिए। उन्होंने लिखा कि चार दिनों के बाद उन्होंने देखा कि दोनों सदनों के अंदर और लॉबी में बातचीत खत्म हो गई थी। अगर वास्तुकला लोकतंत्र को मार सकती है,संविधान को दोबारा लिखे बिना भी प्रधानमंत्री पहले ही सफल हो चुके हैं।

जयराम ने लिखा कि नया संसद भवन बिल्कुल आरामदेह नहीं है। इसमें एक-दूसरे को देखने के लिए दूरबीन की जरूरत होती है। जबकि पुराने संसद भवन की न केवल एक विशेष आभा थी, बल्कि बातचीत की सुविधा भी प्रदान करता था। दोनों सदनों,सेंट्रल हॉल और गलियारों के बीच चलना आसान था। लेकिन नए भवन में ऐसा नहीं है। उन्होंने आगे लिखा कि पुराने भवन में अगर आप खो गए थे तो आपको रास्ता फिर से मिल जाएगा,क्योंकि यह गोलाकार था। लेकिन नई इमारत में अगर आप रास्ता भूल गए तो भूलभुलैया में खो जाते हैं। यही उन्होंने लिखा कि सचिवालय के कर्मचारियों से भी सुना है कि नए संसद भवन के डिजायन में उनके लिए आवश्यक जरूरतों का ध्यान नहीं रखा गया।

प्रचार-प्रसार के साथ लांच किया गया संसद भवन वांस्तव में पीएम मोदी के उद्देश्यों को अच्छी तरह साकार करता है। इसे संसद भवन के बजाय मोदी मल्टीप्लेक्स या मोदी मेरियट नाम दिया जाना चाहिए:-जयराम रमेश

नड्डा ने किया पलटवार

कांग्रेस नेता की इसे पोस्ट के बाद भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पलटवार करते हुए लिखा यह कांग्रेस पार्टी के न्यूनतम मानसिकता के हिसाब से भी एक दयनीय मानसिकता है। ये 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं के अपमान के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने लिखा कि वैसे भी यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस संसद विरोधी हुई है। उसने 1975 में आपातकाल के वक्त में भी कोशिश की लेकिन बुरी तरह विफल रही।

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग में कोई दिक्कत नहीं : तेजस्वी

दिक्कत वहां है जहां परिवार में 2 पार्टियां हो गई

पटना, 23 सितम्बर (एजेंसिया)। राजद के नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शनिवार को कहा कि इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, सारी चीजें 'स्मूथली' चल रही हैं। उन्होंने बिना किसी का नाम लिए लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान पर तंज कसते हुए कहा कि दिक्कतें तो उधर हैं, जहां एक परिवार दो पार्टियों में बंट गया है। पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए तेजस्वी ने कहा कि इंडिया गठबंधन के लिए सीट शेयरिंग में कोई परेशानी नहीं है। बिहार में तो और कोई झंझट नहीं है। हम लोगों की सीट शेयरिंग अच्छे से हो जाएगी। उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा कि परेशानी तो उधर है। जो लोग उधर गए हैं यानी एनडीए में उनसे ना पूछिए एक परिवार में दो भाग कर दिया गया है, दो पार्टियां बन गई।

इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर कोई दिक्कत नहीं है, सारी चीजें 'स्मूथली' चल रही, दिक्कतें तो उधर हैं, जहां एक परिवार दो पार्टियों में बंट गया :-तेजस्वी यादव

तेजस्वी यादव ने भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी के आपत्तिजनक बयान पर भी निशाना साधा और कटाक्ष करते हुए कहा कि यह कोई नई बात नहीं है, इन लोगों का काम ही वैसा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हमें पता है कि इन लोगों पर कोई कार्रवाई होने वाली नहीं है। भाजपा में जाइए, जो बोलना है बोलिए, कोई देखने वाला नहीं है।

भाकपा की केरल इकाई नहीं चाहती कि राहुल वायनाड से चुनाव लड़ें

तिरुवनंतपुरम, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की केरल इकाई कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से आगामी लोकसभा चुनाव में वायनाड से चुनाव नहीं लड़ने का अनुरोध कर सकती है। भाकपा की हाल ही में संपन्न राष्ट्रीय नेतृत्व की बैठक में इस आशय का निर्णय लिया गया। सूत्रों के अनुसार, अब इस निर्णय से आधिकारिक तौर पर कांग्रेस को अवगत कराया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, भाकपा चाहती है कि गांधी भाजपा उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ें। भाकपा का मानना है कि चूंकि वह कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' राजनीतिक मोर्चे की पूर्ण सहयोगी है, इसलिए सबसे पुरानी पार्टी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि गांधी वायनाड से चुनाव न लड़ें। भाकपा केरल में माकपा के नेतृत्व वाले वाम लोकतांत्रिक मोर्चे की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। वह वर्ष 2009 में इसके गठन के बाद से वायनाड सीट पर चुनाव लड़ती रही है। पिछले तीनों चुनावों में, कांग्रेस उम्मीदवार को आसानी से जीत मिली थी, खासकर 2019 में जब गांधी ने 4.31 लाख से अधिक वोटों के भारी अंतर से जीत दर्ज की थी। हालांकि भाकपा अपना निर्णय बताने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन कांग्रेस सूत्रों ने अनुरोध पर विचार किए जाने पर संदेह व्यक्त किया है। संयोग से केरल की 20 लोकसभा सीटों में से भाकपा चार पर चुनाव लड़ेगी। उसे 2019 के चुनावों में भारी हार का सामना करना पड़ा था, जब कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने 19 सीटें जीती थीं। उनकी हार का एक कारण गांधी का वायनाड से चुनाव लड़ने का निर्णय लेना था।

कार्यक्रम की कवरेज करने से रोकने पर मीडियाकर्मी नाराज

भोपाल, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश कांग्रेस में खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जैसे जैसे विधानसभा चुनाव पास आ रहे हैं, कांग्रेस की तिलमिलाहट बढ़ती ही जा रही है। हाल ही में जिस प्रकार से मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मीडियाकर्मियों के साथ व्यवहार किया है, वह उनकी तिलमिलाहट को दर्शाता है। यह केवल एक बार की बात नहीं है, बल्कि हाल के दिनों में जिस प्रकार से कांग्रेस का ग्राफ नीचे जा रहा है और भाजपा के पक्ष में आम जनता अपने विचार प्रकट कर रही है, उसे लेकर कई कांग्रेसी परेशान हैं।

कमलनाथ ने सुरक्षा गार्ड के माध्यम से मीडियाकर्मियों को बाहर करवाया

मामला इंदौर का है, जहां पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने सीधे तौर पर मीडियाकर्मियों को बाहर करने का आदेश दे दिया। उन्होंने सुरक्षा गार्ड के माध्यम से मीडियाकर्मियों को बाहर करवाया है। मांग मातंग समाज के कार्यक्रम में आमंत्रण पर जब मीडियाकर्मी कवरेज करने पहुंचे तो यह घटना घटी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा मीडिया को बाहर करो। उन्होंने मंच से कहा कि मैं इनसे बात करने आया हूं। हटिए आप सब और तो और, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कह दिया कि मीडिया के रहने या जाने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ता है।

हद तो तब हो गई जब इस मामले को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बवेले ने एक ट्विट कर दिया। उन्होंने अपने ट्विट में लिखा, 'भाजपा के प्रवक्ता षडयंत्रपूर्वक इंदौर की घटना में माननीय कमलनाथ जी का नाम ले रहे हैं। जो वीडियो भाजपा चला रही है उसमें कमलनाथ जी की आवाज कहीं नहीं सुनाई दे रही। आए दिन पत्रकारों से बदसलूकी करने वाली भारतीय जनता पार्टी कितना भी षड्यंत्र कर ले, लेकिन पत्रकार भाई सच्चाई जानते हैं। पत्रकार साथियों का सम्मान कांग्रेस पार्टी ही करती है और करती रहेगी। एक बात से और सावधान रहने की आवश्यकता है कि भाजपा अपने एजेंट अलग-अलग रूप में कांग्रेस के कार्यक्रम में भेजती है और कार्यक्रम बिगाड़ने की कोशिश करती है।

आरक्षण *उत्तर प्रदेश में 9.1 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में से 3,04,638 महिलाएं*

यूपी में आरक्षित सीटों पर महिलाओं की तुलना में पुरुषों को ज्यादा फायदा

लखनऊ, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। यदि कोई ऐसा राज्य है, जहां महिलाओं के लिए आरक्षण के कारण उनकी तुलना में पुरुषों को अधिक लाभ हुआ है, तो वह उत्तर प्रदेश है। उत्तर प्रदेश में 9.1 लाख पंचायत प्रतिनिधियों में से 3`,4,638 महिलाएं हैं। फिर भी जमीनी स्तर की महिला नेताओं के ठोस और परिवर्तनकारी योगदान को दरकिनार कर दिया गया है।

एक ऐसे व्यक्ति की कहानी, जिसने महिलाओं के लिए सीट आरक्षित होने के बाद शादी करने और अपनी पत्नी को पंचायत चुनाव में खड़ा करने के लिए 2021 में ब्रह्मचर्य का व्रत तोड़ दिया, महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों पर अपना कब्जा बनाए रखने की पुरुषों की तीव्र इच्छा को दर्शाती है। उत्तर प्रदेश में पंचायत प्रमुख के रूप में चुनी जाने वाली महिलाओं के पतियों को 'प्रधान पति' के नाम से जाना जाता है। गांव में कई लोग स्वयं प्रधान की तुलना में प्रधान पति से अधिक परिचित हैं।

मध्य उत्तर प्रदेश की एक महिला प्रधान ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, 'मुझे आवंटित काम के बारे में कुछ भी नहीं पता है और यह मेरे पति हैं जो सारा काम करते हैं। मेरा काम सिर्फ इतना है कि जहां मेरे पति कहें, वहां अपना हस्ताक्षर कर दूं।' यह पूछे जाने पर कि क्या वह इस स्थिति में अपने अधिकार से वंचित महसूस नहीं करती हैं, उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता कि प्रशासन कैसे काम करता है और मैं किसी विवाद या परेशानी में नहीं पड़ना चाहती। इसलिए, यह बेहतर है कि मेरे पति हर चीज़ का ख्याल रखें।'

उनके चुनाव के दौरान, उनके पति की तस्वीर होर्डिंग्स पर उनकी तरह ही प्रमुखता से लगाई गई थी और वह चुनावी सभाओं को संबोधित करते थे। वह कबूल करती हैं, 'ऐसा इसलिए है क्योंकि कोई भी मुझे नहीं जानता है, हर कोई उन्हें जानता है और हमें उसके नाम के कारण वोट मिले हैं।' इस बीच सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि अगर महिलाएं खुद को मुखर करें तो वे पंचायतों में बदलाव ला सकती हैं।

पंचायतों के संस्थागत विकास के लिए एक सार्वजनिक अभियान, 'तीसरी सरकार' के संस्थापक चंद्र शेखर प्राण कहते हैं, 'पंचायत का नेतृत्व करने वाली महिलाएं वास्तव में गांव की स्थिति बदल सकती हैं। पंचायतों में महिलाएं शासी निकाय में मानवता जोड़ती हैं और भौतिक परिवर्तनों की बजाय सामाजिक और मानव विकास के मुद्दों पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं।'

पान कुंवर इसका जीता-जागता उदाहरण हैं। वह 2011 से 2021 तक लगातार दो बार उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के कबरई ब्लॉक में ममना ग्राम पंचायत की निर्वाचित पंच थी। वह अन्य महिला पंचायत सदस्यों को पानी और लड़कियों की शिक्षा तक पहुंच के संबंध में पंचायत बैठकों में मुद्दे उठाने के लिए लगातार प्रोत्साहित करती रही हैं। पान कुंवर ने पंचायत की बैठकों में सड़क का मुद्दा उठाया और अब गांव में एक जर्जर लेकिन पक्की सड़क है। उन्होंने कहा, 'मैं अन्य सदस्यों से कहती थी कि जब तक वे पानी और शिक्षा से जुड़े मुद्दे नहीं उठाएंगे, उनका समाधान कैसे होगा।' ममना गांव उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में स्थित है, जहां बार-बार सूखा पड़ता है। केंद्र सरकार के 'जल जीवन मिशन' के तहत गांव में पानी की पाइपलाइन बिछ गई, लेकिन नल नहीं लगे।

हाना

दूध अउ दुहनी दुनो गेय।
जिस बरतन में दूध निकाल के रखे जाथे तेन माटी के रथे ओ ह फूट जाथे त दूध ह घलो गिर जाथे अउ मटकी ह घलो फूट जाथे। दू चीज के नुकसान हो जाथे धन अउ वस्तु। त ये हाना ल केहे जाथे।

शब्द अरथ

1. चूरा- हाथ के कड़ा, चूड़ा
2. चूरी- हाथ के चूड़ी, कंगन
3. चुरुआ- एक हाथ की अंजलि,चुरुवा
4. चुरुक- खट्टा, थोड़ा सा
5. चुरुमुरु- हाथ-पैर को सिकोड़ने की क्रिया
6. चुर्रुकहा- अत्यधिक खट्टा
7. चुरई- पका हुआ
8. चुरैना- सोडा, राख-मिट्टी को गरम पानी में घोल डुबाया हुआ कपड़ा
9. चुरोना- पकाना
10. चुरोल- पकाया हुआ।

गणेश के दस दिन

गणेश चतुर्वेथी के दिन घर-घर गणेश रखे जाथे। एक बेर भगवान शिव से मिले बर परशुराम जी आइन। गणेशजी ह भगवान शिव ले मिले बर मना कर दिस। परशुरामजी ल गुस्सा आ गे अउ ओ मन अपन फरसा ले गणेश जी के एक दांत ल तोड़ दिस। तब ले भगवान गणेश एकदंत कहिलाथे।

पौराणिक कथा के अनुसार भगवान गणेश जी के जन्म भादों महीना के शुक्ल पक्ष के चतुर्थी के दिन होय रहिस हे। जेन ल गणेश चतुर्थी घलो कहिथें। माने जाथे के गणेश चतुर्थी के दिन ले ही महाभारत ल लिखे के काम शुरू होय रहिस हे। महर्षि वेदव्यास ह महाभारत के रचना करे रहिस हे। महर्षि वेदव्यास ह महाभारत के रचना करे बर भगवान गणेशजी ले लिखे के प्रार्थना करे रहिस हे। फेर गणेशजी ह ओखर आगू म ये शर्त रखिस के ओ ह लिखना शुरू करही त अपन कलम ल रोकय नहीं। साथ में भगवान गणेशजी ह कहिस के अगर ओखर कलम रुक गे त ओ ह उही मेर लिखना बंद कर दिही।

ऐखर बाद महर्षि वेदव्यास ह गणेश जी ले कहिस के - भगवान गणेशजी आप विद्वान मन म सब ले आगू हावव अउ मैं साधारण ऋषि आंव। यदि मोर ले कोनो श्लोक म कोनो प्रकार के गलती हो जाए त आप मन ओला ठीक करत हुए लिख देहू।

ओखर बाद महाभारत लेखन शुरू होइस। महाभारत लिखे के काम लगातार 10 दिन तक चलिस। अनंत चतुर्थी के दिन जब महाभारत लेखन के काम ल गणेश जी ह पूरा करिस त ओखर शरीर म धूल-मिट्टी जमगे रहिस हे। तब गणेशजी ह सरस्वती नदी म स्नान करके अपन शरीर के धूल-मिट्टी ल साफ करिस। इही कारण आये के गणपति ल दस दिन बर स्थापित करथें। फेर 10 दिन के बाद अनंत चतुर्दशी के दिन गणेशजी के मूर्ति के विसर्जन कर देथें।

अइसे माने जाथे के गणेश उत्सव के 10 दिन तक मन ल शांत रखना चाही। अइसे माने जाथे के जेन तरह से गणेश जी के मैल साफ होय रहिस हे वइसने हमर मन म लगे मैल के संग-संग नकारात्मक विचार ह घलो साफ हो जथे। अइसे माने जाथे के साफ मन ले श्रद्धा अउ विधि-विधान ले भगवान गणेश जी के पूजा करे ले जिनगी के सबो संकट ह दूर हो जथे। गणेश जी ह महाभारत ल अपन टूटे दांत ल कलम बना के लिखे रहिस हे। ओ जमाना म पेन तो रहिस नइये, कलम दवात रहिस हे।

घर-घर गणेश तो रखे जाथे फेर सार्वजनिक गणेश के साज-सज्जा देखे के लइक रहिथे। समसामयिक सजावट या फेर पौराणिक कथा ऊपर झांकी बनाये जाथे। अभी रायपुर म एक जगह चंद्रयान बने हावय। कोनो जगह राम-रावण हनुमान के दृश्य घलो रखे जाथे। गणेशजी के कई रूप देखे बर मिलथे।

दस दिन के बाद गणेश जी सरस्वती नदी म नहाये बर डूबे रहिस हे इही कारण ले दस दिन के बाद गणेश जी ल नदी-नरवा म डुबाये जाथे। फेर आजकल के केमिकल म रंगे मूर्ति ले हमर तरिया मन दूषित होवत हावय त मूर्ति ल नदी के बोहावत पानी म विसर्जित करे जाथे। प्लास्टर आफ पेरिस के मूर्ति मन तो जस के तस रहिथे तब छत्तीसगढ़ म अब कच्चा माटी के मूर्ति ही बनावत हावंय। अब इंहा माटी के मूर्ति ही रखे जाथे।

गणेशजी म दूबी जरुर चढ़ाये जाथे। ये दूबी बहुत दवाई के काम करथे। जब गणेश जी के पेट अउ शरीर गर्म हो जाथे तब ओमन ल दूबी ल पीस के ओखर रस निकाल के पियावत रहिन हें। इही कारण से दूबी चढ़ाये जाथे। अब तो नदिया-तरिया के जगह अधिकतर मन घर म बाल्टी या टब म विसर्जित करत हावंय अउ येखर माटी ल क्यारी या गमला म डाल देथें। पर्यावरण के सुरक्षा जरुरी हावय। सब झन घर म विसर्जन करव अउ पर्यावरण ल बचावव।

सुधा वर्मा

प्रथम पुण्यतिथि

गायकी संग नृत्य अऊ अभिनय म रहिन पारंगत : लता खापर्डे

22 सितंबर पहली पुण्यतिथि म नमन जोहार। सुश्री लता खापर्डे बेहतरीन गायकी संग नृत्य अऊ अभिनय म रहिन पारंगत, लगभग चार सौ गीत गा के होगिन अमर। राजनांदगांव जिला के भरकापारा म जन्मे प्रसिद्ध लोक गायिका लता खापर्डे दस बरस के रहिन तब ले गीत गावत रहिस। छप्पन बरस के कम आयु म सरग सिधार लिन, 22 सितंबर 2022 गुरूवार रथिया हृदयाघात होय ले निधन होगे, निवास गांव म अंतिम यात्रा के कार्यक्रम सम्पन्न होइस, जेमे राज्य के लोककला संस्कृति ले जुड़े लोगन मन शामिल होय रहिन। लता खापर्डे के गीत आकासवानी अउ दूरदर्सन म सरलग रिकार्ड अउ प्रसारन होय रहिस, गायकी के संग लोकनृत्य, नाटक, लोकमंच म बेहतरीन अभिनय करयं। आप गायकी जीवन म छत्तीसगढ़ी गीत संगीत के भीस्म पितामह खुमान साव ल गुरु माने ओकर मार्गदर्सन म आगु बढ़हिन। जिनगी के गाड़ी चल पड़िस। 80 के दसक ले लेके सन् 2022 तक जाने माने गायक कलाकार मन संग लगभग 400 गीत म अपन आवाज देके लता खापर्डे अमर होगे। बियस्त जिनगी होय के सेती बर बिहाव ले दूर रहिस। कभु बिहाव नई करीन तेकर पाय के आप ल सुश्री कहिके बुलाये जाथे।

संगीत कला यात्रा सुरूआत म चंदैनी गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद देसमुख के सान्निध्य में रहिके काम करिन, बाद म संगीत गुरु खुमान साव ले जुड़के गायन सैली ल सिखिन। मशहूर रंगकर्मी हबीब तनवीर के नया थियेटर ले बहुत समे तक जुड़े रहिन। इहा मंच म अभिनय के गुन सीखके नाटक के बड़े मंचन म अपन कला के प्रदर्सन करीन। सन् 2003 म गीतकार रामसरन वैश्नव संग मिलके छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था गोदना जिला नांदगांव के गठन करके स्वतंत्र रूप ले नवा मंच म गायकी सुरू करिन। गोदना संस्था म मुख्य गायिका के रूप म लता खापर्डे के नवा अध्याय शुरू होइस। ये बीच हबीब तनवीर के आसिस ले आमिर खान निर्मित सन् 2010 म बने हिन्दी फिल्म पीपली लाइव म भउजी के किरदार करे के मौका घलो मिलिस। येकर अलावा सन् 1999 म विनोद शुक्ला के उपन्यास ले बने मनी कौल निर्देसित हिन्दी फिल्म- नौकर की कमीज में भी काम करिन। रायपुर आकासवानी ले बी हाइग्रेड अऊ बिलासपुर से बिलासा दाई सम्मान से भी सम्मानित होय हव।

> **संगीत कला यात्रा सुरुआत म चंदैनी गोंदा के संस्थापक दाऊ रामचंद देसमुख के सान्निध्य में रहिके काम करिन, बाद म संगीत गुरु खुमान साव ले जुड़के गायन सैली ल सिखिन। मशहूर रंगकर्मी हबीब तनवीर के नया थियेटर ले बहुत समे तक जुड़े रहिन। इहा मंच म अभिनय के गुन सीखके नाटक के बड़े मंचन म अपन कला के प्रदर्सन करीन।**

सीनियर फेलोसिप - सन् 2011 म केन्द्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ी विवाह गीत में रिसर्च करे खातिर सीनियर फेलोसिप दिये गे रहिस। आप राज्य म विवाह गीत म नवा प्रयोग करके विवाह संस्कार रस्म ल जिन्दा रखे के जबर बुता करे हव। लता खापर्डे छत्तीसगढ़ अऊ आसपास के अन्य प्रदेस के संग सन् 2000 म जर्मनी, रूस, कनाडा, फ्रांस म पंद्रह दिन के विदेस यात्रा म रहिन, जिहां 'कामदेव का अपना बसंत ऋतु का सपना' जइसे बड़े नाटक के मंचन म अपन कला दिखाइन। लता खापर्डे के गाये प्रमुख गीत म लागे रहिथे दीवाना, जंगल-जंगल झाड़ी-झाड़ी, मया होगे रे, बंसी वाले ल कहि देबे..., रचे स्वयंवर जनकपुरी म..., बांस डोगरी जाबो..., तोला का गोदना, मारे नजरिया के बान..., मोर धनी गेहे परदेस..., बांस डोगरी जाबो, काला मया किथे, आ जबे हीरा मोर, मोर राजा कइसे रे माते- ये गीत मन आज भी लोगन के मन म बसे हे। देहांत के दू दिन पहली भी नवरात्रि पर्व बर जस गीत के रिकार्ड होय रहिस। लता खापर्डे के पहली पुण्यतिथि म सादर नमन जोहार।

देव हीरा लहरी, चंदखुरी फार्म, रायपुर

रामधुन

छत्तीसगढ़ के संस्कृति अउ कला ह अड़बड़ विस्तृत अउ सुघ्घर हे। छत्तीसगढ़ के लोक कला अउ संगीत के अड़बड़ अकन ले रूप देखेंब मिलथे, पंडवानी, रामायन, जसगीत, नाटक, पंथी नृत्य, भरथरी, बांसगीत, देवार गीत, करमा, सुवा, ददरिया सबो के अपन-अपन अलग-अलग विशेषता हे, अलग-अलग पहिचान हे। ए सबो विद्या मन ह संघर के हमर लोक कला अउ संस्कृति ल सुरुज देव के किरण सहीं जगजग ले उज्जर अउ प्रकाशवान बनाथे। इही सबो म एक विधा हमर छत्तीसगढ़ी लोककला म आथे, ए विधा हे रामधुनी जेला स्थानिय भाखा म रामछत्ता तको कहिथे। रामछत्ता के एकठन अलगे युनिक पहिचान हे। ओ हे कोई भी वाक्य के बाद, गाना म राम भगवान के नाम लिये जाथे। सुघ्घर नृत्य, संगीत, गायन, अउ झांकी के माध्यम ले सुघ्घर भगवान मन के लीला जइसे, तारकासुर वध, शिव पारवती बिहाव, बाली वध, सीता हरण, रावन वध, महाभारत के अड़बड़ अकन ले कहानी, सती सावित्री के कथा, मंदोदरी जनम, सीता जनम, महिसासुर वध, हिरन्यकश्यप वध, जईसे अड़बड़ अकन ले कथा सुनाए जाथे, दिखाए जाथे। एकर प्रसतुतिकरण ह जबर सुघ्घर अउ एकदम आकृष्ट रहिथे। तेकर सेती दर्षक दिरघा मन तको रामछत्ता ल एकदम एक्टक लगाके, सुघ्घर धियान लगाके कथा ल सुनथे, अउ देखथे।

अब रामछत्ता के दू ठोक रूप देखेंब मिलथे-1. झांकी वाला, 2. दूसर सादा वाला,3. नृत्य पक्छ वाला।

झांकी वाला में कथा ल सुग्घर सुने के संगे संग देखे के सुघ्घर आनंद मिलथे। कथा के सबो किरदार मन ल संऊहे आघू म देख के मन ह एकदम गदगद अउ प्रफुल्लित हो जाथे। एमा संगीत, गायन, अउ झांकी, नृत्य के सुघ्घर अनेक प्रकार के देखेबर मिलथे।

सादा वाला रामछत्ता म कथा के संगे संग केवल नृत्य रहिथे। ये विधा म रामधुनी पार्टी मन नृत्य म जबर मेहनत करथे अउ अपन प्रस्तुति देथे। नृत्य मन अतेक सुघ्घर रहिथे कि दर्शक मन ह काहथे रहिथे कि कतेक देर गाना चालू होही अउ इंकर मन के नाचा चालू होही कहिके।

रामछत्ता म गायक के अड़बड़ महत्वपूरण रोल रहिथे, काबर उही हे जोन ह सुघ्घर कथा ल लयबद्ध बताथे, संग म गायन तको करथे। इही गायक ऊपर सबो दारोमदार रहिथे। कथा चालू करे के पहिली सुघ्घर पहिली भगवान गनेश के सुमिरण करथे, ओकर बाद मां स्वरस्वती, मां दुर्गा काली के, अउ मां भारती दाई के सुघ्घर सुमिरण करथे आरती करथे, तेकर बाद ही कोनो भी कथा कहानी के शुरुवात करे जाथे।

रामछत्ता के आयोजन कराये के एकेच ठन उद्देश्य रहिथे सबो गांव वाला मन एक जगा जोरियाय अउ भगवान भक्ति म लीन हो जाये कहिके, जतेक दिन भी ए कार्यक्रम ह चलथे ओतेक दिन गांव म भक्ति के भव सागर म डूब जाये रहिथे।

गनेश्वर पटेल

जंगल मा गणेशोत्सव

दू महीना पहिली के बात आए। गप्पू गिधवा अउ बंटी बेंदरा म बिकट के लड़ई होगे रहिस। बात ह जादा बड़े नोहे फेर काय कर बे कभू-कभू पक्का मति ह हरा जथे ।नानपन के दुनों झन पक्का संगवारी राहय । दुनों झन संघरा रुख राई म कूदत नाचत राहय । फेर एक दिन दुनों नदी नहाए बर गिस, नदी तीर बिछ्छल म बेंदरा के पांव काई म परिस त वोहा बिछल के भदाक ले गिरगे । गिधवा हा मुंह फार के हांसे बर धर लीस । गप्पू गिधवा ह उड़ उड़ के सबो जानवर मन ल बताइस । सबोझन बंटी बेंदरा ल देख देख के भारी खिल्ली उड़ाईस । बंटी बेंदरा ह खिसियागे धीरे-धीरे बंटी बेंदरा ह गप्पू गिधवा ल अपन दुश्मन समझे बर धर लीस। दुनों के अनबोलना होगे ।बंटी अउ गप्पू के ददा मन घलो बड़ समझाइश फेर दुनों लइका मन मुंह फूलोय रहीस अउ नई गोठियइस । एक दूसरे ल देख के मुंह ल अइठे । कतकों जन जलनखोट्टा मन एक दूसर के कान ल फूंके बर धर लिस। धीरे-धीरे जंगल के चिरई चिरगुन मन एकजुट होगे अउ जानवर के लइका मन के दूसर गुट बनगे। आये दिन वो मन एक दूसर के खिल्ली उड़ाय तहां मरत ले झगरा होवय। रात-दिन के झगरा ले जंगल के सियान मन हलाकान होगे।

गणेश पाख के अकताहा एक दिन बंटी के ददा ह गप्पू गिधवा के ददा करा मिलिस अउ कहिथे-लइका मन के झगरा के मारे सब झन के नींद चैन हराम होगे हे। ए मन ल मिलाय बर काहीं उदीम करे बर लागही। तहां दुनों झन विचार करके ए साल जंगल म गणेश उत्सव मनाये के बात सोंचिस अउ जंगल के सबो सियान मन ले चुपचाप चरचा करिन। सबो ल बात ह जंचगे। ओ मन गणेश बइठारे के तियारी करे बर धर लीस। लइका मन सपटे-सपटे देखत राहयं। बंटी के मन ह चुलबुल-चुलबुल होवत राहय कि महूं ह कांही करतेंव। फेर सियान मन कोनो ला काहीं बर नई पूछे। गिधवा ह घलो रुख ऊपर ले टकटकी बांधे देखत राहय। महूं ह भगवान बर काहीं कुछु करतेंव कहिके ओकरो मन होवत राहय। गणेश बइठारे के बेरा सबो झन सकलाइन। बंटी बेंदरा अउ गप्पू गिधवा दुनों अपन-अपन मंडली संग आइस। पूजा के ठऊर म न फूल राहय न काहीं फल । आरती गाय बर कलुआ कउंवा ल बइठारे राहय। तब बंटी अपन ददा ला कहिथे- ददा मे ह तुरते जाके ताजा फूल अउ फर लानत हावव अउ गिधवा ह कहिथे- मैं ह मोर संगवारी केंवरा कोयली ल आरती गाए बर कहि देथंव अउ मंजू मंजूर ह नाच देखा दिही। त दोनों के ददा ह एक संघरा कहिस- गणेश भगवान ल लड़ई-झगड़ा पसंद नई हे। सब झन राजी-खुशी जुरिया के पूजा पाठ करथे, त भगवान खुश होथे अउ तुमन के तो अनबोलना हे। बंटी बेंदरा अउ गप्पू गिधवा मन के आंखी डबडबागे। ओमन कहिस- ले ददा हमन ल माफ कर देवा। अब हमन सब झन जुरिया के रहिबो अउ लड़ई झगरा नई करन। गप्पू और बंटी दुनों झन माफी मांगीस अउ एक दूसर करा गला मिलीस। बंटी झटकुन जाके फर- फूल लानीस अउ गप्पू ह केंवरा कोयली अउ मंजू मंजुर ला बला के लानिस। सबो झन मिलजुर के गणेश स्थापना करीच अउ कोइली ह आरती गाईस व मंजूर नाच के देखाइस। गप्पू ह सबो ल प्रसाद बांटिस। सब झन मिल के गणेश उत्सव मनाइस अउ अनबोलना लड़ई झगरा ल भुला के खुशी-खुशी दिन बिताए लागिस। जंगल म गणेश जी के आय ले सुख-शांति फेर आगे।

योगेश्वरी साहू
सहायक शिक्षक बलौदाबाजार

हाथी अउ कोलिहा

छत्तीसगढ़ी लोककथा

एक जंगल म एक ठन हाथी अउ एक ठन कोलिहा रहय। कोलिहा ह बहुत चतुरा अउ मतलबिहा रिहिस अउ हाथी बपरा ह निचट सिधवा। दुनो झन जंगल म अलग-अलग किंजरे अउ खाय-पिये। अलग -अलग ठउर म रहय। एक दिन दुनो झन के भेंट होगे। हाथी अउ कोलिहा ह एक-दूसर के रहे बसे के ठउर-ठिकाना पूछिन अउ मितान बद डारिन।

एक दिन के बात आय। कोलिहा किहिस- मितान अब तो ये मेर के सबो फल-फलहरी मन सिरागे हावे। थोड़किन जंगल भीतरी जाय ले ही भोजन-पानी के बेवस्था हो पाही तइसे लागथे। ये मेर जादा दिन ले रहिबो तब तो भूख-पियास म पराण छूट जही। हाथी ह कोलिहा संग दूरिहा जंगल म जाय बर राजी होगे।

बिहान दिन दुनो मितान किंजरत-किंजरत घनघोर जंगल म पहुंचगे। कोलिहा ह हाथी के पीठ म बइठे रहय अउ सब पेड़ मन के फल-फलहरी ला मनमाने झड़के। हाथी बपरा ह कहुं-कहुं मेर बड़े पेड़ मन के हरियर पत्ता ला खावत जाय। कोलिहा ला काय जियान पड़तिस, ओहा तो हाथी के पीठ म बइठे रहय फेर बिहिनया ले संझा तक रेंगत-रेंगत हाथी के जांगर थकगे। ओहा लस्त खागे फेर मितान के मया म कलेचुप रेंगत रिहिस।

जब चार-तेन्दू खावत-खावत कोलिहा ला पियास लागिस तब ओहा हाथी ला किहिस-मितान! पेट तो भरगे फेर अब तो मोला गजब पियास लागत हे। टोंटा ह सुखावत हे। मोर बर कांहचो ले पानी खोज तभे जीव ह बांचही।

अब हाथी ह चारो मुड़ा पानी खोजे लगिस फेर कोन्हो मेर पानी के बूंद नइ दिखिस। हाथी ला एक उपाय सूझिस, ओहा कोलिहा ला किहिस-तैंहा मोर पीठ ल छोड़ के सूड़ म बइठ जा। मैं ह सूड़ ला उप्पर कोती टांगहूं। तहन तैंहा दूरिहा-दूरिहा ल देखबे, हो सकथे कहूं मेर पानी दिख जाय। तोला दिखही तब महू ला बताबे। तहन उहां लेगहूं।

कोलिहा ह अइसनेच करिस फेर कहूं मेर पानी के बूंद नइ दिखिस। अब कोलिहा ह पानी बिना छटपटाय लगिस। हाथी किहिस- मितान! अब तो तोर जीव ह पियास म छूटी जही तइसे लागथे। तोर जीव बंचाय के अब एकेच उपाय हे। तैंहा मोर पेट भीतरी खुसर जा अउ मोर पेट मे जउन पानी भरे हे ओला पी के निकल जबे। शर्त बस इही हे कि तैंहा मोर पेट भीतरी के उप्पर डहर भर ल झन देखबे। कोलिहा हाथी के पेट भीतरी खुसरगे अउ सोसन भर पानी पिइस। पियास बुझाइस तहन हाथी के कहे बात ह सुरता अइस। ओहा सोचे लगिस कि मितान ह काबर मोला उप्पर कोती ल देखे बर मना करे हे? लालच म ओहा उप्पर डहर ल देख दिस। हाथी के पेट म ओखर लाल-लाल करेजा ह लफ-लफ करत रिहिस।

कोलिहा मांसखिया जीव तो आय। अड़बड़ दिन ले ओला मांस खाय बर घला नइ मिले रिहिस। हाथी के करेजा ला देख के ओखर जीव ह ललचागे। ओहा हाथी के करेजा ला खाय ला धरलिस। हाथी ह पेट पीरा म तड़फे लगिस फेर कोलिहा ल थोड़को दया नइ लागिस। पेट पीरा म हाथी के जीव छूटगे। ओहा उहीच मेर मरगे। ओखर मुंहू ह बंद होगे। अब कोलिहा ह हाथी के पेट भीतरी फंसगे। निकले ते निकले कइसे? कोलिहा ह हाथी के पेट भीतरी धंधा के हड़बड़ावत रहय।

ठउका उहीच बेरा म महादेव-पारवती मन ये धरती ल किंजरे बर आय रिहिन अउ उही रद्दा ले गुजरत रिहिन। ओमन मरे हाथी ल देख के ओखर तीर म आइन। हाथी के पेट भीतरी कोलिहा ह हड़बड़ावय तब हाथी के पेट ह हाले। महादेव-पारवती ला शंका होइस। ओमन सोचिन, ये मरे हाथी के पेट म कोन खुसरे हे?

महादेव ह ललकार के किहिस-ये मरहा हाथी के पेट भीतरी कोन जीव खुसरे हस रे? पेट भीतरी ले कोलिहा किहिस-ये हाथी के पेट भीतरी कोन खुसरे हे तउन ला पूछने वाल तैंहा कोन होथस?

महादेव किहिस- अरे! मैं संसार के सबले बड़े देवता महादेव अवं। अब तैं बता तैंहा कोन हरस? पहिली तो येला सुन के कोलिहा ह डर्रागे फेर आधा डर, आधा बल करके किहिस- मैंहा महादेव के बड़े भाई सहादेव अवं। तैंहा कोन्हो सिरतोन के महादेव होबे तब मनमाने पानी बरसा के देखा।

महादेव ह गुसियागे अउ मनमाने पानी गिरा दिस। पानी म भींग के मरहा हाथी के देहें ह फूलगे अउ ओखर मुहूं ह उलगे। मउका पाके कोलिहा ह उले मुंहूं कोती ले निकल के पल्ला भगिस। ओला पकड़हूं कहिके महादेव ओला गजब कुदाइस फेर अमराबेच नइ करिस।

महादेव ला अब कोलिहा ला पकड़े के जिद होगे। ओहा सोचिस, रहा ले ले रे कोलिहा! तैंहा मोर मारे पानी बुड़े नइ बांचस। मैंहा तो तोला पकड़ के हाथी के करेजा ला खा के मारे के सजा तो देबेच करहूं।

महादेव ह कोलिहा के निगरानी करे लगिस तब पता चलिस कि कोलिहा ह जंगल के देवता तरिया म रोज बिहिनिया पानी पिये बर आथे।

एक दिन महादेव ह उही तरिया के पानी भीतरी लुका के बइठे रिहिस। कोलिहा ह जब पानी पिये बर आइस अउ अपन गोड़ ला तरिया भीतरी डार के पानी पिये लगिस तब महादेव ह ओखर गोड़ ल चिमचिम ले धरलिस अउ किहिस-ले अब कइसे भागबे रे कोलिहा।

पहिली तो कोलिहा ह डर्राइस फेर चालाकी करत किहिस-या! महादेव ह मोर गोड़ के भोरहा म तरिया पार के पीपरी पेड़ के जड़ ला जमा के धरे हावे अउ मोर गोड़ ला धरे हवं कहिके खुश होवत हे। महादेव ह कोलिहा के बात ला सिरतोन पतिया के ओखर गोड़ ला छोड़ दिस अउ पीपरी पेड़ के जड़ ल जमा के धरलिस। गोड़ ह छूटिस तहन कोलिहा फेर उहां ले पल्ला भागिस। जब कोलिहा के चतुराई ह महादेव ला समझ म आइस तब ओहा फेर कोलिहा ला कुदाइस फेर ओला अमराबेच नइ करिस।

महादेव सोचिस, ये कोलिहा ह तो बड़ चतुरा हे। मुही ला बुद्धू बना के भाग जथे फेर येला पकड़ना जरूरी हे। अब तो मोर इज्जत के सवाल हे। एक दिन महादेव ह मनखे के भेष धरके उही रद्दा म मरे असन पड़े रिहिस जउन रद्दा म कोलिहा ह रोज किंजरे बर जावय। मरहा मनखे ल देख के कोलिहा ह जान डारिस कि ये तो महादेव आय अउ मोला पकड़े बर फेर चाल चले हे।

> **चतुरा कोलिहा के चतुराई ल सुन के महादेव घला दंग रहिगे। ओहा किहिस-तैंहा लालच करके इहां फंसे हस। तोला तो लालच के फल मिलबेच करही। मैंहा तो तोला छोड़ देवत हवं फेर तोला अब सदा दिन रतिहा ये संसार के पहरा देना पड़ही। रात भर म चार बेर हुंआ-हुंआ करके मनखे मन ल सावचेत करे बर पड़ही। पहिली संझाती हुंआ-हुंआ करबे। तहन सोवा पड़ती करबे ओखर बाद अधरतिहा करबे अउ फेर मुंधरहा करबे। ये काम मंजूर हे तब बोल, नहीं ते अउ पड़ही डंडा म।**

कोलिहा ह महादेव के तीर म जा के चिचियावत किहिस- ये दई! कोन बपरा ह रद्दा म मरगे हावे फेर मैंहा येखर मांस ला नइ खाववं। मोर ददा ह कहे हे कि जब तक मरहा मनखे ह जम्हाई नई लिही तब तक ओखर मांस ल खाय ले पाप पड़थे।

येला सुन के महादेव सोचिस, मैंहा कोन्हो नइ जम्हाहूं तब तो येहा मोर मांस ला खाय बर मोर तीर म नइ आवय अउ येहा तीर म नइ आही तब येला कइसे पकड़हूं? अइसे सोच के महादेव ह जम्हाई ले पारिस। महादेव ल जम्हावत देख के कोलिहा ह दूरिहा म भागगे अउ किहिस- महादेव! तैंहा तो अतका घला नइ जानस कि मरहा मनखे ह कोन्हो जम्हाही? मोला पकड़े बर तैंहा चाल चले हस? तोला तो मैंहा पहिलीच ले जान डारे रहेंव। तिही पाय के मैंहा चाल चले हव।

अतका कहिके कोलिहा ह फेर उहां ले पल्ला भागिस। महादेव फेर ठगागे। एक दिन महादेव फेर ओ कोलिहा ला पकड़े बर चाल चलिस। ओहा जंगल के डुमर पेड़ तीर जा के अड़बड़ अकन डुमर ला सकेल के ओखर ढेंरी बना लिस अउ उही डुमर ढेंरी के भीतरी म खुसर के कलेचुप बइठगे। जब कोलिहा ह डुमर खाय बर ओ मेर आइस तब ढेंरी ल देख सब समझगे। ओहा जान डारिस कि ये ढेंरी के भीतरी म महादेव ह लुका के बइठे हावे अउ मोला पकड़े के अगोरा करत हे।

कोलिहा ह फेर चाल चलिस अउ दूरिहा ले किहिस-कोन बिचारा गरीब ह डुमर ल एक ठउर म सकेल के गे हावे। पर के मिहनत के जिनिस ला खा के काबर फोकट काखरो सरापा-बखाना सुनना। ये ढेरी ले कोन्हो अपने-अपन ढुल के दू-चार ठन डुमर मन अलगा जही तब उही ला खा के अपन मन ला मढ़ा ले बो भैया। हम तो पर के कमई ला कभु खाय नइ हन तब आज खा के काबर पाप के भागी बनबो, नइ खावन ददा।

कोलिहा के गोठ ल सुन के डुमर ढेरी के भीतरी म लुकाय महादेव ह अपन अंगरी म कोचक के दू-चार ठन डुमर ला ढेंरी ले गिराहूं कहिके कोचक पारिस। सबो डुमर ह ढेंरी ले ढुलके बगरगे। कोलिहा ल महादेव ह दिखगे। कोलिहा फेर उहां ले जी-पराण दे के भागिस। महादेव ह ओला गजब कुदाइस फेर ओहा पकड़ म आबे नइ करिस।

कोलिहा के मारे महादेव के जीव ह हलाकान होगे रहय। अब महादेव ह ओला पकड़े बर एक ठन अउ उदिम सोचिस। ओहा लासा के एक झन डोकरी के मूर्ति बना दिस अउ ओखर हाथ म बरा-सोंहारी, बरी-बिजौरी, चिला-चौसेला, फरा-मुठिया धरा दिस अउ ओ मूर्ति ला उही तरिया पार म बइठार दिस जउन म कोलिहा ह पानी पिये बर आवय।

जब कोलिहा ह पानी पिये बर आइस अउ रंग-रंग के खाय-पिये के जिनिस धरके डोकरी ला तरिया पार म बइठे देखिस तब ओखर मन ललचागे। ओहा डोकरी के तीर मे जाके किहिस- आज काय तिहार आय ममा दाई! अड़बड़ अकन रोटी-पीठा ला धरके ये तरिया पार म चुप्पे लुका के मुसुर-मुसुर एके झन झड़कत हस। तोर बरा सोहारी ला महूं ला देना ममा दाई।

अब लासा के बने डोकरी के मूर्ति ह काय गोठियातिस? कोलिहा तीन-चार बेर ले मांगिस फेर डोकरी ह हूं हां काहींच नइ करिस। कोलिहा ह भड़कगे अउ ओखर हाथ के रोटी ला झटक के भागहूं कहिके तीर म जा के रोटी ला झटके लगिस। कोलिहा ह डोकरी ल हाथ लगाइस तहन लासा म ओखर हाथ ह चटकगे।

कोलिहा ह अपन हाथ ल छोड़ाय बर डोकरी ल एक लात मारिस तब ओखर पांव घला चटकगे। अइसने-अइसने कोलिहा के दुनो हाथ अउ पांव ह लासा के बने डोकरी म चटकगे। ये सब ला दूरिहा म लुका के महादेव ह देखत रिहिस। ओहा कोलिहा के तीर म आके किहिस-आज मोर फांदा म फंसे हस रे कोलिहा! अब देख तोला कइसे मजा चखाहूं? गजब दिन ले मोला हलाकान करे हस। अब तो तोर ले सबे बदला ल लेहूं।

महादेव ह कोलिहा के घेंच ल कस के डोरी म बांध दिस अउ ओला तिरत-तिरत अपन घर लानिस। एक ठन कुरिया म बांध के ओला धांध दिस। अब महादेव रोज बिहिनया उठे अउ सबले पहिली ओ चतुरा कोलिहा ला दू-चार डंडा मारे। रोज महादेव के मार के मारे कोलिहा ह दंदरगे। मार के मारे ओखर देहें पांव ह फूलगे। ओहा उहां ले भागे के उदिम लगावय फेर कहीं उदिम नइ मिलत रिहिस।

एक दिन संझाती के बात आय। महादेव-पारवती मन ह किंजरे बर गे रिहिन। उही बेरा एक ठन दूसरा कोलिहा ह कोनजनी कहां ले घुमत-फिरत चतुरा कोलिहा के कुरिया मेर पहुंचगे अउ खिड़की कोती ले झांक के देखिस।

भीतरी म बंधाय अपन संगवारी ल देख के कहिस- कस सगा! तैंहा महादेव के घर म काय करत हस? तैंहा तो मार छिहिल-छिहिल दिखत हस। बने मोटा घलागे हस।

चतुरा कोलिहा ल अब उहां ले भागे के उपाय मिलगे। ओहा नवा कोलिहा ला किहिस-काय करबे सगा! इहां महादेव-पारवती ह मोला रोज बिहिनिया मनमाने मेवा-मिष्ठान खवाथे। रंग-रंग के खाय बर देथे। मोर खाय के मन नइ रहय तभो गजब जोजिया के खवाथे। मैंहा तो इहां के मेवा-मिष्ठान ला खा-खा के मर जहूं तइसे लागथे। मेवा-मिष्ठान खवई में मोर जी ह असकट लाग गे हावे।

चतुरा कोलिहा के बात ल सुनके नवा कोलिहा के जीव ललचागे। मुंह ले लार टपके लगिस। ओहा किहिस- तोर किसमत गजब ऊंचा हे भैया! तैंहा इहां खा-खा के मरत हस अउ मैहा लांघन-भूखन मरत हवं। मोरो मन मेवा- मिष्ठान खाय के होथे फेर मैंहा तो करमछंड़हा हवं। ले जावत हवं भैया, राम-राम।

चतुरा कोलिहा किहिस- अरे यार! तैंहा तो मोर सगा भाई अस। तोर पीरा मोर पीरा आय। एक काम कर। ये खिड़की डहर ले बुलक के मोर तीर आ अउ मोर घेंच के बंधना ला खोल दे। ये बंधना ला मैंहा तोर घेंच म बांध देथवं। हम दुनो के मुंहरन-गढ़न तो एकेच हावे। महादेव-पारवती मन ह चिन्हे तो सके नहीं। ओमन तोला, मोला आय कहिके गजब मेवा-मिष्ठान खवाही। खावत-खावत जब तोर जीव ह असकटा जही तब मोला बता देबे। मैंहा इहां आके फेर तोर जगा म बंधा जहूं।

लालच के मारे नवा कोलिहा ह चतुरा कोलिहा के जाल म फंसगे। ओहा खिड़की डहर ले बुलक के चतुरा कोलिहा मेर आइस अउ ओखर घेंच के बंधना ला खोल दिस। चतुरा कोलिहा ह अपना बंधना म नवा कोलिहा के घेंच ल बांध के मुस्कावत उहां ले छू लंबा होगे। चतुरा कोलिहा ह जंगल म भागत-भागत सोंचत रहय, महादेव के मार ले लटपट बांचे हवं ददा। अब ओ ललचहा कोलिहा ल मरन दे साले ल, मोला काय करना हे।

बिहान दिन महादेव ह धंधाय कोलिहा के कुरिया म आइस अउ नवा कोलिहा ल चतुरा कोलिहा समझके भदाभद डंडा म मारे लगिस। नवा कोलिहा ह मार म दंदरगे। ओहा हाथ जोड़ के किहिस-मोला मत मार ददा! मैंहा तोर घर के मेवा-मिष्ठान ह अइसने होथे कहिके जाने रहितेंव तब इंहा कभु नइ झपाय रहितेंव। मैंहा पहिली वाला कोलिहा नोहवं ददा। ओ लबरा ह लबारी मार के इहां मोला फंसाके भागगे हावे।

महादेव पूछिस-तब तैंहा कोन हरस अउ इहां चतुरा कोलिहा के फांदा म कइसे फंस गेस?

नवा कोलिहा ह रोवत-कलपत सब बात ला बने फोरिया के महादेव ला बतादिस। चतुरा कोलिहा के चतुराई ल सुन के महादेव घला दंग रहिगे। ओहा किहिस-तैंहा लालच करके इहां फंसे हस। तोला तो लालच के फल मिलबेच करही। मैंहा तो तोला छोड़ देवत हवं फेर तोला अब सदा दिन रतिहा ये संसार के पहरा देना पड़ही। रात भर म च

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
रविवार 24 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

टीचर: वैलेंटाइन का विरोधार्थी शब्द है क्या है ?
स्टूडेंट- क्वारंटाइन
टीचर- कैसे
स्टूडेंट - वैलेंटाइन में दो व्यक्ति चिपक कर बैठते हैं। और क्वारंटाइन में दूर-दूर।

बचपन से पचपन तक के लोगों ने साइकिल चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश

स्वच्छता ही सेवा और स्वच्छता लीग के तहत निगम का आयोजन, पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में महापौर ने दिलाया शपथ

पांच सौ से अधिक लोग हुए शामिल, साइकिल राइडर्स से सराबोर हुई सड़के

बिलासपुर, 23 सितंबर (देशबन्धु) । देश भर में चलाए जा रहे अभियान स्वच्छता लीग 2.0 के तहत बिलासपुर नगर पालिक निगम द्वारा स्वच्छता का संदेश देने साइकिल रैली स्वच्छत बिलासपुर निकाली गई। जिसमें शहर के सभी वर्गों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। महापौर रामशरण यादव ने विकास भवन से साइकिल रैली को स्वच्छ झंडा दिखाकर रवाना किया। इस दौरान महापौर रामशरण यादव और निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत भी साइकिल चलाकर रैली में शामिल हुए। पांच सौ अधिक लोगों ने इस अभियान से जुड़कर शहर को स्वच्छ रखने लोगों को प्रेरित किया।

देश भर में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा और इंडियन स्वच्छता लीग 2.0 के तहत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है,जिसका मुख्य थीम गार्बेज फ्री इंडिया है। इस अभियान के तहत नगर निगम बिलासपुर द्वारा अलग-अलग दिन स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जा रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें स्वच्छता के कार्य में जोड़ना है। साइकिल रैली को लेकर शहरवासी काफी उत्साहित थे,सुबह छः बजे से ही लोग विकास भवन पहुंचने लगे थे। सुबह सात बजे से शुरू हुए आयोजन में रैली के पूर्व प्रतिभागियों को टी शर्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित शहर के प्रथम नागरिक महापौर रामशरण यादव,निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत एवं एमआईसी सदस्य राजेश शुक्ला द्वारा झंडी दिखाकर साइकिल रैली की शुरुआत की गई। साइकिल रैली शहर के मुख्य मार्गों विकास भवन नेहरू चौक,देवकीनंदन चौक,सदर बाजार,गोल बाजार होते हुए पंडित लाल बहादुर शास्त्री स्कूल में समाप्त हुई। जहां बड़ी संख्या में आमजन,सामाजिक संगठन,ब्रांड एंबेसडर,राइडर्स को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। जिसमें लोगों ने अपने एवं अपने आस-पास साफ सफाई रखने तथा शहर को स्वच्छ रखने में अपने योगदान का शपथ लिया।

कार्यक्रम में महापौर रामशरण यादव, निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत एमाईसी सदस्य अजय यादव, राजेश शुक्ला,अपर आयुक्त राकेश जायसवाल,उपायुक्त सती यादव,स्वास्थ्य अधिकारी अनुपम तिवारी,जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा, प्रवेश कश्यप,इंजीनियर सोमशेखर विश्वकर्मा, मनीष यादव श्रीकांत नायर,एसके मानिक उपस्थित रहें। बचपन से पचपन तक सभी ने लिया हिस्सा निगम द्वारा आयोजित स्वच्छतम बिलासपुर में शहर के सभी वर्गों ने हिस्सा लिया.आयोजित साइकिल रैली में दस साल के कबीर बरसानिया से लेकर सत्तर साल के हरविंदर सिंह तक ने साइकिल चलाया।

स्वच्छता में सबका साथ ज़रूरी-महापौर

महापौर रामशरण यादव ने कहा की स्वच्छता का कार्य तब तक अधूरा है,जब तक इसमें आमजन की सहभागिता ना हों,किसी एक के करने से ये कभी पूरा नहीं हो सकता,इसमें सबका साथ ज़रूरी है। शहर स्वच्छ रहेगा तभी हम सब स्वस्थ्य रहेंगे,हम सब मिलकर अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे।

युवाओं की भूमिका अहम-कमिश्नर

निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने कहा की किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य या परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। स्वच्छता में भी युवा आगे आएं और समाज में स्वच्छता को लेकर जागरूकता लाएं। इसलिए इस बार के स्वच्छता अभियान की थीम भी यूथ वर्सेज गार्बेज है और इसमें जीत युवाओं की ही होगी।

सूनसान घरों में चोरी करने वाला शातिर चोर पकड़ाया

चोरी के माल बेचते पकड़ाया आरोपी

बिलासपुर , 23 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) द्वारा पूर्व में थाना प्रभारियों की मीटिंग लेकर जिले में हो रही लगातार चोरियों पर अंकूश लगाने एवं अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में क्षेत्र में हो रहे चोरी के रोकथाम तथा आरोपियों के धरपकड़ हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं सी.एस.पी. (सरकंडा) श्रीमति पूजा कुमार के मार्ग दर्शन एवं थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता के निर्देशन में थाना सरकण्डा से एक टीम तैयार कर पतासाजी हेतु लगाया गया है, कि दिनांक 22.09.2023 को प्रार्थिया महेश्वरी केंवट निवासी लगरा द्वारा अपने मकान से आरबिट कंपनी का एलईडी टीव्ही एवं सोने चांदी के गहने जुमला कीमती 15000/- रू. को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज करायी । इसी प्रकार दिनांक 22.09.2023 को ही प्रार्थी हरिओम प्रसाद यादव निवासी लगरा द्वारा अपने घर से रेड-मी कंपनी का मोबाईल कीमती 10000/- रू. को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया जिस पर क्रमशः अप.क्र. 1280 / 23 एवं 1281 / 23 धारा 457, 380 भादवि दर्ज आरोपी पतासाजी विवेचना में लिया गया। टीम द्वारा पतासाजी दौरान आज मुखबीर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति एलईडी टीव्ही और मोबाईल बिक्री करने मोपका चौक के पास ग्राहक तलाश करते खड़ा हुआ उक्त सूचना उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये मुबखीर के बताये हुलिये के आधार पर संदेही नानू उर्फ ओमप्रकाश सूर्यवंशी को एलईडी टीव्ही एवं रेडमी मोबाईल के साथ पकड़ा गया। जिससे मशरूका के संबंध में पूछताछ करने पर ग्राम लगरा के दो अलग-अलग सुनसान मकानो में चोरी करना बताया, जो उक्त अपराध का मशरूका होना पाये जाने से आरोपी ओम प्रकाश सूर्यवंशी पिता स्व. पंचराम सूर्यवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी शिव मंदिर के पास तोरवा को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया है ।

सार-संक्षेप

नपा बिल्हा में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत बिल्हा में स्वच्छता ही सेवा के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगरीय निकाय के समस्त सफाई कर्मचारियों का टीकाकरण स्वास्थ्य जांच , केंद्रीय राज्य के योजनाओ के लाभ दिलवाने हेतु<ह्श्ठ्ठद्ग> आवेदन लिया गया। साथ ही स्वच्छता दीदीयो को पीपीई किट का प्रदान किया गया ताकि ये सुरक्षित ढंग से अपना काम कर सके । कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष जमा बाई धनवाराम कोसले सभापति रवि शर्मा पार्षद रज्जू दरिया प्रीतम बंदे एल्डरमैन राजकुमार राव आदि समस्त जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत ने बताया कि भारत शासन एवं राज्य शासन के निर्देश अनुसार स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अंकित दुबे पीआईयू सारिका एपीएम और स्वच्छता प्रभारी हिमांशु यादव ने अपनी भूमिका निभाई।

आरपीएफ ने 19 टिकट दलाल को पकड़ा

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर द्वारा त्योहारों के सीजन को ध्यान में देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा 20 सितम्बर से 22 सितम्बर तक तीन दिनो का अवैध टिकट दलालों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया है । इस अभियान के दौरान कुल 19 टिकट दलालों को गिरफ्तार कर रेलवे अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है । यह कार्यवाही बिलासपुर रायपुर एवं नागपुर मण्डलों में एक साथ किया गया और अवैध टिकट दलालों पर शिकंजा कसते हुए कार्यवाही की गई है । यह कार्यवाही बिलासपुर, चाँपा, रायगढ़ ब्रजराजनगर, अनुपपुर, शहडोल, पेन्ड्रारोड, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर एवं छिंदवाड़ा में एक साथ किया गया । तीन दिनों की इस कार्यवाही में कुल 19 मामले दर्ज किए गए । जिसमें 25 अलग अलग पर्सनल यूजर आई डी पर कुल 425 टिकटें बनाया गया, जिसका मूल्य 5,40,887.77 रूपये को जप्त किया गया है । जिसमें 56,436.27 रूपये के भविष्य के यात्रा टिकट भी शामिल है । यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

विद्यार्थियों ने लिया पोस्टकार्ड लेखन प्रतियोगिता में भाग

मतदान में भागीदारी करने छात्रों ने लिखे अपने पालकों को पत्र

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। जिले में होने वाले आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा विविध गतिविधियों को आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए पोस्टकार्ड एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने पालकों को मतदान में अपनी भागीदारी देने एवं शत प्रतिशत मतदान में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पत्र लिखा गया एवं पालकों से मताधिकार का उपयोग करने का शपथ पत्र लेकर जमा किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला चांटाडीह, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सेंवार, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला रतनपुर, कोटा ब्लॉक के मिट्ठू नवागांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौहरौदा सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राएं प्रतियोगिता में शामिल हुए। इसका विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से भी हेशटेग करके प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम की समय-सारिणी अनुसार सभी विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित किया जा रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीनों रेल मण्डलों पर हर पटरी साफ-सुथरी कैम्पेन का विशेष अभियान

विभिन्न रेल खंडों पर ट्रेकों व क्षेत्रों को चिन्हित कर पटरी - साफ सुथरी अभियान की व्यापक शुरुआत की जाएगी

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाडियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है । रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उदघोषणा के माध्यम से यात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरुक भी किया जाता है । इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध निरंतर किया जाता है ।

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 16 सितंबर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत तीनों रेल मंडलो में साफ-सफाई एवं स्वच्छता से संबन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है । इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़ा के आगे भी इस अभियान को गति और ऊर्जा देने तथा साफ-सफाई एवं स्वच्छता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से अक्टूबर माह में हर पटरी-साफ सुथरी विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है । इस अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए रेल मंडलों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। रेलवे स्टेशनों और उसके आसपास के क्षेत्रों में जहां शहर की परिधियां शुरू होती है वहां ट्रेकों के इर्द गिर्द काफी गंदगी रहती है । साथ ही इन क्षेत्रों में खुले में नित्यक्रिया भी संपादित की जाती है, जो कि रेलवे के लिए एक चिंता का विषय है । स्वच्छता के मकसद से हर पटरी-साफ सुथरी अभियान के तहत विभिन्न रेल खंडों पर ट्रेकों व क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां हर पटरी-साफ सुथरी अभियान की व्यापक शुरुआत की जाएगी । इस दौरान रेल व आम नागरिकों को रेल क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने के उपाय किए जाएंगे । रेल पटरियों के आसपास कचरा और खाद्य वस्तुएं फेकने से जानवर पटरियों के इर्द-गिर्द घूमते रहते हैं, जिससे वह ट्रेन की चपेट में आ जाते है । इस अभियान के दौरान रेल यात्रियों को इस संबंध में विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा कि वे रेलवे स्टेशनों के साथ साथ रेल पटरियों को भी स्वच्छ रखने में रेलवे की मदद करें । हर पटरी-साफ सुथरीअभियान के तहत रेलवे, राज्य सरकार और उसके स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं व विभिन्न युवा संघों को भी अभियान को व्यापक रूप से चलाने के लिए अपने साथ जोड़ेगा । रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं । स्टेशन का वातावरण स्वच्छ, सुंदर रखने में रेल प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों में सहभागी बनें, विशेषकर रेल पटरियां स्वच्छ बनाने में रेलवे की मदद कर मूक जानवरों की रक्षा करने के रेलवे के प्रयासों को भी संबल प्रदान करें ।

वनबंधु एवं नगरबंधु भाई-भाई की तरह- प्रो. नीलांबरी दवे

जनजातीय अध्ययन एवं अनुसंधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत समावेशी शिक्षा विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) एवं अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय अध्ययन एवं अनुसंधान राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत समावेशी शिक्षा विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन जैव प्रौद्योगिकी विभाग के स्मार्ट क्लास रूम में आज सुबह 10 बजे किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे रहीं। विशिष्ट अतिथि प्रो. रामदास जी अटराम, कुलपति डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय इंदौर (म.प्र.), संदीप कविश्वर, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आचार्य प्रो. अमित सक्सेना ने की।

कार्यशाला के उद्घाटन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि भारतीय संस्कृति और जीवन का मूल आधार हमारे वनबंधु हैं। जनजातीय समाज के साथ हमारा संबंध वनबंधु एवं नगरबंधु की तरह भाई-भाई का है। हमें प्रधानमंत्री के लैब से लैंड तथा लैंड से लैब के विचार को समावेशित करते हुए वनबंधुओं के ज्ञान, परंपरा एवं कौशल को हमें जानने एवं सीखने की आवश्यकता है। यह कार्यशाला वनवासियों के विभिन्न आयामों को समझने, सीखने एवं अध्ययन के लिए उपयुक्त मंच है। इसके माध्यम से प्राप्त होने वाले परिणामों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है।

संदीप कविश्वर, राष्ट्रीय सह-संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम ने कहा कि जनजातीय जागरुकता में हमें जनजातीय परंपराओं, रहन-सहन एवं आचार-विचार का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने विचार में परिवर्तन करते हुए जनजातीय समाज को वरीयता क्रम में प्राथमिकता देनी चाहिए।विशिष्ट अतिथि प्रो. रामदास जी अटराम, कुलपति डॉ. बी.आर. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय इंदौर (म.प्र.) ने इस बात पर बल दिया कि जनजातीय समाज का अध्ययन उनके बीच के लोगों के द्वारा ही किया जाना चाहिए जिससे तथ्यों प्रामाणिकता हो। पाठ्यक्रम का निर्धारण इस प्रकार किया जाना चाहिए जिससे अध्ययनकर्ताओं को उनके विषय में सटीक तथा तथ्यात्मक जानकारियां उपलब्ध हो सकें। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर मां सरस्वती एवं संत गुरु घासीदास बाबा के चित्र पर माल्यार्पण किया। साथ ही नन्हें पौधे से अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यशाला के संयोजक प्रो. मुकेश सिंह ने स्वागत उद्बोधन किया। प्रो. विवेक कुमार आईआईटी दिल्ली ने कार्यशाला की विषयवस्तु एवं रूपरेखा प्रस्तुत की। अन्य मंचस्थ अतिथियों में प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी, कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर तथा गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव शामिल थे। मंचस्थ अतिथियों का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यशाला के संयोजक प्रो. मुकेश सिंह, प्रो. प्रवीन कुमार मिश्रा तथा प्रो. जगदीश कुमार हैं। अंत में धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने तथा संचालन डॉ. गरिमा तिवारी वानिकी विभाग ने किया। कार्यक्रम में 150 से ज्यादा प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया। कार्यशाला में विभिन्न विद्यापीठों के अधिष्ठातागण, विभागाध्यक्षगण, शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शादी का झांसा देकर दैहिक दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर , 23 सिंतबर (देशबन्धु)। सरकंडा पुलिस ने बताया कि प्रार्थीया ने थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसकी जान पहचान करीब 2 वर्ष पूर्व आरोपी हरिश सेन से हुआ था । जो आपस में मोबाईल से बातचीत करते थे, आरोपी ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर दिनांक 18.12.2020 को अपने घर अशोक नगर ले जाकर पत्नी बनाने की बात कहते हुये जबरन शारीरिक संबंध बनाया। तथा बीच-बीच में अपने घर बुलाकर शारीरिक संबंध बनाता था, शादी करने के लिए कहने पर टालमटोल कर शादी करने से इन्कार कर रहा है, प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक जे.पी. गुप्ता के निर्देशन में टीम तैयार कर आरोपी की पतासाजी किया गया किन्तु आरोपी अपने सकुनत से फरार हो गया था, जिसके संबंध में पतासाजी किया जा रहा था कि टीम को मुखबीर से सुचना मिली की आरोपी लोरमी जिला मुंगेली में छिपा हुआ है, उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को लोरमी से गिरफ्तार किया गया।

हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा

डांडिया मैदान में चाकू व बेल्चा से मार कर किया था हत्या

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। दशहरा की पूर्व रात्रि डांडिया मैदान में एकराय होकर एक युवक की चाकू और बेल्चा से मारकर हत्या कर देने के मामले में न्यायालय ने दोषसिद्ध होने पर आरोपियों को उम्रकैद की सजा से दंडित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बालकोनगर थाना अंतर्गत सेक्टर-3 के डांडिया मैदान में 4 अक्टूबर की रात करीब 11.30 बजे बालको निवासी अमित किरण की हत्या कर दी गई थी। डांडिया मैदान में मौजूद अमित किरण पर आरोपीगण नागेश उर्फ पप्पू, सतीश दास महंत, रजनीश उर्फ बाबी चौहान, जितेन्द्र दास महंत व अन्य साथियों के द्वारा चाकू एवं बेल्चा से मारपीट कर हमला कर हत्या को अंजाम दिया गया था। प्रकरण में बालको पुलिस ने अपराध क्रमांक 581/2022 धारा 147, 148, 149, 302, 307 तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। मामला विचारण हेतु अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) पीठासीन अधिकारी श्रीमती ज्योति अग्रवाल के न्यायालय में पेश किया गया था। विचारण के दौरान अभियोजन ने आरोपीगणों के विरूद्ध मामला प्रमाणित करने में सफलता हासिल की। परिणाम स्वरूप न्यायालय द्वारा आरोपियों को दोषी पाते हुए विभिन्न धाराओं में सजा से दंडित किया गया।

नागेश उर्फ पप्पू महंत व सतीश महंत को धारा 149 में एक वर्ष कारावास व 500 रुपए अर्थदण्ड, 25, 27 आर्म्स एक्ट में 3 माह सश्रम कारावास तथा धारा 302 में सभी आरोपियों को आजीवन कारावास एवं 2-2 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया गया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक रामकुमार मौर्य के द्वारा पैरवी की गई।

इस वजह से हुई थी घटना, डांडिया स्थल से 100 मीटर दूर की थी हत्या

जिस वक्त यह घटना हुई उस दौरान मैदान में गरबा-डांडिया हो रहा था और उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र थे। इस दौरान आरोपियों में से किसी एक का हाथ युवती से टच हो गया और इसी बात को लेकर युवती के परिचित युवक के साथियों तथा आरोपियों के बीच मारपीट हुई। इसके बाद जब अमित किरण आयोजन स्थल से करीब 1 मीटर दूर अपने घर की ओर जा रहा था तब उक्त आरोपियों ने अमित किरण के दोस्त के साथ हुए विवाद का बदला चुकाते हुए चाकू व बेल्चा से मारपीट कर चोट पहुंचाया। मृतक अमित किरण क्षेत्र के पार्षद सरवन किरण का भतीजा था। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व शोक व्याप्त हो गया। उस दौरान बालको थाना में निरीक्षक विजय चेलक पदस्थ थे। उनके द्वारा घटना की जानकारी होने के तत्काल बाद टीम लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। ग्राम बेला निवासी आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण में मजबूत विवेचना की गई जिसके कारण आरोपियों पर दोष सिद्ध हुआ और उन्हें कठोर दण्ड दिया जा सका।

अपर कलेक्टर ने किया गिरदावरी कार्य का निरीक्षण

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग और डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे ने शनिवार को ग्राम बिंझरा बरतराई तहसील पोड़ी-उपरोड़ा ग्राम जेंजरा तहसील कटघोरा, ग्राम बेंदरकोना तहसील भैंसमा के गाँव में जाकर खेतों में गिरदावरी कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने गिरदावरी कार्य को समय सीमा अनुसार 30 सितंबर तक पूर्ण करने निर्देशित किया।

सतनामी समाज बाहुल्य ब्लाकों में मॉडल जैतखाम स्थापित होंगे

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप सतनामी समाज बाहुल्य वाले विकासखंडों में माडर्न जैतखाम की स्थापना की जाएगी। इसके लिए डिजाइन एवं प्राक्कलन प्रत्येक जैतखाम हेतु लगभग 25 लाख रुपए की राशि तैयार की गई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के संबंध में शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव पूलक भट्टाचार्य के द्वारा कोरबा जिला सहित समस्त कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा गया है कि अपने जिले में सतनामी बाहुल्य विकासखंडों का चयन कर जैतखाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हित कर लिया जाए। इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से मानक मानचित्र एवं प्राक्लन के अनुरूप मॉडल जैतखाम का निर्माण कराना सुनिश्चित करने निर्देशित किया गया है।

सार-संक्षेप

विद्युत सुधार करते ठेका कर्मी को चक्कर आया, गिरकर मौत

कोरबा-मोरगा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। बिना किसी सुरक्षा संसाधनों के विद्युत खंभे पर चढ़ाकर सुधार कार्य कराए जाने के दौरान ठेका कर्मी चक्कर खाकर गिर पड़ा और मौत हो गई। घटना से जहां सहकर्मियों में शोक और रोष है, वहीं इस तरह के होने वाले हादसों ने विद्युत ठेका कर्मियों से सुरक्षात्मक तरीके से काम नहीं लेने पर सवाल उठा दिए हैं।

यह मामला पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक के कोरबी विद्युत वितरण केंद्र का है। मृतक मोहन पाल मोरगा का निवासी था। जानकारी के अनुसार हादसे के समय मोहन पाल खम्भे पर चढ़कर सुधार संबंधी काम कर रहा था। इसी दौरान उसे चक्कर आया और पैर फिसलने से जमीन पर गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल मोहन पाल को तत्काल पोंड़ी उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उसे कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिफर किया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मोहन पाल विभाग में प्राइवेट कर्मचारी के रूप में कार्यरत था और सुरक्षा संसाधनों की कमी का शिकार हो गया। इधर सहायक यंत्री दिनेश कुमार का कहना है कि मोहन पाल के साथ हुए हादसे की वहज चक्कर आना बताया जा रहा है। इसकी जानकारी लेकर त्वरित जांच कराई जाएगी व उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में विभाग की तरफ से सहयोग राशि उसके परिजनों को दी जाएगी।

बैडमिंटन, सामान्य ज्ञान, रस्सी कूद प्रतियोगिता आयोजित

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। महाराज अग्रसेन जयंती के अवसर पर दूसरे दिन श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय व श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में जयंती समारोह प्रतियोगिताओं का अयोजन किया गया। अग्रवाल नवयुवक मंच के द्वारा बैडमिंटन (युगल) का आयोजन महाविद्यालय में हुआ जिसमें 8 टीमों ने हिस्सा लिया। अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता किया गया जिसमें 36 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। रस्सी कूद स्पर्धा में 20 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। अग्रवाल सभा के मीडिया प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि 24 सितंबर रविवार को अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट वर्ग में 14 से 20 वर्ष बालिकाओं और महिलाओं के लिए श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, अग्रवाल नवयुवक मंच द्वारा कुर्सी दौड़ सुबह 10 बजे आयोजित है। वर्ग अ कक्षा 4 तक के बालक एवं बालिका के लिए, वर्ग ब कक्षा 5वीं से 8वीं तक के बालक एवं बालिका के लिए एवं बैडमिटन (युगल) बालको एवं पुरूषों के लिए दोपहर 3 बजे आयोजित की जायेगी।

प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में होता है सृजनात्मक क्षमता का विकास

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। प्रतियोगिताओं द्वारा विद्यार्थियों में सृजनात्मक व स्वयं को प्रकट करने का गुण विकसित होता है। विद्यार्थियों के इसी गुण को विकसित करने के लिए बाल विहार स्कूल पम्प हाऊस में ओजोन दिवस के अवसर पर वर्किंग वूमन यूनिटी की अध्यक्ष श्रीमती मालती जोशी के निर्देशन में विद्यालय में चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के ओजोन परत क्षय से संबंधित चित्र बनाया एवं निबंध लिखा।

कार्यक्रम में वर्किंग वूमन यूनिटी की अध्यक्ष श्रीमती जोशी सहित श्रीमती रश्मि उर्सेट, विभा कुरनाल, श्रीमती दीपमाला तथा प्राचार्य केएल विनित कुमार, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। श्रीमती दीपमाला के द्वारा सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को पूछकर सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। महिला मंडल के सदस्यों ने ओजोन के महत्व पर जानकारी दी एवं प्लास्टिक व प्रदूषण के प्रति जागरूक किया।

छुरीकला व बरपाली में 2 नए स्वामी आत्मानंद विद्यालय का होगा संचालन

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा की गुणवत्ता में बढ़ोत्तरी करने एवं कमजोर, पिछड़े परिवार के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रदेश में स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा क्षेत्रवासियों की मांग पर सतत रूप से नए स्वामी आत्मानंद विद्यालय प्रारंभ करने एवं आवश्यकता अनुसार शासकीय विद्यालयों के उच्च विद्यालयों में उन्नयन की घोषणा भी की जाती रही है।

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री द्वारा कोरबा जिले में अपने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान जिलेवासियों की मांग पर दूरस्थ क्षेत्रों छुरीकला एवं बरपाली (जिल्गा) में नए स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रारंभ करने की घोषणा की गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी

■ जिले के 4 हाई स्कूल का हायर सेकंडरी विद्यालय में होगा उन्नयन

ने बताया कि घोषणा के परिपालन में छुरीकला एवं बरपाली (जिल्गा) में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय संचालित करने का आदेश जारी हो गया है। उन्होंने बताया की राज्य शासन से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरीकला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरपाली (जिल्गा) को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के रूप में संचालित करने की अनुमति प्रदान की गई है। दोनों विद्यालयों मे हिन्दी माध्यम के साथ-साथ अंग्रेजी माध्यम की भी पढ़ाई होगी। उक्त विद्यालयों के संचालन हेतु शीघ्र ही व्याख्याता सहित अन्य पदों पर संविदा/प्रतिनियुक्ति के आधार पर भर्ती किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा जिले के 4 हाई स्कूल विद्यालयों का हायर सेकंडरी स्कूल के रूप में उन्नयन का भी स्वीकृति प्रदान किया गया है जिसके अंतर्गत कटघोरा विकासखंड के हाई स्कूल बिरदा, कोरबा विकासखंड के हाई स्कूल चिर्री एवं करतला विकासखंड के हाईस्कूल तरदा व केरवाद्वारी शामिल है। उन्होंने बताया कि जल्द ही इन विद्यालयों का हायर सेकंडरी विद्यालय के रूप में उन्नयन कार्य प्रारंभ हो जाएगा साथ ही इन विद्यालयों में शिक्षा कार्य प्रारंभ कराने हेतु अध्यापक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिससे इन क्षेत्रों के बच्चों को उनके 11वीं-12वीं की पढ़ाई के लिए अन्यत्र नही जाना होगा।

आयुष्मान भवः अभियान के तहत सीएचसी पताढ़ी में लगा स्वास्थ्य मेला

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में आयुष्मान भव- अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर पदस्थ चिकित्सकों तथा कर्मचारियों द्वारा संचारी रोग, मधुमेह, ब्लडप्रेशर, कैंसर की जॉच, एनसीडी, टीबी लेप्रोसी तथा मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य की सुविधाओं का प्रचार-प्रसार तथा मरीजों को निश्शुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। लोगों को अंगदान हेतु प्रेरित कर रजिस्टर्ड किया जा रहा है। 22 सितम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पताढ़ी में स्वास्थ्य मेला आयोजित कर मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा पताढ़ी में पदस्थ चिकित्सकों के द्वारा निश्शुल्क स्वास्थ्य जॉच, परामर्श एवं उपचार प्रदान कर निश्शुल्क दवाईयाँ उपलब्ध करायी गई। स्वास्थ्य मेले में 156 मरीजों को उपचार प्रदान किया गया तथा 40 लोगों के द्वारा आर्गन डोनेशन का शपथ लिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी के द्वारा वहाँ उपस्थित श्रीमती हरेश कंवर अध्यक्ष जनपद पंचायत कोरबा, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंगदान हेतु शपथ दिलाया गया। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में अंगदान हेतु शपथ दिलाया गया और अंगदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

विशेषज्ञ चिकित्सकों ने दी सेवायें

डॉ. केशरी ने अधिकारियों, कर्मचारियों, मितानिनों को निर्देशित किया है कि 27 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में होने वाले आयुष्मान भव-स्वास्थ्य मेला का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जनप्रतिनिधियों से अपील की हैं कि वे अपने क्षेत्र की जनता को शिविर में संपूर्ण निश्शुल्क जॉच कराने हेतु प्रेरित करें तथा आयुष्मान कार्ड बनवाएं।

भाई का पता पूछा तो चखना वाले ने कहर ढाया

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। शराब पीने के आदी छोटे भाई को पूछते हुए बड़ा भाई चखना वाले के पास पहुंचा तो उसने अटपटा जवाब दिया। विरोध करने पर गाली-गलौच करते हुए बुरी तरह मारपीट किया।

जानकारी के अनुसार मामला मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दादर दारू भट्ठी के पास का है। एसईसीएल जंगल कालोनी मकान नंबर-एम-2 का निवासी अर्जुन कर्ष वाहन चालक है। 22 सितंबर को वह अपने छोटे भाई नकुल कर्ष के घर नहीं लौटने से चिंतित था। चूंकि नकुल शराब पीता और 21 सितंबर से घर नहीं लौटा था जिसे तलाशने के लिए दादर के दारूभट्ठी के पास गया था। अर्जुन के द्वारा अजय चखना वाले से भाई नकुल के बारे में पूछा गया तो उसने गाली देकर कहा कि तेरा भाई मेरा 10 रुपए का उधार चखना खाकर मर गया है। जब अर्जुन ने गाली देने और ऐसी बात करने का विरोध किया तो अजय ने दुकान में लगे बांस के डंडा को उखाड़ कर जान की धमकी देते हुए मारना शुरू कर दिया। सिर में डंडा लगने से सिर फट गया। चखना दुकान में मौजूद अन्य लोग भी हाथ-मुक्का और बेल्ट से अर्जुन के साथ मारपीट किए।

श्रम संगठनों में एटक अव्वल

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा प्रबंधन ने 2023 के लिये श्रम संगठनों की सदस्यता सूची अधिकृत रूप से जारी कर दी है। इसके अनुसार कोरबा में कार्यरत श्रम संगठनों में 2180 सदस्यों के साथ एटक हमेशा की तरह अव्वल नंबर पर कायम है। वहीं 1888 सदस्यों के साथ इंटक दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह एचएमएस 1565 सदस्यों के साथ तीसरे स्थान पर कायम है तथा 1344 सदस्यों के साथ भारतीय मजदूर संघ ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। एटक के राष्ट्रीय पदाधिकारी दीपेश मिश्रा ने संगठन के अव्वल रहने पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई देते हुए एटक के प्रति विश्वास जताने पर आभार व्यक्त किया है।

इगो व निजी स्वार्थ त्याग कर इंडिया को ताकतवार बनाएं - जांगड़े

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। इन्साफ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता आरएल जांगड़े ने अंबेडकरवादी एसटी, एससी एवं ओबीसी भारत का संविधान और दायित्व पर प्रेस विज्ञप्ति के जरिए अपनी बात रखी है। इन्होंने कहा है कि बाबा साहब के द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उच्च स्तर के जीवन के लिए जीवन भर आंदोलन कर भारत का संविधान रचा।

कांशीराम ने बहुजन समाज को बाबा साहब के क्रांति आंदोलन, सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक समानता के विचार को देश में प्रकाशवान बनाया लेकिन कांशीराम सफलता प्राप्त नहीं कर सके और उनके विचार संगठन कई टुकड़ों में बंट गए। अंबेडकरवादी संगठन के बिखरने से देश में अंबेडकर के विचार, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक समानता नष्ट होने की स्थिति में दिखाई दे रहे हैं और आरएसएस, भाजपा इसका सीधा लाभ उठाते दिख रहे हैं। बहुजन समाज विचार से अनभिज्ञ है और बाबा अंबेडकर के विचारों पर संघर्ष करने को तैयार नहीं है। संघर्ष व बौद्धिक सोच के अभाव में अन्य पिछड़ा वर्ग राजनीति में आज तक आरक्षण प्राप्त नहीं कर सका है। अब बहुजन समाज के सामाजिक अंबेडकरवादी संगठन एवं राजनीतिक दलों के समक्ष संविधान बचाने का दायित्व आ चुका है व सभी संगठन व दल के शीर्ष नेताओं का दायित्व है कि वे अपना इगो व निजी स्वार्थ त्याग कर एकजुट होकर इंडिया को बेहतर, ताकतवार बनाएं और अपनी भी ताकत का परिचय दें। बहुजनों की यह ताकत संविधान के तहत मौलिक अधिकार एवं सुरक्षा एक पॉवर पिल्लर के रूप में खड़ा होगा।

27 तक कॉलेजों में ले सकेंगे प्रवेश आत्मानंद और आदर्श में भी अवसर

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के दिशा निर्देश और विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए छात्र 27 सितंबर तक कॉलेजों में प्रवेश ले सकेंगे। शासन ने कॉलेज में प्रवेश की अंतिम तिथि में वृद्धि की है जिसका लाभ छात्रों को मिलेगा। शासकीय ईवीपीजी अग्रणी महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. साधना खरे ने बताया पीजी कॉलेज के साथ ही शासकीय आदर्श महाविद्यालय

और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में संचालित स्नातक / स्नातकोत्तर / डिप्लोमा/ पी.जी.डिप्लोमा पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों में ऑनलाईन प्रवेश वर्तमान में जारी है। कुलपति की अनुमति से प्रवेश तिथि में 27 सितंबर तक कि वृद्धि की गई है। जो विद्यार्थी अब तक किसी कारणवश कॉलेज में प्रवेश नहीं ले पाये हैं ऐसे सभी छात्र उक्त तिथि तक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के ऑनलाईन पोर्टल में अपना पंजीयन कर प्रवेश ले सकते हैं। ऑनलाइन फॉर्म भरने के पश्चात छात्र महाविद्यालय पहुंच कर अपनी सीट पक्की कर लें। यह अवसर सीट रिक्त रहने तक ही लागू है।

शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना युवा मितान का उद्देश्य -श्याम

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य राजीव युवा मितान क्लब के द्वारा किया जा रहा है। क्लब के जिला समन्वय श्याम नारायण सोनी ने आज विभिन्न वार्डो का दौरा कर हितग्राही कार्ड के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं को बता कर उनका पंजीयन कराया जा रहा है ताकि योजनाओं का लाभ उनको मिल सके। इस अवसर पर श्री सोनी ने कहा कि क्लब अपनी महती जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है, ताकि लोगों के लिए बनाई गई योजनाओं का लाभ उनको मिल सके व उनका प्रचार-प्रसार हो सके। हितग्राही कार्ड के माध्यम से पंजीयन पूरे जिले में सक्रियता से किया जा रहा है। इस अवसर पर रवि नारायण सोनी, रमेश दास महंत, पल्लवी सहित वार्ड की महिलाएं व मितान क्लब के सदस्य मौजूद थे।

शहर के 15 हजार गरीबों में बांटे जाएंगे पट्टे, कलेक्टर ने दिए निर्देश

कोरबा, 23 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में गरीबों को शीघ्र ही आवासीय पट्टे बाँटे जाएँगे। छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार अधिनियम 2023 के अंतर्गत 15 दिवस में लगभग 15 हजार पट्टे दिए जाएंगे। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर सौरभ कुमार ने पट्टा वितरण को लेकर एसडीएम सहित अन्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोगों को पट्टा वितरण सुनिश्चित करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अगले सप्ताह 27-28 सितम्बर से शहरी क्षेत्रों में पट्टा वितरण प्रारंभ किया जाए। उन्होंने एसईसीएल, सीएसईबी, सिंचाई विभाग सहित अन्य क्षेत्रों में पट्टा वितरण को लेकर

किसी तरह की समस्या आने पर उसका निराकरण करते हुए पात्र लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने कहा है। पाली और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में 1200 से अधिक वन अधिकार पट्टों के वितरण के निर्देश देते हुए छूटे हुए लोगों का सर्वे कराने, ग्राम सभा में प्रस्ताव के आधार पर नाम शामिल करने के सम्बंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसईसीएल सहित अन्य क्षेत्रों में वर्षों से रह रहे परिवारों को पात्रतानुसार पट्टा प्रदान किया जाएगा।

भूमि कब्जा कर के संबंध में सत्यापन के दस्तावेज

भारत निर्वाचन आयोग / राज्य निर्वाचन आयोग की सूची, विद्युत देयक /विद्युत संयोजन का दस्तावेज, टेलीफोन बिल, स्थानीय नगरीय निकाय का संपत्तिकर / समेकित कर पंजी, जलकर भुगतान दस्तावेज, भवन अनुज्ञा / दुकान अनुज्ञा, अधिनियम के अधीन प्रदत्त पट्टाधृति पट्टे, तथा पाँच वर्ष के पूर्व में जारी आधार कार्ड या ड्राईविंग लाईसेंस। कब्जे की अतिरिक्त भूमि का व्यवस्थापन कंडिका (3) निर्धारित सीमा से अधिक भूमि होने पर अतिरिक्त भूमि के व्यवस्थापन नहीं कराये जाने की दशा में अतिरिक्त भूमि का कब्जा छोड़े या हटाये जाने पश्चात् ही कब्जाधारी को पट्टे की पात्रता होगी, अन्यथा वह अपात्र माना जायेगा।

पात्र/अपात्र परिवार का इस तरह होगा निर्धारण

ऐसे व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र प्राप्त करने की पात्रता रखता हो, जो आवासहीन हो, जो संबंधित नगरीय निकाय की मतदाता सूची में दर्ज हो, उसके कुटुम्ब की वार्षिक आय रूपए 2,5; (दो लाख पचास हजार रूपये) से अधिक न हो, जिसके कुटुम्ब में कोई व्यक्ति केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या इनके उपक्रम की शासकीय सेवा में चतुर्थ श्रेणी को छोड़कर) नहीं हो और न ही अधिवक्ता, इंजीनियर, डॉक्टर चार्टर्ड एकाउन्टेड जैसा व्यवसायिक सेवा में हो, और न ही निर्वाचित जन प्रतिनिधि हो तथा उसे या उसके कुटुम्ब के किसी सदस्य को पूर्व में उसी नगरीय निकाय में कोई शासकीय भूमि आवंटित नहीं की गई हो पात्र होंगे। ऐसे व्यक्ति, जो अधिनियम के अंतर्गत पात्रता रखते हों, नगर पालिक निगम क्षेत्र में 6 वर्गफीट भूमि से अनाधिक शासकीय भूमि, जिस पर उनका कब्जा 5 वर्ष या इससे अधिक हो (2 अगस्त 217 से पूर्व), विकास योजना में निर्धारित भू-उपयोग से निरपेक्ष रहते हुए पट्टे के लिये पात्र समझे जायेंगे।

सार-संक्षेप

छत्तीसगढ़ की प्रभारी पलक वर्मा का जोरदार स्वागत

मनेन्द्रगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ की प्रभारी डॉ पलक वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरगुजा आदित्येश्वर शरण सिंहदेव (आदि बाबा), युवा कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मुजस्सम नजर, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं संगठन प्रभारी अनिमेष सिंह का मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ में शनिवार को आगमन हुआ। उनके आगमन पर 23 सितम्बर 2023 दिन शानिवार सुबह 11:00 बजे सिंह पेट्रोल पंप के पास स्वागत कार्यक्रम रखा गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस के जिला पदाधिकारी एवं मनेन्द्रगढ़ विधानसभा एवं भरतपुर सोनहत के युवा कांग्रेस के पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई है। इस अवसर पर एमसीबी ज़िले के यूथ कांग्रेस के ज़िला उपाध्यक्ष वेंकटेश सिंह के द्वारा आये हुए सभी वरिष्ठ नेताओं का भव्य स्वागत् किया गया और 500 बाइक के साथ जोरदार रैली निकाली गई जहां सैकड़ों कार्यकर्ताओ ने जिंदाबाद के नारे लगाये।

नेताप्रतिपक्ष ने किया छत्तीसगढ महतारी का फ्रेम चित्र वितरण

चिरमिरी 23 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार के आदेश पर जिले के सभी आंगनबाडी भवनो में छत्तीसगढ़ महतारी, मुख्यमंत्री व महिला बाल विकास मंत्री का फोटो फ्रेम लगवाने के संबंध में दिए गए निर्देश के परिपालन में शुक्रवार कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के परियोजना विभाग द्वारा सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को छत्तीसगढ़ महतारी का फोटो प्रेम वितरित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बैकुंठपुर नगर पालिका के नेता प्रतिपक्ष अन्नपूर्णा प्रभाकर सिंह मौजूद रही। वहीं पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित परियोजना विभाग के परियोजना अधिकारी एवं कार्यकर्ता कर्मचारी मौजूद रही। नेताप्रतिपक्ष ने इस सबंध में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी छत्तीसगढ़ का वैभव है,और संपन्नता हमारे किसानों से है उनकी खुशहाली में छत्तीसगढ़ महतारी का ही आशीर्वाद है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र को सभी शासकीय कार्यक्रमों में प्रमुखता से स्थान देने का निर्णय लिया है, जिससे कि हमें हमारी माटी के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति का स्मरण हो सके। सरकार ने छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर को लेकर जो निर्णय लिया है उसके बाद अब से पूरे प्रदेश में होने वाले शासकीय कार्यक्रमों में इस तस्वीर का प्रमुखता से इस्तेमाल किया जाएगा।

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

अम्बिकापुर 23 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत शनिवार को होलीक्रॉस महिला महाविद्यालय अम्बिकापुर की छात्राओं के द्वारा फ्लैश मॉब का आयोजन किया गया तथा लोगों को मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला गया व आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुमगराकला में हाथ धुलाई कार्यक्रम के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। उर्सुलाइन बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रैली एवं मानव श्रृंखला निर्मित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरकीमा में मतदाता जागरुकता रंगोली बनाई गयी तथा रैली निकालकर लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया।वहीं लखनपुर में गणेश विसर्जन के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत लोगों को जागरूक किया गया।

स्वचछता, पोषण और स्वास्थ्य के विषय पर गम्भीरता से कार्य करने की आवश्यकता -कलेक्टर

कोरिया 23 सितंबर (देशबन्धु)। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक डेव्हलपमेंट स्ट्रेटजी हेतु जिला स्तर पर एक चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में उपस्थित कलेक्टर कोरिया विनय लँगेह ने कहा कि स्वच्छता के सभी मापदण्ड पर काम करते हुए हमें पोषण और स्वास्थ्य की दिशा में तेजी से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि विकास की गति के साथ हमे ध्यान रखना होगा कि भूजल स्तर की गिरावट को ध्यान में रखकर ज्यादा से ज्यादा वर्षा जल को खेती के लिए उपयोग करने की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। विदित हो कि नीति आयोग द्वारा आजादी के अमृत काल में आकांक्षी जिले के अंतर्गत विकासखंड चयनित कर उनमें 39 विभिन्न क्षेत्रों में विशेष ध्यान रखते हुए विकास कार्य कराने की जरूरत है। समस्या है तो उसका जल्द से जल्द निराकरण कैसे करें यही इस शिविर का मुख्य लक्ष्य है। इसमें वही बिंदु रखे गए हैं जिनसे मानव संसाधन का विकास सही तरीके से हो। चिन्तन शिविर का आयोजन जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग के तत्वावधान में जिला पंचायत के मंथन कक्ष में आयोजित किया गया। इसमे जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में कलेक्टर कोरिया ने सभी मानक बिन्दु पर एकत्र किए गए आंकड़ों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने सम्बंधित विषयों पर वर्तमान आंकड़ो को दर्ज करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि आदि सभी विषयों पर एक निश्चित लक्ष्य बनाकर काम करें और निर्धारण करने वाले बिन्दु का सही आकलन करते जाएं ताकि हम ब्लॉक डेवलपमेंट के लिए सही प्रदर्शन कर सकें।

निर्वाचन संबंधित भ्रामक समाचारों के खंडन एवं तथ्यात्मक जानकारी देने हेतु रैपिड रिस्पांस मैकेनिज्म समिति का गठन

अम्बिकापुर 23 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया, समाचार वेब पोर्टल में निर्वाचन, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन तथा निर्वाचन आयोग के संबंध में भ्रामक समाचार प्रसारित होने पर गलत एवं निराधार आक्षेपों की सूचना, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय स्तर पर एवं समस्त जिला निर्वाचन कार्यालय में गठित इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया समिति के माध्यम से प्राप्त होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुए संबंधित भ्रामक समाचार का खंडन मीडिया के समस्त माध्यमों से प्रकाशित करने हेतु जिला निर्वाचन कार्यालय स्तर पर रैपिड रिस्पांस मैकेनिज्म समिति का गठन किया गया है।

खेलना जरूरी है, फिर भले हार हो या जीत -अमरजीत

23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा शुभारंभ

राज्य के सभी पांच संभागों से आए 390 खिलाड़ी जीत के लिए लगा रहे जोर, विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के खेल में राज्य का करेंगे

अंबिकापुर 23 सितंबर (देशबन्धु)। 23वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ शनिवार को छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवम संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत के मुख्य आतिथ्य में शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में हुआ। चार दिवसीय इस शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में राज्यगीत के साथ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्पर्धा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह, बीस सूत्रीय कार्यान्वयन कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता एवं कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने खिलाड़ियों को संबोधित कर बेहतर खेल प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया।

राज्य स्तरीय स्पर्धा में सभी सम्भाग से आए खिलाड़ियों द्वारा अपने संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए मार्चपास्ट किया गया। ततपश्चात खेल भावना के साथ खेल खेलने की शपथ ली गई। इस दौरान गुब्बारा उड्डयन के साथ खेलों का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री श्री टीएस सिंहदेव एवं छत्तीसगढ़ शासन की ओर से कैबिनेट मंत्री श्री अमरजीत भगत ने 23वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि खेल खेलना जरूरी है, फिर भले ही हार हो या जीत हो। छत्तीसगढ़ शासन खेलों के प्रति बेहद सजग है जिससे प्रतिभाओं को मौका मिल रहा है। लोक खेलों को पुनर्जीवित करने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि खेल भावना के साथ सभी खिलाड़ी अच्छे खेल का प्रदर्शन करें। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने कहा कि इस प्रतियोगिता की मेजबानी करने का मौका कई बार सरगुजा को मिला है, यह खुशी की बात है। पूरी ऊर्जा और क्षमता के साथ सभी खिलाड़ी प्रदर्शन करें और जीतें। जो नहीं जीत पाएंगे, वे पुन: प्रयास करें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत से सभी खिलाड़ी यहां पहुंचे हैं। बेहतर खेल प्रदर्शन के साथ आगे की प्रतियोगिता के लिए भी उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। बीस सूत्रीय कार्यान्वयन कार्यक्रम के उपाध्यक्ष श्री अजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत के सभापति श्री राकेश गुप्ता ने भी सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अच्छे खेल प्रदर्शन पर फोकस रखें। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने स्वागत उद्बोधन में राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि खेल समाज को जोड़ने का काम करता है। खेल ऐसी विधा है जिसमे सभी वर्ग के लोग एक समान भावना खेल भावना के साथ खेलते हैं, सभी खिलाड़ी इसी भावना से खेलें। सभी निर्णायक निष्पक्ष रूप से निर्णय दें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की परिकल्पना खेलबो, जीतबो, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के माध्यम से साकार किया जा रहा है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सभी खिलाड़ियों हेतु सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

शुभारंभ समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय अम्बिकापुर, उर्सुलाइन विद्यालय तथा कन्या परिसर की छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राज्य के सभी पांच संभागों से आए 390 खिलाड़ी जीत के लिए लगा रहे जोर, विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के खेल में राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व 26 सितम्बर तक चलने वाली इस चार दिवसीय प्रतियोगिता में खेल की कुल तीन विधाएँ खो-खो, बास्केट बॉल एवं शतरंज हेतु 14 वर्ष, 17 वर्ष व 19 वर्ष आयुवर्ग के बालक-बालिका प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन शुक्रवार को गांधी स्टेडियम में बास्केट बॉल 17 वर्ष आयुवर्ग के बालक के मैच रायपुर एवं बिलासपुर संभाग के बीच और दुर्ग व बस्तर संभाग के बीच खेला जा रहा है। इसी तरह बास्केट बॉल बालिका 17 वर्ष आयुवर्ग का प्रथम मैच दुर्ग और बस्तर संभाग के बीच तथा दूसरा मैच रायपुर व बिलासपुर संभाग के बीच निर्धारित है।

ग्राम बोदा में छात्राओं को मिलेगी आवासीय सुविधा का लाभ

अम्बिकापुर 23 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री अमरजीत भगत द्वारा शनिवार जनपद पंचायत बतौली के ग्राम पंचायत बोदा में 50 बिस्तरीय प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास का संचालन शुरू किया गया। छात्रावास में अनुसूचित जनजाति वर्ग के कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक की कुल 50 बच्चियों प्रवेश ले सकेंगी। जिन्हें आवास एवं भोजन का नि: शुल्क सुविधा के साथ साथ कक्षा 8 वीं एवं 10 वीं के बच्चों को नि:शुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था प्रदान की जाएगी।

इसके बाद मंत्री श्री भगत ने ग्राम मंगारी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल होकर हितग्राहियों को विभिन्न सामग्री का वितरण किया। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत सात महिलाओं की गोद भराई की गई और शिशुओं का अन्नप्राशन किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 60 हितग्राहियों को सब्जी मिनीकिट एवं फलदार पौधे दिए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के 19 पात्र हितग्राहियों को राशि वितरण किया गया। इसके साथ ही 52 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति आदेश और 49 हितग्राहियों को राशनकार्ड वितरण किया गया। राजस्व विभाग द्वारा नि:शुल्क खसरा, नक्शा वितरण किया गया।

दुर्गम व पहुंच विहीन क्षेत्रों तक पहुंचे आयुष्मान भव: योजना का लाभ-कलेक्टर

मनेन्द्रगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना के अंतर्गत पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें आयुष्मान भव: कार्यक्रम पूरे जिले के तीनों ब्लॉकों में मनाया गया। आयुष्मान भव: के अन्तर्गत आज मनेंद्रगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में आयुष्मान दिवस मनाया गया। जिसमें यह बताया गया कि यह योजना किन-किन लोगों के लिए है एवं आयुष्मान भव: योजना से क्या-क्या लाभ है तथा कितने तरह की बीमारियों के लिए यह है और इसमें कैशलेस उपचार होता है। मनेंद्रगढ़ में आयुष्मान भव: दिवस कार्यक्रम में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास पोद्दार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक राकेश वर्मा, बीईई सोमेश मंडल आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि जिला मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के कलेक्टर श्री नरेंद्र कुमार दुर्गा जी द्वारा केंद्र द्वारा प्रारंभ किए

गए आयुष्मान भव: कार्यक्रम को समस्त जिला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया है कि यह योजना का लाभ जिले के एक-एक व्यक्ति तक पहुंचे एवं दुर्गम तथा पहुंच विहीन क्षेत्रों में विषेश ध्यान दिया जाए।

केलो का जल स्तर बढ़ते ही टापू में बदल जाता है फुलवारी डीपा

रायगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से जहां केलो नदी का जलस्तर काफी बढा हुआ है और नदी किनारे बसे मोहल्लों में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गए हैं वहीं शहर के वार्ड नं.48 के एक मोहल्ले के रहवासियों को केलो नदी के जल स्तर बढ़ने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आलम यह है कि भारी बारिश के चलते यह मोहल्ला अब टापू में तब्दील हो चुका है।

यूं तो शहर के बाईरदादर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला मोहल्ला फुलवारी डीपा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नं. 48 के अंतर्गत आता है। इस मोहल्ले में 40 से 45 परिवार निवासरत हैं। परंतु नगर निगम क्षेत्र में रहने के बावजूद इस मोहल्ले में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। अपनी समस्या लेकर इस मोहल्ले के रहवासी कई बार निगम कार्यालय के चक्कर लगा चुके हैं परंतु आज तलक इनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से केलो पूरे उफान पर है। इस वजह से इस मोहल्ले तक पहुंच मार्ग जलमग्न हो गया जिससे उन्हें आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहल्ले वासियों ने दी आंदोलन की चेतावनी

मोहल्लेवासियों ने यह भी बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर क्षेत्र के पार्षद से लेकर निगम अधिकारियों तक शिकायत की, परंतु हर बार उन्हें आश्वासन मिलता रहा है उनकी समस्या का समाधान नही हो पाता। यहां यह कहना गलत नही होगा कि बरसात के दिनों में फुलवारी डीपा मोहल्ले एक टापू में तब्दील हो जाता है। इस क्षेत्र के लोगों में अब आक्रोश की लहर देखी जा रही है उनका कहना था कि अगर इस बार की उनकी समसस्या का हल नही निकला तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

फुलवारी डीपा के लोगों ने बताया कि उनके मोहल्ले तक जाने वाला एकमात्र सड़क हर साल केलो नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से पानी में पूरी तरह डूब जाता है। चूंकि उन्हें मोहल्ले तक पहुंचने के लिये एक नाले के उपर बने छोटे से रपटा पुल को पार करके जाना पड़ता है, परंतु केलो नदी का जलस्तर बढ़े रहने की वजह से नाले का पानी नदी में नही जाता पाता और रपटा पुल के उपर तीन से चार फीट पानी भर जाता है साथ ही रपटा पुल के अगल-बगल में पांच से सात फीट पानी भरा रहता है। जिससे इस मोहल्ले में रहने वाले स्कूली छात्रों के अलावा रोजी मजदूरी करने वाले लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। साथ ही साथ छोटे स्कूली बच्चों को नाला पार करते समय जान का खतरा बना रहता है।

पूज्य अघोरेश्वर के जन्मोत्सव पर विविध आयोजन

रायगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम के जन्मोत्सव पर अघोर पंथ से जुड़े अनुयाइयों ने आज प्रात: के जी एच चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज, मातृ शिशु अस्पताल के मरीजों सहित मुखबधिर आश्रम, वृद्धा आश्रम, कुष्ट आश्रम जुर्डा में निवासरत लोगो के मध्य फल का वितरण किया।

आज पूज्य अघोरेश्वर के जन्मोत्सव को लेकर आज प्रात: अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा में विविध कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। प्रात: 8 बजे पूज्य बाबा प्रियदर्शी राम के द्वारा गुरुचरण पादुका पूजन किया गया।

न.पं. बरमकेला बना राजनीति का अखाड़ा

रायगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ विधानसभा में कोई भी विभाग हो कमिशन को लेकर आम जनता से लेकर ठेकेदार वर्ग परेशान है। सारंगढ़ के कई विभाग एक ओर कमीशन की भेंट चढ़ रहे है तो दूसरी ओर अपने ही पार्टी के नेता अपने ही शासन प्रशासन को कोसते हुए पूर्व कार्यकाल को ठीक बता रहे हैं। ठेकेदारी प्रथा पर इस कार्यकाल डबल कमीशन देना अब कांग्रेसी ठेकेदारों को भी ना गुजार हो रही है। सिस्टम वही, पद वही पर कमीशन डबल और निविदा का खेल ने तो हद ही पार कर दिया, जिसका साक्षात उदाहरण है बरमकेला नगर पंचायत जिसमें 3 करोड़ रुपए के निविदा आमंत्रण से लेकर एक ही ठेकेदार को निविदा मिल जाना कार्य की एकरूपता और पारदर्शिता पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है ?

क्या है पूरा मामला

विश्वस्त सूत्रों की माने तो कुछ महत्वपूर्ण पूर्व अधिकारियों द्वारा बरमकेला नगर पंचायत में 3 करोड रुपए के निर्माण कार्यों के निविदा प्रक्रिया को लेकर नगर पंचायत के ही पार्षद एल्डरमैन और स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने विधायक एवं जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को निविदा में एकरूपता पारदर्शित ना होना और विवादित प्रक्रिया को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए जांच कार्यवाही और निरस्त करने की मांग रखी। जिस पर जिला प्रशासन ने संज्ञान लेने और उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन से लेकर सचिव स्तर तक उक्त कार्य प्रक्रिया की शिकायत हुई। सूत्रों की माने तो निविदा निकालने, निविदा की विज्ञापन प्रक्रिया, निविदा फार्म भरने और तीन फॉर्म जिनकी हैंडराइटिंग जिनके हस्ताक्षर और अन्य कागजात लगभग विवादित रहे हैं, उसे लेकर साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए शिकायत की गई। निविदा प्रक्रिया इसलिए विवादस्पद रही की निविदा निकालने के चंद दिनों के बाद अधिकारियों का अन्यत्र तबादला और निविदा एक ही ठेकेदार को मिल जाना प्रक्रिया पर सवालिया निशान बन गया।

सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर के पार्ट्स व लोहे चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। छाल पुलिस ने ऐडू सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रांसफार्मर पार्ट्स और लोहे की चोरी करने वाले फरार आरोपी वाहिद खान निवासी बोजिया छाल को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी अपने तीन अन्य साथियों के साथ यार्ड में रखे करीब 10,000 रूपये से अधिक मूल्य के ट्रांसफार्मर पार्ट्स और लोहे के सामानों की चोरी किया था। मामले के 03 आरोपियों को छाल पुलिस ने 11 सितंबर को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है, एक आरापी वाहिद खान फरार था जिसे 19 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया है। थाना छाल में 10 सितंबर को सहायक लाईन मेन समय लाल कंवर द्वारा सबस्टेशन यार्ड से पार्टस चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि अज्ञात चोर द्वारा 09 सितंबर की दरम्यानी रात ऐडू सबस्टेशन यार्ड में रखे ट्रान्सफार्मरों के लगभग 40 नग बुसिंग में लगे कैम्प एवं लगभग 50 नग नट तथा 04 नग राड कीमती लगभग 10,490 को चोरी कर ले गये हैं।

छाल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुलाजिम पतासाजी दौरान आरोपी मोहम्मद रफीक खान (27 साल) निवासी वार्ड क्रमांक 4 पुरानी बस्ती कोरबा को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिसने ग्राम खेदापाली के पुष्पेंद्र यादव, किरण खटेल और ग्राम बोजिया के वाहिद खान के साथ मिलकर चोरी करना बताया।

चला संगी वोट देहे जाबो मानव श्रृंखला बनाकर किया मतदाता जागरूक

मनेन्द्रगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 को ध्यान में रखते हुए मतदाताओं को मताधिकार के महत्व को बताने, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा की उपस्थिति में स्वीप कार्यक्रम का आयोजन अकादमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल तेन्दूडांड झगराखाड़ मनेन्द्रगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में अकादमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल तेन्दूडांड के सैकड़ों बच्चों ने भाग लेकर चला संगी वोट देहे जाबों मानव श्रृंखला बनाकर एवं मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। स्कूल के बच्चों को जिला

निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने कहा प्रजातांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार एवं शत प्रतिशत मतदान का बहुत ही महत्व है। हम सबको मिलकर मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से अपने परिवार के साथ-साथ सभी नगरवासियों को मतदान के लिए प्रेरित करना है, मताधिकार एवं मत की वैल्यू को बताना है। कलेक्टर ने बच्चों को बताया कि निर्वाचन में जिसे हम मतदाता भी कहते हैं। यह मतदाता ही है, जो लोकतंत्र का भविष्य तय करते है। इसलिए देश का हर एक नागरिक जब मत देने के लिए जाता है तो उसे एक जागरूक मतदाता की तरह अपना वोट देना चाहिए। देश के युवा ही देश की धड़कन होते हैं। उनके बिना भारत के सुनहरे भविष्य की कल्पना नहीं की जा सकती है। भारत निर्वाचन आयोग की हमेशा यही कोशिश रहती हैं कि देश के सबसे बड़े लोकतंत्र के इस पर्व जिसे हम चुनाव कहते हैं। उसमें हिस्सा लें और एक जागरूक मतदाता बनकर निर्वाचन में अपनी सहभागिता निभाये। तभी वह देश विकास करेगा। सैकड़ों छात्रों ने कलेक्टर के नेतृत्व में मानव श्रृंखला का निर्माण कर स्कूल के गुरूजनों एवं परिवार जनों को मतदान का संदेश दिया, इस दौरान सभी को जिला कलेक्टर के द्वारा शपथ भी दिलाया गया।

कार्यक्रम में स्वीप नोडल संजय श्रीवास्तव मण्डल संयोजक मनेन्द्रगढ़, अजय मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी, नीरजकांत तिवारी तहसीलदार, संचालक आशिष ककड़, संजीव ताम्रकार, प्राचार्य पी. रविशंकर, प्रशांत अग्रवाल, श्रीमती आशी ककड़, श्रीमती ज्याती ताम्रकार, श्रीमती तोशी अग्रवाल, सुरेन्द्र पाल तिवारी पटवारी, सतीश द्विवेदी, गौरव त्रिपाठी, सतीश गुप्ता, रंजीत सिंह सहित काफी संख्या में स्कूल छात्र-छात्राएं तथा विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

कृष मैत्री का हुआ अंडर 19 वीनू मांकड़ वन डे ट्रॉफी के लिए चयन

सारंगढ 23 सितंबर (देशबन्धु)। बीसीसीआई की ओर से आयोजित अंडर 19 वीनू मांकड़ वन डे ट्राफी के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट टीम में सारंगढ़ के खिलाड़ी कृष मैत्री का चयन किया गया है। इंटर

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट मैच में कृष के बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए स्टेट टीम में उन्हें अवसर दिया गया है। वीनू मांकड़ वन डे ट्राफी 12 अक्टूबर से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर 19 इंटर डिस्टिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का अयोजन किया गया था। इंटर डिस्टिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाडियों के बेहतर प्रदर्शन को देखने के बाद छत्तीसगढ़ अंडर 19 स्टेट कैंप के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया और फिर सलेक्शन मैच कराया गया। जिसके बाद चयनकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ स्टेट अंडर 19 बीनू मांकड़ ट्राफी के लिए टीम का खिलाडी चुने है । बीसीसीआई के निर्देश पर सीएससीएस द्वारा पुरूष क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिये अंडर 19 की टीम का चयन लगातार किया जा रहा है जिसमे छत्तीसगढ़ स्तर पर अंडर 19 की टीम में सारंगढ़ निवासी कृष मैत्री को गेंदबाजी के तौर पर टीम मे चयन किया गया है। कृष के कोच सद्धानु घोष, त्रिलोक सिंह मैत्री ने बताया कि कृष मैत्री बचपन से ही क्रिकेट के प्रति रूचि, लगन एवं कठिन परिश्रमी था जिसका फल अब उसे मिल रहा है।

राजस्व एवं कृषि विभाग ने किया खरीफ फसल गिरदावरी का निरीक्षण

खरसिया 23 सितंबर (देशबन्धु)। विकास खंड खरसिया के पटवारी हल्का नंबर 38 में खरीफ फसल गिरदावरी के जिला स्तरीय निरीक्षण राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की डिप्टी कलेक्टर ऋतु हिमनानी, अनिल वर्मा उपसंचालक कृषि, एन पी सिदार एसएडीओ, बृजेश शर्मा

राजस्व निरीक्षक, पटवारी नवचंद पटेल, ग्रा कृषि विस्तार अधिकारी अनिल भगत लोकपाल पंकज पटेल कोटवार एवम कृषक जन उपस्थित रहे इस अवसर पर अधिकारी के द्वारा निर्देश दिया गया कि धान के साथ अन्य सभी फसलों का खसरा नंबर वार प्रत्येक ग्राम का गिरदावरी करें।

सेवा सहकारी समिति चपले में कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि अनिल वर्मा के द्वारा कैरी फॉरवर्ड किसान पंजीयन के संबंध में ऑपरेटर को उचित मार्गदर्शन दिया गया साथ में एन पी सिदार सेडो तिलक प्रसाद भारती ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी चपले उपस्थित रहे।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने मीडिया की बैठक ली

सारंगढ़ 23 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आदर्श आचार संहिता के बाद प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कार्यों और कवरेज की निगरानी के लिए निर्वाचन कार्यालय द्वारा गठित टीम एमसीएमसी के कार्य के बारे में बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि आचार संहिता के पूर्व आपको एमसीएमसी के निगरानी टीम और मीडिया द्वारा आचार संहिता के दौरान किस प्रकार का कवरेज किया जाना है, यह जानना जरूरी है। इसलिए पैड न्यूज, भ्रामक (फेक) न्यूज के बारे में आपको जानकारी दी गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि फेक न्यूज में अभ्यर्थी का दुष्प्रचार, भ्रामक न्यूज, वीवीपैट मशीन के बारे में भ्रामक न्यूज, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया या प्रिन्ट मीडिया के करने पर एमसीएमसी की टीम संबंधित मीडिया संस्थान/सोशल मीडिया के इंचार्ज को भ्रामक खबर को जारी करने और बंद करने के लिए सीधा पत्राचार या फोन कर रोकने के लिए कार्रवाई कर सकता है।

सहायक सूचना अधिकारी देवराम यादव ने बताया कि पैड न्यूज, सामान्य न्यूज से अलग किसी भी राजनीतिक दल के अभ्यर्थी के पक्ष में उनको यशोगान, उनके उपलब्धि आदि को लेकर मीडिया संस्थानों द्वारा किया गया प्रचार-प्रसार सामान्य रूप से पैड न्यूज के श्रेणी में आता है। इसमें प्रायोजित टीवी डिबेट पर अभ्यर्थी से चर्चा भी पैड न्यूज के दायरे में आता है। प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, वेब पोर्टल, वेबसाईट, सोशल मीडिया, वीडियो वैन में किया गया पैड न्यूज का व्यय रिपोर्टिंग के बाद कार्रवाई में अभ्यर्थी के व्यय में जोड़ा जाएगा। एमसीएमसी के अन्य कार्यों में चुनाव के अभ्यर्थी का विज्ञापन में व्यक्तिगत आक्षेप, लांछन, राष्ट्र की गरिमा, अस्मिता, प्रभुता जातिगत, धर्म, समुदाय, पंथ का उल्लंघन और अश्लील तो नही है, की निगरानी करना भी है।

गर्भवती महिला की जहर खाने से मौत, पति पर लगाया हत्या का आरोप

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। सक्ती जिले मे शुक्रवार को गर्भवती महिला की जहर खाने से मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि महिला के ससुराल वाले उसे आए दिन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे।

मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, महिला की शादी 16 मई 2019 को हुई थी। दंपती का एक चार साल का बच्चा भी है। अभी महिला तीन महीने की प्रेग्नेंट थी।

रायगढ़ जिले के ग्राम सेंद्रीपाली निवासी छोटी बाई पटेल की शादी सक्ती जिले के ग्राम सिंघनसरा निवासी उमाशंकर पटेल से 16 मई 2019 को हुई थी। शुक्रवार को उमाशंकर अपनी पत्नी को उसके मायके छोड़ने गया था, लेकिन वह मायके में नहीं रुकी और वापस आ गई। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की रात दोनों अपने घर पहुंचे। रात 9 बजे छोटी ने अपने भाई को फोन कर अपने पति के साथ विवाद होने की जानकारी दी। उसके बाद महिला के भाई ने फिर फोन किया तो उमाशंकर ने विवाद नहीं हो रहा है कहते हुए फोन को काट दिया। महिला के परिजन ने कहा कि पहले भी दहेज मांगकर प्रताड़ित करते थे, भिखारी हो कहकर गालीगलौज भी करते थे। कई बार दोनों को समझाइश देकर समझौता कराया गया था। मृतका के भाई ने कहा कि, बहन ने कॉल कर मुझे मार रहे हैं कहते हुए फोन काट दिया। मैंने जब वापस कॉल किया तो जीजा ने उठाया और कहा कि सब ठीक है । इसके 15 मिनट बाद फिर उसने फोन कर कहा कि तेरी बहन ने जहर पी लिया है सरकारी अस्पताल में एडमिट में है आजा। आए तो पोस्टमॉर्टम रूम में अंदर कर दिए थे।

जांच कर रही पुलिस

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। रिपोर्ट आने के बाद मामले का खुलासा होगा। फिलहाल अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह हत्या है या आत्महत्या। हालांकि पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा का चांपा में हुआ भव्य स्वागत

चांपा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। कौशल विकास और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 37 वर्षों से निरंतर कार्य कर रही संस्था आईसेक्ट द्वारा छात्रों में नई शिक्षा नीति के प्रति जागरुकता लाने एवं करियर काउंसलिंग के उद्देश्य देशव्यापी कौशल विकास यात्रा 18 सितंबर से पूरे देश में आयोजित की जा रही है। देश के 25 राज्यों के 300 जिलों में संचालित की जा रही ये यात्रा आज चांपा शहर में पहुंची जहां सैकड़ों विद्यार्थियों ने इस विकास यात्रा का स्वागत किया।

आईसेक्ट का छात्रों के लिए वृहद काउंसलिंग अभियान

इस मौके पर आईसेक्ट कंप्यूटर कॉलेज चांपा तथा छत्तीसगढ़ वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर चांपा में सेमिनार का आयोजन भी किया गया जिसमें शाखा प्रबंधक मूलचन्द गुप्ता ने कौशल विकास यात्रा और रोजगार पाने के लिए कौशल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला, यात्रा में साथ चल रहे विषय विषेषज्ञों ने विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए करियर मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रहे कुलवंत सिंह सलूजा अध्यक्ष प्रेस क्लब चांपा ने विद्यार्थियों से कहा कि कौशल विकास रोजगार पाने की राह में एक मुख्य साधन है। कौशल के महत्व को भारत सरकार भी रेखांकित कर रही है और डेमोग्राफिक डिविडेंड का लाभ उठाने के लिए लोगों को कौशल विकास के प्रति जागरुक कर रही है। ऐसे में प्रत्येक विद्यार्थी का यह ध्येय होना चाहिए कि वे स्वयं को उद्योग जगत की आवश्यकता अनुरूप कौशल से युक्त बनाएं। इससे वे स्वयं की करियर को दिशा प्रदान करने के साथ भारत की प्रगति में भी योगदान दे पाएंगे।

इस दौरान विद्यार्थियों को कौशल विकास का महत्व बताते हुए शासकीय एवं अन्य योजनाओं जैसे पीएमकेवीवाय, एनयूएलएम, एनएसक्यूएफ, डिजिटल साक्षरता, माइक्रोसॉफ्ट राइजइत्यादि की जानकारी प्रदान दी गई। यात्रा के साथ आए विषय विषेषज्ञों ने बताया कि कौशल विकास यात्रा कई वर्षो से आईसेक्ट द्वारा युवाओं को कौशल विकसित करने के महत्व को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयास कर रहा है, जिसे विभिन्न राष्ट्रीय व अंतर राष्ट्रीय एजेंसियों द्वारा पुरस्कृत भी किया गया है। इस यात्रा में आईसेक्ट की नवीन गतिविधि जैसे बैंकिंग, आधार, ऑनलाइन टोल भुगतान स्कूल कंटेट, प्ले स्कूल, आईसेक्ट लर्न,ऑन लाइन फ्री कोर्सस, इन्श्यूरेंस, ऑन लाइन सेवाएं,रोजगार मंत्रा पोर्टल इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराया गया। अंत में आगंतुक अतिथियों राजेश अग्रवाल पूर्व नपाध्यक्ष चांपा, नागेंद्र गुप्ता पार्षद, प्राचार्य महेंद्र राव ने कौशल विकास यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम में आईसेक्ट के शाखा प्रबंधक मूलचन्द गुप्ता, महेंद्र राव, रघुनंदन पटेल, करन यादव तथा संस्था के सभी स्टॉफ उपस्थित रहे ढ्ढ यात्रा के बम्हनीडीह पहुंचते ही आईसेक्ट बम्हनीडीह में भी हुआ भव्य स्वागत।

वरिष्ठ नेता मो. इब्राहिम मेमन की हुई घर वापसी

चांपा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। इब्राहिम मेमन कि आखिरकार कांग्रेस में घर वापसी हो गई है। वे पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डा. चरण दास महंत एवं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की उपस्थिति में कांग्रेस का गमछा पहनकर दीपक बैज द्वारा वापसी कराई गई। इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री स्व अजीत जोगी के सबसे करीबी नेताओं मे से एक इब्राहिम मेमन मूल रुप से कांग्रेसी ही थे, उनके मन में हमेशा से कांग्रेसी विचारधारा रही, जब अजीत जोगी ने 2016 मे अपनी खुद की पार्टी बनाई तब इब्राहिम मेमन उनके साथ चले गए, जोगी की मृत्यु पश्चात इब्राहिम मेमन घर बैठ गए थे। मेमन छात्र जीवन से ही राजनीती में सक्रिय और आंदोलनकारी नेता के रुप में अपनी छवि बनाए थे। वे क्षेत्र और प्रदेश के कई ज्वलंत और जनहित के मामलो पर आंदोलन किया सड़क की लड़ाई लड़ी जिसके कारण उन्हें जेल यात्रा भी करनी पड़ी थी। इब्राहिम मेमन के घर वापसी पर प्रशंसकों में खुशी की लहर है।

सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आज

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर चांपा के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक व सेवानिवृत्त संगठन के पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान समारोह 24 सितंबर रविवार की दोपहर 1 बजे सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय चांपा में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय प्रमुख संगठन मंत्री छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रदीप कुमार शर्मा, अध्यक्षता बीईओ बम्हनीडीह एमडी दीवान, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ एचएल शर्मा, प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय बिर्रा, एपीसी समग्र शिक्षा जांजगीर हरिराम जायसवाल, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर चांपा, अश्विनी कुमार कश्यप होंगे।

55 लीटर महुआ शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नवागढ़ पुलिस ने 55 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब, एवं 55 पाव देशी शराब के साथ 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामले पुलिस ने बताया कि 23 सितम्बर को मुखबीर से सूचना मिला की थाना नवागढ़ क्षेत्र के भठली, जगमहंत पर रेड कार्यवाही किया गया। आरोपी दिनेश सिंह उम्र 56 साल निवासी जगमहन्त के कब्जे से 55 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 4400 रुपए, आरोपी ओमप्रकाश कुर्रे 31 साल निवासी भठली के कब्जे से 30 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 3000 रुपए, आरोपी सुरेश कुमार कुर्रे उम्र 38 साल निवासी भठली के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2500 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना नवागढ़ में अलग अलग अपराध धारा 34 (2) आब. एक्ट के तहत कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान दिनेश सिंह उम्र 56 साल निवासी जगमहंत, ओमप्रकाश कुर्रे उम्र 31 साल निवासी भठली, सुरेश कुमार कुर्रे उम्र 38 साल निवासी भठली थाना नवागढ़ के विरुद्ध अपराध धारा का सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर 23 सितम्बर 23 को न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरी. कमलेश सेंडे, रमेश एक्का, सुरेन्द्र कश्यप, बाबूलाल दिवाकर, आर. जनक कश्यप, बलराम यादव, अनील कुर्रे एवं गठित विशेष टीम का योगदान रहा।

करेले की सब्जी खाकर एक ही परिवार के 15 सदस्य हुए बीमार

गंभीर हालत में ले जाया गया अस्पताल, सेहत में सुधार होने पर दी गई छुट्टी

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर-चाम्पा के नवागढ़ क्षेत्र के सिऊंड़ गांव में फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के 15 लोग बीमार हो गए। पीड़ित लोगों में 6 पुरुष और 9 महिला शामिल है। सभी का इलाज जिला अस्पताल में किया गया, जिसके बाद सेहत में सुधार होने पर छुट्टी दे दी गई है।

जिला अस्पताल जांजगीर के सिविल सर्जन डॉ. अनिल जगत ने बताया कि सिऊंड़ गांव के शिवकुमार सूर्यवंशी के घर के 15 लोगों ने करेला की सब्जी खाई थी जिसके बाद सभी की तबियत बिगड़ गई। कई लोगों को उल्टी हुई और कई लोगों को बेहोशी महसूस होने लगी। इस तरह सभी को जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज किया गया और सेहत में सुधार होने पर सभी को छुट्टी दे दी गई है।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित

15 वें वित्त योजना अंतर्गत जिला पंचायत विकास योजना निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा

जांजगीर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला पंचायत श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिपं उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल मौजूद रही।

आयोजित बैठक में सदस्यों ने 15 वें वित्त योजना अंतर्गत जिला पंचायत विकास योजना (डीपीडीपी) निर्माण संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा की। डीपीडीपी के बारे में जिपं सदस्यों को विस्तार से जानकारी दी गई। जिसमें गरीबी मुक्त और आजीविका गांव के तहत शामिल गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया। इसके अलावा स्वस्थ्य गांव, चाइल्ड फ्रेंडली विलेज, पानी के लिए पर्याप्त गांव, क्लीन एंड ग्रीन विलेज, विलेज विथ सेल्फ सफीसियेंट इंफ्रास्ट्रक्चर, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, गुड गर्वनेंस विलेज, वूमेन फ्रेंडली विलेज के तहत शामिल विभिन्न गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को उपलब्ध कराई गई। सदस्यों ने जीपीडीपी के तहत 9 थीम पर चर्चा की। चर्चा उपरांत थीम विलेज विथ सेल्फ सफीसियेंट इंफ्रास्ट्रक्चर पर सभी सदस्यों ने प्रस्ताव को सर्वसम्मति से कार्ययोजना तैयार करने के लिए प्रस्ताव को मंजूरी दी। बैठक में श्रीमती कुसुम कमल किशोर साव, लखनलाल साहू, गणेशराम साहू, श्रीमती शिवकुमारी रात्रे, दिलेश्वर साहू, श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, इंजी प्रदीप पाटले, श्रीमती माधुरी टेकचंद चंद्रा, श्रीमती इंद्रा राजेश लहरे, श्रीमती हरिप्रिया रूपेश वर्मा, श्रीमती साक्षी युगल किशोर बंजारे, श्रीमती रामबाई सिदार, श्रीमती कविता चंद्रकुमार पटेल, उपसंचालक पंचायत श्री अभिमन्यु साहू सहित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

चुरतेली में हुआ वृक्षारोपण का कार्यक्रम

डभरा, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भाटापारा चुरतेली में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल वारे विशिष्ट अतिथि परमेश पटेल, खंड समन्वयक यशवंत पटेल जिला अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ एवं सुशील पटेल सेवानिवृत शिक्षक पीललाल पटेल छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ,अनिल भार्गव संकुल समन्वयक, कमलेश घृत लहरे प्रधान पाठक विशेष रूप से उपस्थित थे।

विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार शोभादार पौधे लगाएं गए। इस अवसर पर मुख्यअतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्यामलाल वारे ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के मित्र की तरह है अत: हमें प्रतिवर्ष पौधे लगाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि परमेश पटेल ने कहा कि एक वृक्ष 10 पुत्र के समान होता है अत: हमें इसकी देखभाल कर सेवा करने से उसका लाभ आगामी पीढ़ी को मिलता है। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष यशवंत पटेल ने कहा कि इस तरह के वृक्षारोपण कार्यक्रम सभी स्कूलों में होना चाहिए और उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी स्कूल के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को देकर उनमें पर्यावरण के प्रति जागृति लाना होगा। हरे भरे पेड़ होने से ही पर्यावरण संतुलन रहेगा। इस कार्यक्रम को सुशील पटेल पीललाल पटेल कमलेश घृतलहरे ने भी संबोधित किया आपको बता दें कि स्कूल के प्रधान पाठक चमेली यादव ने अपने स्वयं के खर्चों पर स्कूली बच्चों को टाई ,बेल्ट का भी वितरण किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में भोज कुमारी चंद्रा, मालती जांगड़े,दुर्गा सिदार, डमरूधर सिदार,अजय बंजारे एवं ग्रामीणों में लक्ष्मी नारायण मिश्रा, गणपतलाल यादव,वाणी विलास मिश्रा,गोपाल साहू, महेश बघेल,बौद्ध सागर,गज्जू बघेल, सरोज बघेल पंचगणों में फुलेश्वरी बघेल, दूलौरीन बघेल, निशा बघेल, शाहिद स्कूली छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे कार्यक्रम का आभार व्यक्त स्कूल के प्रधान पाठक चमेली यादव ने किया।

कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

सक्ती 23 सितम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के लिए कृषि उपज मंडी नंदेलीभाठा में बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्ट्रांग रूम में आवश्यक सुविधा सहित विधानसभावार आवश्यक आधारभूत सुविधाएं जल्द से जल्द सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जिले के तीनों विधानसभा के लिए आवश्यकतानुसार स्थल का पार्टीशन करने, मतगणना कक्ष, टेबूलेशन कक्ष, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, इंटरनेट कनेक्शन, पेयजल सुविधा, चुनाव के दौरान आरओ, एआरओ सहित अन्य मतदान दल के लिए पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लिया। कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण, मतदान सामग्री

वापसी, मतगणना कार्य सुव्यस्थित संपादित करने के लिए सुरक्षा संबंधी उपाय और सुरक्षा में लगने वाले फोर्स के लिए कार्य अनुसार भवनों की व्यवस्था, आवश्यक स्थलों तक पहुंच मार्ग, मैदान समतलीकरण करने तथा पूरे मंडी परिसर को आगामी चुनाव कार्य के लिए साफ सफाई और सुव्यस्थित करने सहित अन्य निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुवे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुवे मौके पर उपस्थित अधिकारियों से सभी व्यवस्थाओं के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर वीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, लोक निर्माण विभाग एसडीओ राकेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने आयुष्मान भव अभियान अंतर्गत अंग दान के लिए दिलाई शपथ

सक्ती 23 सितम्बर (देशबन्धु)। नवीन गठित सक्ती जिला में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना द्वारा जिले के आधिकारियों की अंग दान हेतु शपथ दिलाया गया ।अवगत हो कि आयुष्मान भव अभियान संपूर्ण भारत में चलाया जा रहा है जिसमें हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा हा है। आमजनो को अधिक से अधिक संख्या में अंग दान,रक्त दान हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है, अंग दान हेतु कोई भी इच्छुक व्यक्ति मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के वेब साइट में जाकर आयुष्मान भव पेज से अंग दान हेतु आनलाइन पंजीयन कर पंजीयन प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। स्वास्थ्य मेले में आमजनों की स्वास्थ्य जांच के साथ साथ नशा मुक्ति, योगा, मेडिटेशन ,पोषण, फैमिली प्लानिंग, सिकलिंग , पर्सनल हायजीन आदि के समंध में सलाह दी जानी है तथा स्वास्थ्य मेले में ट्यूबर कुलोसिस, लेप्रोसी मोतियाबिंद, ब्लड प्रेशर, शुगर, मुख केंसर, सरवाइकल केंसर, ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण वाले मरीजों की भी पहचान कर उपचार की सुविधा मुहैया कराई जानी है ,स्वास्थ्य मेले में आमजनों का आभा आईडी कार्ड , आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है साथ ही वितरित भी किया जाना है नवीन जिला सक्ती में अब तक हेल्थ एंड वेलनेश केंद्रों में 111हेल्थ मेला का सफल आयोजन किया जा चुका है जिसमे लगभग 2936 आमजनो का सफल परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया गया है तथा 2 अक्टूबर 2023 तक लगातार साप्ताहिक हेल्थ मेला , अंग दान, रक्त दान, ग्राम सभा, आभा आईडी कार्ड, आयुष्मान कार्ड का निर्माण एवं वितरण किया जाना है ।

देश विदेश

अमेरिका में भारतीय नागरिक को मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में 10 साल की जेल

न्यूयॉर्क, 23 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य कोलोराडो में एक 40 वर्षीय भारतीय नागरिक को मनी लॉन्ड्रिंग की साजिश रचने के आरोप में 10 साल की जेल की सजा सुनाई गई है और क्षतिपूर्ति के रूप में 11,63,947.28 डॉलर का भुगतान करने का आदेश दिया गया है। कोलोराडो जिले के अमेरिकी वकील कार्यालय ने शुक्रवार को बताया कि ध्रुव जनी ने जनवरी 2020 से सरकारी एजेंसियों का डर दिखाकर लोगों से धन उगाही शुरू की। इस साल 21 सितंबर को अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश रेमंड पी मूर ने उसे दोषी करार दिया था।

भारत की पाकिस्तान को दो टूक, उंगली उठाने से पहले अपना मानवाधिकार रिकॉर्ड सुधारे

संयुक्त राष्ट्र, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने पाकिस्तान से साफ-साफ शब्दों में कहा है कि दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार अपराधियों में से एक होने के नाते, उसे दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपना रिकॉर्ड सुधारे। संयुक्त राष्ट्र में भारतीय मिशन की प्रथम सचिव पेटल गहलोत ने शुक्रवार को पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक काकर के भाषण के बाद जवाब देने के अधिकार का प्रयोग करते हुए कहा, 'दुनिया के सबसे खराब मानवाधिकार रिकॉर्ड वाले देश के रूप में, खासकर अल्पसंख्यक और महिलाओं के अधिकारों मामले में, पाकिस्तान के लिए अच्छा होगा कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर उंगली उठाने से पहले अपना घर दुरुस्त कर ले।' गहलोत ने कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के काकर के प्रयासों को खारिज करते हुए कहा कि यह भारत का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा, 'हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं।' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं (और) पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है।'

काकर ने महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में अपने संबोधन में कहा कि सुरक्षा परिषद को कश्मीर पर कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कश्मीरियों के अधिकारों को दबाया जा रहा है, जबकि 'हिंदुत्व' ताकतें अल्पसंख्यकों के 'नरसंहार' की धमकी दे रही हैं। गहलोत ने कहा, 'भारत के खिलाफ आधारहीन और दुर्भावनापूर्ण प्रचार करने के लिए इस मंच का दुरुपयोग करना पाकिस्तान की आदत बन गई है।' उन्होंने कहा, 'संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश और अन्य बहुपक्षीय संगठन अच्छी तरह से जानते हैं कि पाकिस्तान मानवाधिकारों पर अपने खराब रिकॉर्ड से अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान भटकाने के लिए ऐसा करता है।'

'हम दोहराते हैं कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं।' उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्रशासित प्रदेशों से संबंधित मामले पूरी तरह से भारत के आंतरिक हैं (और) पाकिस्तान को हमारे घरेलू मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है:-पेटल गहलोत, भारतीय मिशन की प्रथम सचिव

विश्व बैंक ने पाकिस्तान को आर्थिक नीतियों में सुधार की दी चेतावनी

इस्लामाबाद। विश्व बैंक ने पाकिस्तान को चेतावनी है कि उसे अभिजात वर्ग के कब्जे और सैन्य, राजनीतिक और व्यापारिक नेताओं के मजबूत निहित स्वार्थों से प्रेरित नीतिगत निर्णयों के तहत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली 40 प्रतिशत आबादी के साथ पिछड़ा बने रहने या उज्ज्वल भविष्य के लिए रास्ता बदलने में से एक को चुनने का निर्णय लेना चाहिए। नए चुनाव चक्र से पहले विश्व बैंक की ओर से आगामी सरकार को शीघ्र विकल्प चुनने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया है कि अंतरराष्ट्रीय ऋणदाता और विकास भागीदार केवल सफलताओं और कुछ वित्तपोषण के अंतरराट्रीय अनुभवों के साथ सलाह दे सकते हैं, लेकिन कठिन विकल्प और सुधार के निर्णय केवल देश के भीतर ही लिए जा सकते हैं।

जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र आम सभा से इतर क्वाड, आईबीएसए बैठकों में लिया भाग

संयुक्त राष्ट्र, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक से इतर क्वाड और आईबीएसए की बैठकों में भाग लिया। जयशंकर ने शुक्रवार को बैठक के चौथे दिन भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के समूह क्वाड और भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका समूह आईबीएसए की मंत्रिस्तरीय बैठकों में हिस्सा लिया। उन्होंने ब्रिटेन के विदेश कार्यालय में राज्य मंत्री तारिक महमूद अहमद, ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग, जापान के योको कामिकावा और बहरीन के अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़यानी के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन क्वाड बैठक में मौजूद थे। सदस्य देशों ने आतंकवाद से लड़ने और क्षेत्र के लिए विकास परियोजनाओं पर संयुक्त रूप से काम करते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र को 'धमकी और जबरदस्ती से मुक्त' रखने के लिए काम करने के अपने दृढ़ संकल्प को दोहराया। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा और दक्षिण अफ्रीका के नलेदी पंडोर ने आईबीएसए बैठक में भाग लिया, जो तीन देशों के बीच त्रि-महाद्वीपीय सहयोग पर केंद्रित थी। जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट किया कि उनका संयुक्त बयान 'हमारी दक्षिण-दक्षिण एकजुटता की ताकत को प्रदर्शित करता है'। अहमद के साथ बैठक के बाद, जयशंकर ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि उन्होंने यूक्रेन से संबंधित हालिया घटनाक्रम पर चर्चा की - जहां दोनों देश एक-दूसरे से नज़रें नहीं मिलाते हैं - और द्विपक्षीय संबंधों का जायजा लिया। जयशंकर ने कामिकावा के साथ पोस्ट किया कि उन्होंने 'हमारी विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया।

सुडोकू 6326

		9			7			
		8	5	1	3	4		
	3				8	7		
		5				1	7	4
	1						8	
9	8	7				2		
		4	9				2	
		1	8	2	4	3		
			7			9		

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6326

बायें से दायें:-

१. झूठी बात
४. विचाराधीन कैदियों के रखने की जगह (उर्दू)
६. निषेध
७. एक पक्षी
८. सारंगी बजाने की कमानी
१०. मंत्री (उर्दू)
११. अणु-संबंधी
१३. बेचैनी, छटपटाहट
१४. सवेरा, प्रभात
१५. रोगरहित
१७. निवेदन, आवेदन-पत्र
१९. अंधकार
२१. तीन भुजा वाली आकृति, त्रिकोण
२२. जुल्म की शिकायत, अन्याय, अत्याचार से बचाने की प्रार्थना (उर्दू)
२४. पृथ्वी के गर्भ से उत्पन्न एक दैत्य

ऊपर से नीचे:-

१. बनावटी व्यवहार करने वाला
२. वश में करने की क्रिया विद्या
३. नौजवान
४. उपयोगी, लाभप्रद
५. यात्रियों, पथिकों के लिए नि:शुल्क रुकने-ठहरने की जगह
९. वह पत्र जिसमें किसी के जन्मकाल के ग्रह नक्षत्रों की स्थिति, उनके शुभाशुभ फल बताए गए हैं
११. आश्रय, सहारा (उर्दू)
१२. आश्चर्य, हैरानी
१३. पुत्री
१४. आराम
१५. नियंत्रण में रखा हुआ
१६. साहूकार
१८. पक्षी
१९. भोर, प्रभात
२०. यात्रा (उर्दू)
२३. स्थिति, अवस्था

वर्ग पहेली-6325

१ ले	दे	२ क	र	■	■	३ वि	धि	४ व	त
श	■	ल	■	५ ग	र्ज	ना	■	ह	■
६ मा	न	म	लि	न	■	७ य	त्न	शी	८ ल
त्र	■	बं	■	९ का	लि	क	■	■	ची
■	१० बे	द	११ ख	ल	■	■	१२ वि	षै	ला
■	का	■	प	■	१३ मं	जू	षा	■	प
१४ ब	र	१५ सा	ना	■	ग	■	१६ द	१७ फ	न
रा	■	व	■	१८ ग	ल	१९ त	■	रे	■
२० ब	हु	धा	■	ण	■	२१ र	ह	ब	२२ र
र	■	२३ न	र	क	पा	ल	■	■	ण

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 24 सितम्बर , 2023 भाद्र शुक्ल पक्ष 10

राशिफल

मेष - आज आप सभी कार्य अच्छी तरह से पूरी कर सकेंगे, परंतु आपने जो दिशा पसंद की है, ऐसा भी हो सकता है कि वह गलत हो। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम से जुड़ सकते हैं। किसी तीर्थ यात्रा पर जाने की संभावना है।

वृषभ - आप जो कार्य हाथ में लेंगे, वह समय से पूरा न होने पर निराशा का अनुभव करेंगे। काम सफल होने में थोड़ा समय लगेगा। आहार में ध्यान न देने के कारण तबीयत खराब हो सकती है।

मिथुन - आपके दिन की शुरुआत ताजगी और स्फूर्ति के साथ होगी। आप मित्रों और मेहमानों के साथ भोजन या पिकनिक का आनंद उठाएंगे। आप नए परिधान, आभूषण और वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं।

कर्क - आज आपकी चिंताएं दूर होगी। आप खुशी अनुभव कर सकेंगे। परिजनों के साथ समय व्यतीत करके आनंद प्राप्त कर सकेंगे। आपको काम में सफलता और कीर्ति मिलेगी। नौकरी में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह - आज आप स्वयं को शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रख सकेंगे। आपकी सृजनशीलता में अधिक निखार आएगा। लेखन और साहित्य में कुछ नई रचना कर सकेंगे। प्रियजन के साथ की मुलाकात आनंददायक रहेगी।

कन्या - आपको थोड़ी कठिन परिस्थिति के लिए तैयार रहना पड़ेगा। आपका स्वास्थ्य थोड़ा खराब होगा और किसी बात का डर मन में लगा रहेगा। मां के साथ मतभेद हो सकता है। सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकते हैं।

तुला - नए काम शुरू करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आप अधिक भाग्यशाली बनेंगे और आर्थिक लाभ होने की संभावना है। किसी सामाजिक समारोह में उपस्थित रहने के लिए बाहर जाना पड़ेगा।

वृश्चिक - आज आपके कुटुंब में सुख-शांति का माहौल रहेगा। सम्बंधियों और मित्रों से मिलेंगे, स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकेंगे। धार्मिक कार्यक्रम के पीछे खर्च हो सकता है। आप आभूषण और घरेलू वस्तुओं की खरीदारी कर सकेंगे।

धनु - आज आप निर्धारित कामों में सफलता तथा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। आप परिवार सहित शुभ अवसर में उपस्थित हो सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाने की संभावना है।

मकर - आपका दिन धार्मिक कामों में व्यस्त होगा। किसी धार्मिक काम में आपके पैसे खर्च होंगे। परिजनों और सम्बंधियों के साथ बातचीत में ध्यान रखना पड़ेगा, अन्यथा आपकी वाणी से उनका मन दुखी हो सकता है।

कुंभ - आज आप नए काम हाथ में लेंगे। भाग्य आपके साथ रहेगा। नौकरी- धंधे में आय के नए स्रोत खड़े होंगे। आपको अपने मित्रों से लाभ हो सकेगा। समाज में आप मान- सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आज का दिन आपके लिए अच्छा फलदायक रहेगा। आप कामकाज में सफलता प्राप्त करेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से मिलनेवाला प्रोत्साहन आपके उत्साह में वृद्धि करेगा। व्यापार और आय में वृद्धि होगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

मीरवायज उमर फारूक के भाषण के दौरान भड़काऊ नारेबाजी करने वाले 1 हिरासत में

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। चार साल की नजरबंदी से रिहा होने के उपरांत मीरवायज उमर फारूक ने श्रीनगर की जामा मस्जिद में धार्मिक उपदेश के दौरान स्थिति पूरी तरह से रहने का नागरिक प्रशासन का दावा आज कश्मीर पुलिस की उस स्वीकारोक्ति के बाद पूरी तरह से झूठा साबित हो गया है जिसमें कश्मीर पुलिस ने खुद स्वीकार किया हे कि उसने 10 उन युवकों को जामा मस्जिद के बाहर भड़काऊ नारेबाजी के लिए पकड़ा है।

पुलिस ने इसके प्रति खुद जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीनगर की एतिहासिक जामिया मस्जिद में शुक्रवार की नमाज के बाद कुछ युवकों ने माहौल खराब करने की कोशिश की। उन्होंने भड़काऊ नारेबाजी की। मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ऐतिहासिक जामिया मस्जिद परिसर में भड़काऊ नारेबाजी करने में लिप्त 10 हुड़दंगियों को हिरासत में ले लिया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) की एक पोस्ट में, पुलिस ने कहा कि उन पर कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि कल शुक्रवार की नमाज के बाद जामिया मस्जिद के बाहर शांतिपूर्ण माहौल को खराब करने की कोशिश करने के आरोप में 10 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया। उन पर कानून की संबंधित धारा के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने जनता से अनुरोध किया है कि वे ऐसे कृत्यों में शामिल न हों, अन्यथा कानून अपना काम करेगा।

■ शुक्रवार को शांति से हुई नमाज के दावे पर भारी पड़ी पुलिस की स्वीकरोक्ति

पुलिस का कहना है कि नमाज के संपन्न होने के बाद वहां कुछ तत्वों ने भड़काऊ नारेबाजी कर माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया था। इससे वहां कुछ समय के लिए तनाव भी पैदा हुआ था, लेकिन मस्जिद प्रबंधन और वहां मौजूदा गणमान्य नागरिकों ने हस्ताक्षेप कर स्थिति को पर काबू पा लिया। पकड़े गए युवकों में से अधिकांश नाबालिग हैं। याद रहे डाउन टाउन में नौहट्टा स्थित ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में गत शुक्रवार को हुर्रियत चेयरमैन मीरवायज मौलवी उमर फारूक लगभग चार साल बाद नमाज ए जुम्मा अदा करने पहुंचे थे। और उसके उपरांत कश्मीर के मंडलायुक्त ने शुक्रवार की नमाज के शांतिपूर्ण होने का दावा भी एक पत्रकार सम्मेलन में किया था।

युद्ध खत्म होने तक यूक्रेन नाटो का सदस्य नहीं बन सकता: स्टोलटेनबर्ग

कीव, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। नाटो महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा है कि युद्ध समाप्त होने तक यूक्रेन किसी गुट का सदस्य नहीं बन सकता। यूक्रिनफॉर्म की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क में काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में पब्लिक लेक्चर के दौरान की। स्टोल्टेनबर्ग ने कहा, 'यह तथ्य कि युद्ध अभी जारी है, हमें उन्हें (यूक्रेनियों को) कल या आज आमंत्रित करने की अनुमति नहीं देता है।' समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उसी समय, स्टोल्टेनबर्ग ने सुझाव दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त होने के बाद यूक्रेन नाटो का सदस्य बन सकता है। उन्होंने कहा, 'ये परस्पर संबंधित मुद्दे हैं - नाटो सदस्यता, युद्ध समाप्त करना और युद्ध के बाद स्थायी शांति सुनिश्चित करना।' उन्होंने कहा, यूक्रेन को पश्चिमी शैली के हथियार और यूक्रेनी सैनिकों को प्रशिक्षण प्रदान करना यूक्रेन को नाटो सदस्यता के करीब ला रहा है। नाटो ने 2020 में यूक्रेन को अपने उन्नत अवसर भागीदार के रूप में मान्यता दी थी।

यूक्रेन को हाइटेक मिसाइल भेजेंगे बाइडेन, रूस की बढ़ी चिंता

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा है कि वाशिंगटन कीव को एक प्रकार की लंबी दूरी की मिसाइल भेजेगा जो रूस के अंदर हमला करने में सक्षम होगी। एनबीसी न्यूज के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि एटीएसीएमएस के नाम से जाना जाने वाला आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम यूक्रेन को कब दिया जाएगा, न ही यह निश्चित है कि औपचारिक घोषणा कब की जाएगी। रिपोर्ट में तीन अमेरिकी अधिकारियों और चर्चाओं से परिचित एक कांग्रेसी अधिकारी का हवाला दिया गया है जो जानकारी को सार्वजनिक करने के लिए अधिकृत नहीं है।

'जापान का समुद्र में दूषित पानी छोड़ा जाना वैश्विक विश्वास, एकजुटता पर हमला'

होनियारा, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। सोलोमन द्वीप के प्रधानमंत्री मनश्शे सोगावरे ने शुक्रवार को जापान की ओर से समुद्र में परमाणु-दूषित पानी छोड़े जाने की आलोचना की और इसे वैश्विक विश्वास और एकजुटता पर हमला बताया। श्री सोगावरे ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस में कहा कि सोलोमन द्वीप समान विचारधारा वाले प्रशांत द्वीपवासियों के साथ खड़ा है और जापान के 10 लाख टन से अधिक परमाणु-दूषित पानी को समुद्र में छोड़ने के फैसले से स्तब्ध है। उन्होंने कहा कि यदि परमाणु-दूषित पानी सुरक्षित है, तो इसे जापान में संग्रहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'हम जापान से परमाणु उपचारित अपशिष्ट जल के समाधान के लिए अन्य विकल्प तलाशने और इसे तुरंत प्रशांत महासागर में छोड़ना बंद करने का आह्वान करते हैं। अगर हमें विश्वास का पुनर्निर्माण करना है और वैश्विक एकजुटता को फिर से जगाना है, तो हमें अपने महासागरों की रक्षा करने में ईमानदार और स्पष्ट होना चाहिए जो हमारे लोगों की जीवनधारा है।'



आज का इतिहास

1688 - फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1726 - ईस्ट इंडिया कंपनी को बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में नगर निगम और महापौर अदालतों को बनाने के लिए अधिकृत किया गया।
1789 - अमेरिका में अटॉर्नी जनरल का कार्यालय बनाया गया।
1932 - डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा गांधी के बीच पुणे की यरवडा सेंट्रल जेल में 'दलितों' के लिए विधानसभाओं में सीटें सुरक्षित करने को लेकर एक विशेष समझौता हुआ।
1932 - बंगाल की क्रांतिकारी राष्ट्रवादी प्रीतिलता वादेदार देश की आजादी के लिए प्राण न्यौछावर करने वाली पहली महिला बनी।
1948 - होंडा मोटर कंपनी की स्थापना।
1965 - यमन को लेकर सऊदी अरब और मिस्र के बीच समझौता।
1968 - दक्षिण अफ्रीकी देश स्वाजीलैंड संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।
1971 - ब्रिटेन ने जासूसी के आरोप में 90 रूसी राजनयिकों को निष्कासित किया।
1978 - पूर्व सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1979 - घाना ने संविधान अपनाया।
1990 - पूर्वी जर्मनी ने खुद को वारसा संधि से अलग किया।
1996 - अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने संयुक्त राष्ट्र में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर किये।
1996 - व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर होने शुरू, सं.रा. अमेरिका संधि पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश।
2003 - फ्रांस के राष्ट्रपति जैक्स शिराक ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की दावेदारी का समर्थन किया।
2005 - आई.ए.ई.ए. ने ईरानी परमाणु कार्यक्रम के मुद्दे को सुरक्षा परिषद को सौंपने का निर्णय लिया।
2007 - म्यांमार की सैन्य सरकार के ख़िलाफ़ राजधानी यांगून में एक लाख से अधिक लोग सड़कों पर उतरे।
2008 - चीन और नेपाल ने दूरसंचार के क्षेत्र में एक अहम अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किया।

बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में मंजूरी

वैश्विक नेताओं ने 23 तक टीबी को ख़त्म करने की प्रतिबद्धता जताई

संयुक्त राष्ट्र, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। तपेदिक (टीबी) के खिलाफ लड़ाई पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्च स्तरीय बैठक में विश्व नेताओं ने 23 तक इस बीमारी को खत्म करने के प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए एक राजनीतिक घोषणा को मंजूरी दे दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, दस्तावेज़ में अगले पांच वर्षों के लिए महत्वाकांक्षी नए लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं जिसमें 9 प्रतिशत लोगों तक टीबी की रोकथाम और देखभाल सेवाएं पहुंचाना, बीमारी से पीड़ित लोगों को सामाजिक लाभ पैकेज प्रदान करना और कम से कम एक नए टीके का लाइसेंस देना शामिल है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने शुक्रवार को कहा, 'मैं सभी सदस्य देशों को राजनीतिक घोषणा के इस मसौदे की मंजूरी के लिए बधाई देता हूं, जिसे मैं बाद में औपचारिक रूप से अपनाने के लिए महासभा को सौंपा जायेगा।' फ्रांसिस ने कहा, 'हम आज एक उद्देश्य या संकल्प के साथ एक साथ आए हैं और प्रतिबद्धताओं को फिर से मजबूत करने और तपेदिक को समाप्त करने की दिशा में प्रगति में तेजी लाने का प्रयास करते हैं, जो एक सहस्राब्दी पुरानी बीमारी है लेकिन आज भी यह दुनिया की शीर्ष संक्रामक जानलेवा बीमारियों में से एक है।' उन्होंने कहा, 'मनुष्य को चंद्रमा पर भेजने से लेकर दुनिया को अपनी उंगलियों पर लाने तक - इतनी प्रगति के बावजूद, एक रोके जाने योग्य और इलाज योग्य बीमारी को हराने में हम क्यों असमर्थ हैं जो एक दिन में 4,400 से अधिक लोगों की जान ले लेती है?' फ्रांसिस ने कहा, 'टीबी महामारी गरीबी और अल्पपोषण जैसी असमानताओं के कारण पनपती है, और यह संघर्षों, जलवायु परिवर्तन और अन्य संकटों से और बढ़ जाती है।' उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने टीबी को खत्म करने की लड़ाई में वर्षों की प्रगति पर पानी फेर दिया है। इससे प्रभावित लोगों, खासकर सबसे कमजोर लोगों, पर भारी बोझ पड़ा। संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने संक्रमण के मुख्य कारकों - गरीबी, अल्पपोषण, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच की कमी, एचआईवी संक्रमण की व्यापकता, मधुमेह, मानसिक स्वास्थ्य और धूम्रपान से निपटने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बीमारी से जुड़े कलंक को कम करने की जरूरत है ताकि लोगों को भेदभाव के डर के बिना मदद मिल सके और सरकारों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज सुनिश्चित करना चाहिए जिसमें टीबी की जांच, रोकथाम और उपचार शामिल है। मोहम्मद ने वैश्विक लड़ाई का समर्थन करने का अपना कारण भी साझा किया। उन्होंने कहा, 'मेरी प्रतिबद्धता मेरी निजी कहानी है, इसी सप्ताह 37 साल पहले मैंने अपने पिता को टीबी के कारण खो दिया था जो उस समय महज 50 साल के थे।'

सुडोकू 6326 का हल

1	4	9	2	6	7	8	3	5
7	2	8	5	1	3	4	9	6
5	3	6	4	9	8	7	1	2
2	6	5	3	8	9	1	7	4
4	1	3	6	7	2	5	8	9
9	8	7	1	4	5	2	6	3
3	7	4	9	5	1	6	2	8
6	9	1	8	2	4	3	5	7
8	5	2	7	3	6	9	4	1

दुनिया को जानें

सूडान में युद्ध के कारण 53 लाख लोग हुये विस्थापित

खार्तूम, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद अप्रैल के मध्य से सूडान में युद्ध से लगभग 53 लाख लोग विस्थापित हो गये। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ओसीएचए ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, 'अप्रैल के बाद से पांचवें महीने में एसएएफ और आरएसएफ के बीच लड़ाई के कारण, लगभग 53 लाख लोग अपने घर छोड़कर सूडान या पड़ोसी देशों में शरण ले चुके हैं।' इसमें कहा गया है, 'सूडान के भीतर, 19 सितंबर तक सभी 18 राज्यों में 3,929 स्थानों पर 42 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं।' ओसीएचए ने संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के हवाले से कहा कि इसके अलावा, 10 लाख से अधिक लोग मध्य अफ्रीकी गणराज्य, चाड, मिस्र, इथियोपिया और दक्षिण सूडान सहित पड़ोसी देशों में चले गए हैं।

खेल जगत

शमी हमेशा हाफ-वॉली लेंथ से घातक होते है : मार्क वॉ

नई दिल्ली, 23 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर मार्क वॉ ने मोहाली में पहले वनडे में मोहम्मद शमी के प्रदर्शन (5/51) की तारीफ़ करते हुए कहा कि भारतीय तेज गेंदबाज हाफ-वॉली लेंथ से हमेशा खतरनाक है। उन्होंने कहा, उन्होंने बिल्कुल सही लेंथ पर गेंद फेंकी और उन्होंने बल्लेबाजों को क्रीज पर रोका -- न शार्ट और न फुल लेंथ, बिल्कुल सही लंबाई जहां आपको थोड़ा सा मूवमेंट मिलता है। इस लेंथ पर बल्लेबाजों को चौका नहीं मिल सकता। शमी उस हाफ-वॉली लेंथ से बैट्समेन को परेशान कर रहे थे। इस बीच, भारत के पूर्व क्रिकेटर अभिषेक नायर ने उस निर्णय के बारे में बात की जो भारतीय थिंक-टैंक को प्लेइंग इलेवन के संबंध में करना है कि क्या शमी और मोहम्मद सिराज दोनों को एक साथ रखना संभव होगा। इन दोनों के बीच एक दिलचस्प मुकाबला होने वाला है।

आईसीसी टूर्नामेंट से पहले रोटेशन से मदद मिलती है: शमी

मोहाली, 23 सितंबर (एजेंसियां) पहले वनडे में अपने दूसरे पांच विकेट के साथ ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पांच विकेट की जीत में जोरदार भूमिका निभाने के बाद, अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने पुरुष वनडे से पहले टीम प्रबंधन द्वारा अपनाई गई रोटेशन नीति के पक्ष में जोरदार आवाज उठाई। उन्होंने कहा की कि इससे उन खिलाड़ियों को कुछ समय खेलने में मदद मिलती है जो अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं।

पीसीए स्टेडियम की दो गति वाली पिच पर, शमी ने मिशेल मार्श को जल्दी आउट करके माहौल तैयार किया, इसके बाद स्टीव स्मिथ को आउट करने के लिए लौटे और मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू शॉर्ट और सीन एबॉट को आउट करके ऑस्ट्रेलिया को देर से पतन की ओर ले गए और 5-51 विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया को 276 पर निपटा दिया।

शमी ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, जब आप एक टीम बनाते हैं, तो खिलाड़ियों को घुमाने में कोच की भूमिका होती है और स्थिति के आधार पर यह तय किया जाता है। आपने देखा होगा कि हमें रोटेशन के कारण नतीजे मिले हैं और मेरा मानना है कि विश्व कप से पहले आपको लगातार दो मैच खेलकर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहिए। फिलहाल, यह अच्छा चल रहा है और हमें अच्छे परिणाम मिल रहे हैं।

यह हमारे लिए अच्छा है क्योंकि ऐसी परिस्थितियों (विश्व कप से पहले) में तेज गेंदबाजों को घुमाना महत्वपूर्ण है। यह गेंदबाजों के लिए अधिक महत्वपूर्ण है, ऐसा नहीं है कि यह बल्लेबाजों के लिए आसान है लेकिन फिर भी। रोटेशन विशेष रूप से आईसीसी टूर्नामेंट से पहले महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से उन लोगों की मदद करता है जिनके पास %मैं कुछ जरूरी गेमटाइम हासिल

करने के लिए लय में नहीं हूं।

यह लगातार दूसरा मौका था, जब कोलंबो में एशिया कप फाइनल में मोहम्मद सिराज के घातक स्पैल में छह विकेट लेने के बाद किसी भारतीय तेज गेंदबाज ने पांच विकेट लिए, जिससे मेजबान टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। आराम कर रहे सिराज की जगह खेलने वाले शमी को लगा कि अत्यधिक गर्मी में गेंदबाजी करना उनके लिए कोई समस्या नहीं है, हालांकि वह चार ओवर फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए।

हम रणनीति के संबंध में इस (अत्यधिक गर्मी में गेंदबाजी) के बारे में कभी भी ज्यादा बात नहीं करते हैं। यह पूरी तरह से खेल की स्थिति पर निर्भर करता है कि हमें लंबे या छोटे स्पैल में गेंदबाजी करनी है, जैसे कि विपक्षी बल्लेबाज कैसे हैं। गर्मी निश्चित रूप से एक कारक है लेकिन जब आप इतने लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं तो यह कोई बहाना नहीं हो सकता।

इसका मतलब यह नहीं है कि किसी खिलाड़ी की फिटनेस या स्टेमिना गिर गई है या वह संघर्ष कर रहा है। खिलाड़ी भी इंसान हैं. यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितना प्रयास कर रहे हैं। कभी-कभी, यदि सतह पर्याप्त प्रतिक्रियाशील नहीं है, तो आपको एक तेज गेंदबाज के रूप में इतना अतिरिक्त प्रयास करना पड़ता है और इससे एक या दो ओवर का अंतर हो जाता है। हालांकि यह सब मैदान की स्थिति पर निर्भर करता है।

शमी ने तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जसप्रीत बुमराह से मिले सहयोग को भी श्रेय दिया, जिन्होंने अपने दस ओवरों में 43 रन देकर एक विकेट लिया। एक गेंदबाज के रूप में यह संतोषजनक है जब आप ऐसी सतह पर लय पाते हैं जो स्वाभाविक रूप से आपके प्रति प्रतिक्रियाशील नहीं है। ये चीजें आपकी गति को बदल देती हैं और यदि आपने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय गेंदबाजी आक्रमण पर ध्यान दिया है, तो आप देखेंगे कि हम हमेशा एक दूसरे को मदद करते हैं।

अगर मैं विकेट लेता हूं, तो दूसरे छोर पर बुमराह रन रोक रहे होंगे। इस तरह की साझेदारी वाली गेंदबाजी बहुत महत्वपूर्ण है। कोई किसी विशेष दिन पर दूसरे की तुलना में अधिक विकेट लेगा, लेकिन सहायक भूमिकाएं भी उतनी ही महत्वपूर्ण रहेंगी।

शमी ने कहा कि वेस्टइंडीज दौरे को छोड़ने के फैसले से उन्हें सभी प्रारूपों में खेलने की बहुत व्यस्त अवधि के बाद खुद को तरोताजा करने में मदद मिली।

जब भी मैं वापस आया हूं, मेरी गेंदबाजी में वही लय रही है। मुझे ब्रेक की जरूरत थी क्योंकि मैंने सात-आठ महीने तक लगातार क्रिकेट खेला। मेरे मन में, मुझे लग रहा था कि मुझे सीरीज (वेस्टइंडीज के खिलाफ) से ब्रेक लेने की जरूरत है, जो कप्तान और कोच के साथ बातचीत के बाद तय हुआ।%

लेकिन मेरा आराम कभी भी ब्रेक अवधि जैसा नहीं लगा क्योंकि मेरे पास अभ्यास और कंडीशनिंग के लिए घर पर एक विस्तृत प्रशिक्षण सेट-अप है। आमतौर पर, जब मैं भारतीय टीम के साथ नहीं होता हूं तो उससे ज्यादा घर पर ट्रेनिंग करता हूं।

हम अपने देश के लोगों के लिए विश्व कप जीतने का क्षण फिर से बना सकते हैं : केएल राहुल

नई दिल्ली, 23 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने उस पल को याद किया जब 2011 विश्व कप फाइनल में एमएस धोनी ने श्रीलंका के खिलाफ विजयी छक्का लगाकर मेजबान टीम को दूसरा वनडे विश्व कप खिताब दिलाया था और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आगामी 2023 संस्करण में वह इस क्षण को फिर दोहरा सकेंगे। राहुल ने जियोसिनेमा से कहा, मैं बेंगलुरु में था और कुछ दोस्तों के साथ मैच देख रहा था। मुझे याद है जब हमने दो विकेट जल्दी खो दिए थे तो हम सभी ने सोचा था कि मैच ख़त्म हो गया है। बाद में, जब हम जीत गए, तो हम बेंगलुरु के सबसे व्यस्त इलाके में गाड़ी चलाकर पहुंचे और वहां ऐसा दृश्य था, हर कोई उछल रहा था और जश्न मना रहा था। यह हम सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था और उम्मीद है कि हम इसे अपने देश के लोगों के लिए फिर से बना सकते हैं।

राहुल विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों में भारत की कप्तानी कर रहे हैं। नेतृत्व की भूमिका निभाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, टीम प्रबंधन ने पिछले दो वर्षों में मुझ पर बहुत भरोसा दिखाया है। वे मुझे और जिम्मेदारियाँ देते रहते हैं जिससे पता चलता है कि उन्हें मेरी क्षमताओं पर विश्वास है। इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है और मुझे जिम्मेदारी लेने में मजा भी आता है। यह जीवन और क्रिकेट खेलने को और अधिक मजेदार बनाता है।

राहुल ने एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मैच में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाकर दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा, जिसे भारत ने मोहाली में पांच विकेट से जीता था।

हर किसी ने मुझे एशिया कप में खेलते हुए देखा

है, मैंने सुपर फ़ोर में सभी मैच खेले हैं। मैंने विकेट के पीछे कीपिंग की, बल्लेबाजी की और रन भी बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उस सवाल का जवाब उन सभी के लिए है जो मेरी फिटनेस को लेकर चिंतित थे। उम्मीद है, मैं विश्व कप और ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के साथ आने वाले दो बड़े महीनों को इसी तरह फॉर्म को जारी रखूंगा।

मैच के लिए अपनी शारीरिक तैयारी के बारे में पूछे जाने पर, राहुल ने कहा, मुझे पता था कि जब मैं टीम में लौटूंगा, तो मुझे विकेट बचाकर रखना होगा और बल्लेबाजी करनी होगीज जब मैं केवल बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो उसकी तुलना में शारीरिक चुनौतियां बहुत अधिक होती हैं। मैं यह जानता था, इसलिए मैंने अपनी फिटनेस पर बहुत मेहनत की। क्रिकेटरों के रूप में, हम उन चुनौतियों को जानते हैं जिनका हमें मैदान पर सामना करना पड़ेगा और हम प्रशिक्षण और अभ्यास सत्र में इसे दोहराने की कोशिश करते हैं। राहुल ने अपने वनडे करियर की शुरुआत सलामी बल्लेबाज के रूप में की थी, लेकिन 2019 में पिछले विश्व कप के बाद से उन्हें मध्यक्रम के बल्लेबाज के रूप में सफलता मिली है।

वॉलीबॉल ओलंपिक क्वालीफायर में अमेरिका ने इटली को हराया

वारसॉ, 23 सितंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी महिला वॉलीबॉल टीम ने लॉड्ज़, पोलैंड में वॉलीबॉल ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में इटली को 3-1 (25-19, 23-25, 25-21, 25-18) से हराकर अपनी जीत का सिलसिला पांच मैचों तक बढ़ा दिया है। जॉर्डन थॉम्पसन ने अपनी टीम को 24 अंकों के साथ भारी जीत दिलाई, जबकि हिटर केल्सी रॉबिन्सन ने 16 अंक दिए। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इटली के लिए एकातेरिना एंट्रोपोवा ने 20 अंक अर्जित किए। डेविड माज़ांती के खिलाड़ियों ने अधिक गलतियाँ कीं और अमेरिका को 24 अंक दिए, जिसने त्रुटियों पर 14 अंक खो दिए। पहले सेट में 25-19 से हारने के बाद, इटली ने दूसरे सेट को 25-23 से अपने नाम करके बेहतरीन तरीके से वापसी की, क्योंकि एंट्रोपोवा ने सात हमलों, एक ब्लॉक और एक ऐस के साथ नौ अंक जुटाए। ओलंपिक चैंपियन अमेरिका ने अपने पूल सी अभियान में पांचवीं जीत के लिए अगले दो सेट हासिल किए, और एक बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ शीर्ष स्थान पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। इटली चार जीतों के साथ दूसरे स्थान पर है, और पोलैंड भी 4-1 रिकॉर्ड के साथ उसके बाद है। इससे पहले शुक्रवार को, मेजबान पोलैंड ने मार्टिना कज़र्नियांस्का के स्पाइक और टाई-ब्रेक के अंतिम मिनट में एक प्रभावी डबल ब्लॉक की बदौलत जर्मनी को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 3-2 (20-25, 27-25, 25-21, 22-25, 15-12) से हराया। शनिवार को पोलैंड संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ खेलेगा, थाईलैंड का सामना दक्षिण कोरिया से होगा और इटली का जर्मनी के खिलाफ मुकाबला होगा।

भारत बना क्रिकेट की दुनिया का सरताज

मोहाली 23 सितंबर (एजेंसियां) आस्ट्रेलिया को पहले एक दिवसीय मैच में हरा कर भारत ने टी-20 और टेस्ट मैच के बाद वनडे रैंकिंग में भी शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

शुक्रवार को खेले गये मैच में भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया था और इस जीत के साथ ही टीम ने पाकिस्तान को वनडे रैंकिंग के शीर्ष से नीचे ढकेलते हुये खुद को नम्बर एक पर काबिज कर लिया। क्रिकेट के तीनो प्रारूपों में अव्वल रहने का करिश्मा इससे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम ने वर्ष 2012 में किया था। मोहाली में ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की जीत के बाद फ़िलहाल भारत के पास 116 अंक हैं जबकि पाकिस्तान 115 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गया है।

सितंबर के महीने में भारत, पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच लगातार शीर्ष स्थान के लिए लड़ाई चलती रही है। एशिया कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद पाकिस्तान ने नंबर 1 रैंकिंग अपने नाम किया था। ऑस्ट्रेलिया साउथ अफ़्रीका में लगातार तीन मैच हारते हुए इस रेस में पिछड़ गए थे। भारत ने पहले एशिया कप फ़ाइनल में श्रीलंका को रौंदा और फिर मोहम्मद शमी की गेंदबाज़ी से प्रेरित ऑस्ट्रेलिया को ऐसे मैच में हराया जहां 1987 के बाद केवल पहली बार उनके लिए शीर्ष छह में चार बल्लेबाज़ों ने अर्धशतक जड़े।

भारत के पास चार ऐसे खिलाड़ी भी हैं जो खिलाड़ियों के रैंकिंग्स में टॉप स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव टी20आई के शीर्ष बल्लेबाज़ हैं, मोहम्मद सिराज वनडे के शीर्ष गेंदबाज़, जबकि आर अश्विन और रवींद्र जाडेजा क्रमश: टेस्ट के शीर्ष गेंदबाज़ और ऑलराउंडर स्थान पर क़ाबिज़ हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ के बचे मैच इंदौर और राजकोट में खेले जाएंगे। इसके बाद उन्हें दो विश्व कप वॉर्म-अप खेलकर अपने अभियान की शुरुआत चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के ही ख़िलाफ़ करनी होगी।

औरों से जुदा हैं बाबर, विश्व कप में गेंदबाजों के लिए बनेंगे सिरददर्द : गंभीर

मोहाली 23 सितंबर (एजेंसियां) भारत के पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि पांच अक्टूबर से भारत में शुरू होने वाले एक दिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम गेंदबाजों के लिये सरदर्द साबित होंगे।

क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गंभीर ने स्टार स्पोर्टस पर अपनी राय व्यक्त करते हुये कहा कोई शक नहीं कि विराट कोहली,केन विलियम्सन, स्टीव स्मिथ,जो रूट,रोहित शर्मा और डेविड वार्नर दुनिया के धाकड़ बल्लेबाज हैं मगर बाबर आजम के पास वह क्वालिटी है कि वह किसी भी गेंदबाज को छकाने का माद्दा रखते हैं। मैने बहुत कम ऐसे

खिलाड़ी देखे है जिनके पास इतना वक्त है बल्लेबाजी करने के लिये। बाबर आजम के पास अलग लेवल की क्वालिटी है जो उन्हे मौजूदा बल्लेबाजों से अलग बनाती है।

गौरतलब है कि विश्वकप का आगाज पांच अक्टूबर को होगा मगर भारत अपना पहला मैच आस्ट्रेलिया के साथ आठ अक्टूबर को चेन्नई में खेलेगी। भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा। टूर्नामेंट का फाइनल में भी अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। बाबर आजम ने पाकिस्तान के लिए 108 वनडे मुकाबलों में 58.16 की औसत से 5409 रन बनाए हैं जिसमें उनके 19 शतक और 28 अर्धशतक शामिल हैं।

टीटी में भारत ने दिखाया दम, महिला और पुरूष अगले दौर में

हांगझोउ, 22 सितंबर (एजेंसियां) टेबल टेनिस में महिला और पुरूष टीम ने शुक्रवार को अपने अपने ग्रुप मैच जीतकर 19वें एशियाई खेलों में अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

यमन के खिलाफ पहले मुकाबले में शरथ कमल, जी साथियान और हरमीत देसाई ने 3-0 से आसान जीत दर्ज की जबकि बाद में सिंगापुर के खिलाफ भी पुरूष टीम ने मुकाबला 3-1 से अपने नाम कर लिया। जी साथियान ने यमन के अली उमर अहमद को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया जबकि उम्रदराज शरथ ने इब्राहिम अब्दुलहकीम मोहम्मद गुब्रान को 11-3, 11-4, 11-6 से शिकस्त दी। देश के शीर्ष वरीय खिलाड़ी हरमीत ने मगद अहमद अली अल्धुभानी को 11-1, 11-1, 11-7

से हराकर मुकाबला भारत के नाम किया।

दिन के दूसरे मैच में साथियान ने सिंगापुर के इजक यंग क्वेक को 5-11 12-10 11-6 11-9 से हराया वहीं हरमीत ने यिउ एन कोएन पांग पर 5-11 12-10 11-6 11-9 से शिकस्त दी। हालांकि शरथ कमल को झे यु क्लारेंस चियू से 11-13 8-11 12-10 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। बाद में साथियान ने पांग को 11-7 10-12 11-9 11-6 से घुटनो पर बैठा दिया। भारतीय महिला टीम ने पूल एफ के शुरुआती मैच में सिंगापुर को 3-2 से हराया। पहले मैच में अयहिका मुखर्जी को जियांग जेंग से 11-7 2-11 7-11 10-12 से हार का सामना करना पड़ा मगर मनिका बत्रा ने जिंग्यी झोउ को 11-9 9-11 11-7 11-3 से हराकर मुकाबला बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। श्रीजा अकुला ने जिन रू वोंग को 12-14 11-9 8-11 11-9 11-7 से पराजित कर भारत को बढ़त दिला दी मगर यह बढ़त लंबे समय तक नहीं चल सकी जब मनिका बत्रा को झेंग से 3-11 11-3 10-12 12-10 10-12 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन मुखर्जी ने झोउ पर 11-7 11-8 9-11 11-5 की जीत से सुनिश्चित किया।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम का लक्ष्य हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना

हांगझोउ, 23 सितम्बर (एजेंसियां)। दिल में दृढ़ संकल्प और हाथों में हॉकी स्टिक के साथ, भारतीय पुरुष हॉकी टीम यहां 19वें एशियाई खेलों के लिए अपनी यात्रा शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 जीतने के बाद, भारतीय टीम इस गति को आगे बढ़ाने और स्वर्ण पदक जीतकर अपने देश को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय टीम का एशियाई खेलों में एक समृद्ध इतिहास है क्योंकि उन्होंने तीन स्वर्ण पदक (1966, 1998, 2014), नौ रजत पदक ((1958, 1962, 1970, 1974, 1978, 1982, 1990, 1994, 2002) और मार्की टूर्नामेंट में अब तक तीन कांस्य पदक (1986, 2010, 2018) जीते हैं।

इसलिए, भारतीय टीम का लक्ष्य अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखना और स्वर्ण पदक के लिए हर संभव प्रयास करना होगा क्योंकि इससे उन्हें 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता हासिल करने में मदद मिलेगी।

विशेष रूप से, भारत को 19वें एशियाई

खेल में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उज्बेकिस्तान के साथ पूल ए में रखा गया है और वे 24 सितंबर को उज्बेकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

पूल बी में कोरिया, मलेशिया, चीन, ओान, थाईलैंड और इंडोनेशिया शामिल हैं। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी।

इस बीच, भारत के कप्तान हरमनप्रीत सिंह, जिनकी निरंतरता और नेतृत्व ने भारत की हालिया सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, ने आगामी टूर्नामेंट के लिए अपना उत्साह और प्रेरणा व्यक्त की। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय मंच पर तिरंगे का प्रतिनिधित्व करना एक सम्मान की बात है, और हम एशियाई खेलों में अपना सब कुछ देने के लिए तैयार हैं। टूर्नामेंट से पहले, हम चुनौतीपूर्ण अभ्यास सत्र से गुजरे हैं, और प्रत्येक सदस्य शिविर पूरी तरह से केंद्रित और समर्पित है। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - स्वर्ण पदक जीतना और अगले साल पेरिस ओलंपिक के लिए सीधी योग्यता अर्जित करना।

साथ ही, कोच क्रेग फल्टन, जो अपनी रणनीतियों और कौशल को बेहतर बनाने के लिए टीम के साथ लगातार काम कर रहे हैं, का मानना है कि एकता और अनुशासन हांगझोउ में सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने कहा, हम टीम वर्क और मानसिक ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हुए कड़ी तैयारी कर रहे हैं। हमारी टीम में प्रतिभा है, और अब यह मैदान पर हमारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के बारे में है। हम प्रतिस्पर्धा का सामना करने और भारत को गौरव दिलाने के लिए उत्सुक हैं। 24 सितंबर को अपने शुरुआती मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ने के बाद, भारतीय टीम को क्रमश: 26, 28 और 30 सितंबर को सिंगापुर, जापान और पाकिस्तान से भिड़ना है। उनका अंतिम ग्रुप स्टेज मुकाबला 2 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ होगा।

भारत के मुकाबले

24 सितंबर को, भारत बनाम उज्बेकिस्तान, भारतीय समयानुसार 08.45 बजे

26 सितंबर को, भारत बनाम सिंगापुर, 06.30 बजे

28 सितंबर को, भारत बनाम जापान, भारतीय समयानुसार 1815 बजे

30 सितंबर को, भारत बनाम पाकिस्तान, 18.15 बजे

2 अक्टूबर को, भारत बनाम बांग्लादेश, 13.15 बजे

सार संक्षेप

पाकिस्तान को भरोसा , वार्म अप मैच से पहले मिल जायेगा वीजा

लाहौर। भारत में पांच अक्टूबर से शुरू होने वाले क्रिकेट विश्व कप के लिये अपने किट बैग तैयार कर रही पाकिस्तानी टीम को भरोसा है कि हैदराबाद में 29 सितंबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान की टीम को शुक्रवार तक विश्व कप के लिये भारतीय वीज़ा नहीं मिल सका था हालांकि इसके लिये आवेदन पहले ही कर दिया गया था मगर भरोसा है कि वर्ल्ड कप के वार्म अप मैच से पहले टीम को वीजा मिल जायेगा। दरअसल, पाकिस्तान की टीम विश्व कप से पहले दुबई में कुछ दिन रहकर टूर्नामेंट की तैयारी करना चाहती थी मगर वीज़ा मिलने में देरी के चलते उन्होने अपने कार्यक्रम में फेरबदल कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक वीजा में देरी के चलते पाकिस्तान की टीम अपनी सीधी उडान से हैदराबाद आने की सोच रही है। ईएसपीएनक्रिकइंफ़ो से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व कप के लिए यात्रा करने वाली नौ टीमों में पाकिस्तान इकलौती ऐसी टीम है जो अपने वीज़ा का इंतज़ार कर रही है। दोनों देशों के बीच राजनैतिक तनाव के चलते वीज़ा लेने की प्रक्रिया काफ़ी जटिल है। पाकिस्तान की टीम ने 216 में आखिरी बार टी2 विश्वकप खेलने भारत आयी थी।

बर्नाडाइन बेजुइडेनहाउट न्यूजीलैंड के दक्षिण अफ्रीका के महिला दौरे से बाहर

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड की महिला विकेटकीपर बल्लेबाज बर्नाडाइन बेजुइडेनहौट पोस्ट-वायरल पेरिकार्डिटिस से पीड़ित होने के बाद दक्षिण अफ्रीका दौरे से बाहर हो गई हैं। इज़ी गेज़, जिन्हें न्यूज़ीलैंड की एकदिवसीय टीम में नामित किया गया था, अब दौरे के टी2 चरण में बर्नाडाइन की जगह लेंगी। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने कहा कि 3 वर्षीय बर्नाडाइन का जोहान्सबर्ग में टीम डॉक्टर द्वारा मूल्यांकन किया गया और विशेषज्ञ स्कैन किया गया जिससे स्थिति का पता चला। डॉक्टर ने सिफारिश की है कि बर्नाडाइन को पूरी तरह से ठीक होने तक 4-6 सप्ताह तक शारीरिक गतिविधि सीमित करनी होगी। हम वास्तव में बर्नी के लिए महसूस कर रहे हैं। वह वास्तव में हमारी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है इसलिए हम सभी निराश हैं कि वह इस दौरे में हिस्सा नहीं ले पाएगी। वह एक मजबूत व्यक्तित्व वाली हैं और हम जानते हैं कि वह अपनी रिकवरी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होंगी और हम जितना संभव हो सके उनका समर्थन करेंगे। मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम यहां दक्षिण अफ्रीका में डॉक्टरों के बहुत आभारी हैं।

साहित्य

नूरजहाँ की आवाज़ अर्से तक ज़िंदा रहेगी

■ ज़ाहिद ख़ान

नूरजहाँ, भारतीय सिनेमा की वह अदाकारा और सिंगर हैं, जिन्हें अपने ज़माने में मलिका-ए-तरन्नुम और क्वीन ऑफ मेलोडी के नाम से ख़िताब किया जाता था। नूरजहाँ जितनी भारत में मक़बूल हैं, उतनी ही पाकिस्तान में। बंटवारे के बाद, वे पाकिस्तान चली गईं। और वहां भी वो अपनी आवाज़ का जादू चारों और बिखेरती रहीं। नूरजहाँ ने मूक फ़िल्मों से अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत की और कुछ ही बरसों में वे फ़िल्मी पर्दे पर छा गईं। अदाकारी के साथ उन्होंने गायकी भी की। 'खानदान', 'नौकर', 'जुगनू', 'दुहाई', 'जीनत' और 'अनमोल घड़ी' में गाये उनके गीत आज भी गुनगुनाये जाते हैं। 'आजा मेरी बर्बाद मोहब्बत के सहारे...', 'जवां है मोहब्बत...' ने तो उस वक़्त पूरे मुल्क में धूम मचा दी थी। अरसा गुज़र गया, मगर ये गीत आज भी उसी तरह से मशहूर हैं।

अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खां से ली। साल 1939 में आई फ़िल्म 'गुल-ए-बकावली' वह फ़िल्म थी, जिसमें उन्होंने सबसे पहले गाना गाया। इस फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ फ़िल्म इंडस्ट्री में सुर्ख़ियों मे आ गईं। साल 1942 में फ़िल्म 'खानदान' रिलीज हुई। इस फ़िल्म में भी उन्होंने अदाकारी के साथ-साथ गाने भी गाये। फ़िल्म के साथ-साथ इसके गाने भी सुपर हिट हुए। फ़िल्म की कामयाबी के बाद नूरजहाँ ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा, एक के बाद एक उनकी कई सुपर हिट फ़िल्में आईं। जिसमें उन्होंने अपनी अदाकारी और गायकी के हुनर का लोहा मनवा लिया। साल 1947 में बनी फिल्म 'मिर्ज़ा-साहिबा' भारत में नूरजहाँ की आख़िरी फ़िल्म थी। मुल्क की तक़्सीम के बाद, लाखों लोगों के साथ उन्होंने भी पाकिस्तान में जाकर बसने का फ़ैसला किया। उस वक़्त वे शोहरत की बुलंदियों पर थीं। ऐसे में अपना सब कुछ छोड़कर जाना, वाक़ई एक बड़ा फ़ैसला था। लेकिन कुछ ही अरसे में पाकिस्तान में भी उन्होंने वही सब हासिल कर लिया। अदाकारी और गायकी दोनों ही में वे बरसों तक उरूज पर रहीं। पाकिस्तानी फ़िल्मों में नूरजहां के योगदान को देखते हुए, न सिर्फ़ उन्हें पाकिस्तान के पहले राष्ट्रपति सम्मान से नवाज़ा गया, बल्कि वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान-ए-इम्तियाज़' से भी सम्मानित किया गया।

नूरजहाँ की गायकी और सुरीली आवाज़ पर मशहूर अफ़साना निगार सआदत हसन मंटो भी फ़िदा थे, इस हद तक कि उन्होंने नूरजहाँ की दिल-आवेज़ शख़्सियत पर पर एक शानदार ख़ाका भी लिखा था। वो लिखते हैं, ''सहगल के बाद, मैं नूरजहाँ के गले से मुतास्सिर हुआ। इतनी साफ-शफ़्फ़ाफ़ आवाज़, रस्से पर बग़ैर किसी लग़्ज़िश (माधुर्यपूर्ण) के खड़े रहते हैं।'' मंटो यहीं नहीं रुक जाते, बल्कि अपने इस मज़ामीन में वे आगे लिखते हैं, ''नूरजहाँ के मुताल्लिक़ बहुत कम आदमी जानते हैं कि वह राग विद्या उतनी ही जानती है, जितनी कि कोई उस्ताद। वह ठुमरी गाती है, ख़याल गाती है, ध्रुपद गाती है और ऐसी गाती है कि गाने का हक़ अदा करती है। मौसीक़ी की तालीम तो उसने यक़ीनन हासिल की थी कि वह ऐसे घराने में पैदा हुई, जहां का माहौल ही ऐसा था- लेकिन एक चीज़ ख़ुदादाद भी होती है। मौसीक़ी के इल्म से किसी का सीना मामूर (परिपूर्ण) हो, मगर गले में रस न हो तो आप समझ सकते हैं कि ख़ाली-ख़ूली इल्म सुनने वालों पर क्या असर कर सकेगा-नूरजहाँ के पास इल्म भी था और वह ख़ुदादाद चीज़ भी, जिसे गला कहते हैं। यह दोनों चीज़ें मिल जाएं, तो क़यामत का बरपा होना लाज़िमी है।'' ('नूरजहाँ', किताब- 'सआदत हसन मंटो दस्तावेज़, प्रकाशक-राजकमल प्रकाशन नई दिल्ली, पेज-115) वाक़ई नूरजहाँ की दिलकश आवाज़, उस दौर में उनके चाहने वालों पर एक कहर सा ढाती थी। लोग उनकी गायकी के दीवाने थे।

नूरजहाँ को शे'र-ओ-अदब का बेहद शौक़ था। ख़ास तौर पर वे मशहूर-ए-ज़माना शायर फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ की शायरी की बड़ी दीवानी थीं। फ़ैज़ को समझकर और महसूस करके गाने वालों में नूरजहाँ और इक़बाल बानो सर-ए-फेहरिस्त हैं। नूरजहाँ और फ़ैज़ अहमद फ़ैज़ के किस तरह के मरासिम थे और वे फ़ैज़ और उनकी शायरी की कितनी इज़्ज़त-ओ-एहतिराम करती थीं, एक छोटे से क़िस्से से जाना जा सकता है। इस क़िस्से को तरक़्क़ीपसंद अदीब और जर्नलिस्ट हमीद अख़्तर ने अपनी किताब 'आशनाईयां क्या क्या' में बड़े शानदार अंदाज़ में बयां किया है। जो इस तरह से है, ''अय्यूबी मार्शल लॉ के दूसरे बरस आला सतह पर फ़ैसला किया गया कि कायद-ए-आज़म का जश्न-ए-विलादत (पुण्यतिथि) सरकारी तौर पर मनाया जाए। इस ज़िम्न में पंजाब यूनीवर्सिटी हॉल में एक महफ़िल-ए-मूसिक़ी तर्तीब दी गई। जिसका प्रोग्राम रेडियो पाकिस्तान लाहौर से रिले करने का एहतिमाम किया गया था।

इस शाम यूनीवर्सिटी हॉल में मुल्क के नामवर गुलूकारों (गायकों) को जमा किया गया। मादाम नूरजहाँ भी मौजूद थीं। जब वो स्टेज पर आईं, तो उन्होंने फ़ैज़ की नज़्म ''मुझसे पहली सी मुहब्बत मेरे महबूब न मांग।'' गाना शुरू की। उस वक़्त भी फ़ैज़ का कलाम रेडियो से नस्र (प्रसारित) करने की इजाज़त न थी। इसलिए रेडियो वालों ने मार्शल लॉ हुक्काम से जो वहां मौजूद थे, रुजू (संपर्क) किया। एक फ़ौजी अफ़सर ने कोई दूसरी चीज़ गाने के लिए कहा। और बताया कि

''फ़ैज़ के कलाम पर पाबंदी की वजह से ये नज़्म नहीं गायी जा सकती।''

मगर नूरजहाँ का इसरार था कि वो यही नज़्म सुनाएगी, वरना घर चली जाएंगी। जब बात बहुत बढ़ी, तो उसने कहा,

''अच्छा, तो फिर आप लोग मुझे भी वहीं भेज दीजिए, जहां फ़ैज़ हैं।''

फ़ैज़, उस वक़्त सरकार की क़ैद में थे। काफ़ी बहस-ओ-मुबाहिसे के बाद, बिल आख़िर मुंतज़मीन (आयोजकों) को मजबूरन मादाम का मुतालबा (मांग) मानना पड़ा। अलबत्ता रेडियो से इस महफ़िल का राब्ता काट दिया गया।

नूरजहाँ वाहिद गुलूकारा हैं, जो साज़ की मोहताज नहीं थीं। बहुत सी घरेलू और निजी महफ़िलों में वे बिना साज़ के गाती और गुनगुनाती थीं। और सुनने वालों को वैसा ही मज़ा आता था, जो साज़ के साथ सुर की बंदिश से आता है। जबकि ऐसे कई गायक-गायिकाएं मिल जाएंगी, जो बिना साज़ के एक लाइन तक नहीं गा सकते। एक अहम बात और, गायक-गायिका अपनी आवाज़ बेहतर रखने के लिए क्या-क्या जतन नहीं करते, मगर नूरजहाँ इससे बिल्कुल बेपरवाह रहती थीं। अच्छी आवाज़ के लिए जिन चीज़ों के खाने की मनाही या पाबंदी रखना ज़रूरी है, वे उन्हें ख़ूब खाती थीं। ' 23 दिसम्बर, 2000 को मलिका-ए-तरन्नुम नूरजहाँ ने इस दुनिया से अपनी विदाई ली। इस लेख का इख़्तिताम (समापन) मैं अफ़साना निगारी के उस्ताद मंटो की बात से ही करता हूं।

''जब तक रिकार्ड ज़िंदा हैं, सहगल मरहूम की आवाज़ कभी मर नहीं सकती-इसी तरह नूरजहाँ की आवाज़ भी अर्से तक ज़िंदा रहेगी और आने वाली नस्लों के कानों में अपना शहद टपकाती रहेगी।''

महल कॉलोनी, शिवपुरी म.प्र.

> अपने फ़िल्मी करियर में नूरजहाँ ने तक़रीबन दस हज़ार गाने गाए। हिन्दी फ़िल्मों के अलावा उन्होंने पंजाबी, उर्दू, अरबी, बंगाली, पश्तो और सिंधी फ़िल्मों में भी अपनी आवाज़ से सामाईन को मदहोश किया। 21 सितम्बर, 1926 को अविभाजित भारत के पंजाब के छोटे से शहर कसूर में जन्मी नूरजहाँ को बचपन से ही गीत-संगीत का शौक था। नूरजहाँ की अम्मी और वालिद ने जब मूसिक़ी के जानिब उनकी दीवानगी देखी, तो संगीत की तालीम का बंदोबस्त कर दिया। इब्तिदाई तालीम कज्जन बाई, तो क्लासिकल म्यूजिक की तालीम उन्होंने उस्ताद गुलाम मोहम्मद तथा उस्ताद बड़े गुलाम अली खां से ली।

परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों का शाइरः सुभाष पाठक 'ज़िया'

■ -ए.एफ़'नज़र'

''मैं जब ग़ज़ल को तसव्वुर करता हूँ तो महसूस करता हूँ कि तमाम फ़िक्रों की शाख़ों पर ख़यालों के गुंचे खिल उठे हैं। सहराओं के कंटीले दरख़्तों पर नई कोंपलें फूट पड़ी हैं। ग़ज़ल पहली बारिश की वो सौंधी ख़ुशबू हैं जो गर्म रुतों की दुश्वारियों को अपनी आमद से दिलफ़रेब और ख़ुशमंज़र बना देती है।.....सुनते तो ये आए हैं कि ये हुनर आते-आते ही आता है और एक उम्र भी कम है।'' सुभाष पाठक 'ज़िया' का उनके दूसरे ग़ज़ल संग्रह '' तुम्ही से ज़िया है'' में दिया गया यह वक्तव्य इस बात की दलील है कि वह ईमानदार शाइर हैं और अपनी ख़ूबियों और कमियों से वाक़िफ़ है।

सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है ,जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है। ज़िया परिस्थितिजन्य द्वन्द्वों के शाइर है यह द्वन्द्व उनके प्रेमपरक ग़ज़लों और सामाजिक सरोकार की ग़ज़लों दोंनों में ही दृष्टिगत होता है। दिल धड़कता है की ग़ज़लों से गुज़रते हुए महसूस होता है कि उनकी अधिकांश ग़ज़लों में प्रेमपरक भावनाओं की अभिव्यक्ति है और प्रेम की समग्र रूप से जो तस्वीर उभरती है कुछ इस प्रकार है कि कॉलेज के ज़माने में उम्र के चढ़ते पड़ावों पर एक लड़का-लड़की एक दूसरे से मिलते हैं, क़रीब आते हैं और साथ जीने मरने की क़समें खाते हैं। पढ़ाई पूरी होने पर जब अलग होते है तो दिलों में हसीन यादें लिए अपने -अपने रास्तों पर गामज़न हो जाते हैं, न कोई गिला-शिकवा न दोबारा मिलने के वादे। दोनों जानते हैं कि वे दोबारा कभी नही मिल सकेंगे और दोनों ने इस सच को स्वीकार भी कर लिया है। वस्ल या तो माज़ी की यादों में हैं या कभी पूरी न होने वाली तमन्ना है। आशिक़ और माशूक़ दोनों इन्तज़ार के अनंत मरूस्थल के दोनों विपरीत छोरों पर खड़े हैं। यही इन्तज़ार अब उन्हें प्रिय है, इस प्रेम कहानी में वक़्त या हालात के सिवा कोई रक़ीब नहीं है। दीवानगी में भी वह होश और ख़िरद का दामन नहीं छोड़ते । माशूक़ हसीन, बेवफ़ा, बेपरवाह, बदगुमान और आशिक़ के ग़म से नावाक़िफ है।

आशिक़ के किरदार में सर्वाधिक द्वन्द्व है उसके मिज़ाज में जहाँ अनन्य प्रेम है तो आज़ाद मिज़ाजी भी। समर्पण और अना परस्ती, आस्था और अनास्था, कर्मवाद और भाग्यवाद का द्वन्द्व है।

बाद दसके चराग़ लौ देगा,
पहले इक लौ चराग़ तक पहुँचे।

या

क्यों ज़माने को बेवफ़ा कहिए,
इसको क़िस्मत का फ़लसफ़ा कहिए।

''तुम्ही से ज़िया है'' की ग़ज़लों में भावनात्मकता चिन्तनोन्मुखता की ओर अग्रसर हुई हैं। बहरों के चयन में न केवल विविधता है, बल्कि लम्बी बहरों को भी बख़ूबी निभाया है। ग़ज़ल का हिंदी में आना अहम और उल्लेखनीय घटना है जिसने ग़ज़ल के मुताल्लिक़ दृष्टि और विमर्श के अनेक नए ज़ाविए खोल दिए हैं। मेरा मानना है कि शाइरी मआशरे से दो लेबल पर जुड़ी होती है एक कि शायर समाज में रहता है और उससे मुतास्सिर होता रहता है जिससे शायरी भी मुतास्सिर होती है। दूसरे जब शाइर अपनी शाइरी किसी दूसरे के साथ शेयर करता है, दाद चाहता है या चाहता है कि वह लोगों पर असर करे तो यह पूरी तरह सामाजिक अमल होता है। इसलिए ज़रूरी है कि कोई शाइरी समाज को नुकसान पहुँचाने वाली कदापि नही हो। कोई शाइरी इसलिए बेहतरीन नही होती कि वह उर्दू में, कही गई है या अंग्रेज़ी में कही गई है बल्कि इसलिए अज़ीम होती है कि उसमें आला दर्जे के शाइराना एलीमेंट्स (काव्य तत्व) होते हैं।

आधुनिक काव्य के मानकों के मददेनज़र पड़ताल करें तो हम पाते हैं कि ज़िया की शाइरी पर अस्तित्वाद व अन्य आधुनिक चिन्तनों का व्यापक प्रभाव है और समकालीन कविता की तमाम प्रवृत्तियाँ कमोबेश उनके यहाँ पाई जाती है। मिसाल के तौर पर कुछ अशआर प्रस्तुत हैं जो विभिन्न प्रवृत्तियों के हामिल है-

इल्म ही है जो तेरा अपना है,
घर मकाँ कल तो और का होगा।

सब गुज़रते है मेरे सीने से,
मैं हूँ इक पायदान चौखट का।

आसमानों ज़मीं की बात ही क्या,
सारा आलम उदास है मेरा।
ये घड़ी दो घड़ी की बात नहीं,
वक़्त पैहम उदास है मेरा।

ज़मीं दिल के हसीं रिश्तों की बंजर हो गई अब तो,
नदी मेरे ग़मों की भी समन्दर हो गई अब तो।

गुज़र ही गया दर्दे दिल हद से आख़िर,
कि अब दर्द क्या आँख भी नम नहीं है।

ज़िया की ग़ज़लों में ग़म स्निग्ध है, लगता है ग़मों की गहरा रंग दूर तक फैला हुआ है और वो उसे भरपूर जीते हैं, शालीनता से अभिव्यक्त करते हैं , अपने परिवेश को यकायक बदल देने की जल्दी में नहीं हैं। इसका एक कारण यह भी हो सकता है कि वो इस सच को आत्मसात कर चुके हैं कि ग़म ज़िदगी का अभिन्न हिस्सा है और यह बड़ी बात है।

चलो आइने से मिलो और ख़ुद को निहारो संवारो तुम्ही से ज़िया है,
थकन को उतारो न यूँ थक के हारो वफ़ा के सितारो तुम्ही से ज़िया है।

ज़िया ग़ज़ल में पारम्परिकता और कविता की आधुनिकता और उत्तर आधुनिकता का कितना अथवा किन विशिष्टताओं के साथ निर्वाह कर सके हैं यह अलग विमर्श है लेकिन उनके बार में एक बात स्पष्टता से कही जा सकती है कि वो ग़ज़ल की उम्मीद हैं और उनको आगे के सफ़र के लिए मैं हार्दिक मंगलकामनाएँ पेश करता हूँ।

> सुभाष पाठक 'ज़िया' ग़ज़ल के शाइर है। ग़ज़ल इशारे में बात करती है और इबहाम उसके मूल में होता है अतः ग़ज़ल वो आइना है जो बुरे सच की तस्वीर भी ख़ूबसूरती से पेश करता है। उनकी ग़ज़लों में पहली नज़र में आकर्षित करने वाला तत्व शब्द-चयन और वाक्यों की संरचना है जिसमें भरपूर संगीतीय अनुकूलता और कोमलता है, जो परम्परागत क्लासिक अन्दाज़ से प्रेरित किन्तु इन्फ़रादी है। अलहदा रदीफ़ों का बख़ूबी निबाह, कहीं-कहीं अंग्रेज़ी शब्दों या रोज़मर्रा के अल्फ़ाज़ का ख़ूबसूरती से किया गया इस्तेमाल पाठक को आल्हादित कर देता है।

लेखिका - -ए.एफ़'नज़र'
पुस्तक - 'तुम्हीं से ज़िया है' (ग़ज़ल संग्रह)
ग़ज़लकार- सुभाष पाठक 'ज़िया'
समीक्षक - ए. एफ 'नज़र'
प्रकाशन - अभिधा प्रकाशन
मूल्य 300

स्वयंभू कवियों की नई फौज और कविता की अनुपस्थिति

■ रमेश शर्मा

त्योहारों के आते ही कस्बों, गांवों की गलियों में कवियों की नई फौज तैयार होने लगती है। यही वह मौसम होता है जब इनकी डिमांड बढ़ने लगती है। मौसम के अनुरूप कवियों की यह नई उपज लगातार अपने लिए इन्हीं अवसरों, जगहों की तलाश में भी लगी हुई दिखाई पड़ती है। ये टोली प्रतीक्षा में भी रहती है कि कहीं से कोई बुलावा आए तो वहां चलें।बुलावे पर पूरी टोली वहां उतर जाती है। कविता को फुलझड़ियों की तरह छोड़ना इनका शगल होता है। खूब चिल्ला चिल्ला कर एक ही पंक्ति को बार बार दोहराते हुए इन्हें सुना जा सकता है।कई बार कविता की एक एक पंक्ति को बहुत तेज आवाज में किसी आचार्य की तरह श्रोताओं को समझाने की कोशिश करते हुए भी इन्हें मंच पर देखा जा सकता है।

स्वयं अपने श्रोताओं से ताली बजाने का आग्रह करते हुए भी इन्हें कोई संकोच करते हुए कभी देखा नहीं गया है। कविता के नाम पर सब कुछ होता है पर दुर्भाग्य यह है कि कविता ही वहां अनुपस्थित रह जाती है । जरूरी नहीं कि जोर जोर से ताली बजाई जाए,मजे लेने के लिए वाह वाह का शोर मचाया जाए तो कविता वहां उपस्थित ही हो।कविता से वैचारिकी का गहरा संबंध है पर इस तरह के शोर शराबों से वैचारिकी का कोई संबंध हो, इस पर संदेह ही है।कविता के बहाने इस तरह के शोर शराबे के बीच कविता का अनुपस्थित होना एक विचारणीय प्रश्न है।

कविता के नाम पर आई हुई श्रोताओं की भीड़ जब अपने अपने घरों को लौटती है तो वैचारिकी के नाम पर अपने साथ वह कुछ लेकर नहीं जाती। मंच के नीचे श्रोताओं की भीड़ भूनी हुई मूंगफली के बीज गटक कर उसके छिलकों का ढेर भर वहां छोड़ जाती है।नासमझी की वजह से जिस मंचीय कविता को कविता के लिए लोकप्रिय बनाने का माध्यम समझा जाता है दरअसल उस कविता में वैचारिकी के नाम पर कुछ भी नहीं होता।वे कविता के नाम पर छोड़ी गई फुलझड़ियां भर होती हैं जहां जीवन या वैचारिकी के लिए कोई स्पेस नहीं रह जाता। वे क्षणिक मनोरंजन के लिए भर होती हैं ,वह भी सबके लिए नहीं। दुर्भाग्य से इसे ही कविता मान लिए जाने की भूल किए जाने के कारण कविता की जो शक्ति है उसका क्षरण निरंतर हुआ है और यह क्षरण दिनों दिन और तेजी से हो रहा है। वीर रस के वायवीय शोर, मंचीय फूहड़ता और तुकबंदी में रची पगी तथाकथित कविता के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि ऐसी कविताओं के कवियों को लाखों रुपये का पैकेज देकर लोग फिर क्यों बुलाते हैं? दरअसल बाज़ार की आंखों से जब आप कला, साहित्य को आंकने की कोशिश करते हैं तब आप वैचारिकी को त्याग रहे होते हैं। बाज़ार आज के तथाकथित फायर ब्रांड नेताओं के मुकाबले गांधी को गिराने की जितनी भी कोशिश करे , गांधी की वैचारिकी या गांधी के जीवन मूल्य आज भी कीमती हैं । <उसका आकलन बाज़ार कभी भी नहीं कर सकता। वैचारिक कविता और मंचीय कविता के सम्बंध में भी यही बात सामने आती है। कला और साहित्य को बाज़ार की आंखों से देखने वाला कविता की वैचारिकी से कोसों दूर होता है।

वह उसे समझ नहीं सकता जिस तरह कि गांधी को लोग समझ नहीं पाते।इसे इस तरह भी समझें कि एक तरफ एक प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना का नृत्य हो और दूसरी तरफ आइटम डांस रख दिया जाए तो बाज़ार और भीड़ का रूख आइटम की तरफ ही होगा। पर क्या उससे कत्थक जैसे क्लासिकल नृत्य कला का मूल्य कम हो जाएगा? यह शाश्वत सत्य है कि जो मूल्यवान है , उसकी अमरता अक्षुण्ण है। बाज़ार की आंखों से देखकर कोई नासमझी का परिचय दे तो फिर वह उसकी समस्या है।

आज सोशल मीडिया का दौर है। सोशल मीडिया ने भी इस तरह की बिना वैचारिकी वाली कविताओं को लिखने पढ़ने वाले कवियों की नई फौज पैदा की है जो गांवों कस्बों में विभिन्न अवसरों पर मंच पर चढ़कर एक नया दृश्य खड़ा कर रहे हैं। एक बात मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहूंगा कि कविता अपनी वैचारिकी से कभी समाज या लोगों से दूर नहीं होती बल्कि कविता का सतहीपन उसे आत्महीन कर देता है। आत्महीन और बिना वैचारिकी वाली कविताओं के बहुत निकट आकर भी श्रोता जब अपने घरों को खाली हाथ लौटते हैं तब यह कविता के अलोकप्रिय होने का सशक्त प्रमाण है। इन माध्यमों से भी कविता को बहुत नुकसान पहुंच रहा है । बिना वैचारिकी वाली आत्महीन कविताएं ही कविता की दुनिया को धीरे धीरे दीमक की तरह नष्ट कर रही हैं यह घोर चिंता का विषय है। इस दौर में कवि हो जाना कितना आसान हो चुका है जबकि जनसरोकारिता और वैचारिकी से युक्त कविताओं का कवि कर्म आज भी बहुत कठिन है। उसके लिए आत्मा युक्त कविताओं का होना बेहद जरूरी शर्त है।

92,श्रीकुंज रायगढ़, छत्तीसगढ़
मो.7722975017

राहुल 25 को आवास न्याय सम्मेलन में होंगे शामिल

524.33 करोड़ के 185 विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

कलेक्टर-एसपी ने स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का लिया जायजा

बिलासपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु) । लोकसभा सांसद राहुल गांधी के मुख्य आतिथ्य में तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा (सकरी) में 25 सितम्बर को राज्य स्तरीय आवास न्याय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। राहुल गांधी इस अवसर पर 524 करोड़ 33 लाख रूपये की लागत के 185 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी करेंगे। इनमें 420 करोड़ 28 लाख रूपये के 82 कार्यों का लोकार्पण एवं 104 करोड़ 5 लाख रूपये के 103 विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। श्री गांधी राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को सामग्री, चेक एवं वन अधिकार पट्टा वितरित करेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविन्द्र चौबे करेंगे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुश्री कुमारी शैलजा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, बस्तर सांसद दीपक बैज, मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंत्री मोहम्मद अकबर, मंत्री कवासी लखमा, मंत्री शिवकुमार डहरिया, मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, मंत्री जयसिंह अग्रवाल, मंत्री गुरू रूद्रकुमार, मंत्री उमेश पटेल, मंत्री अमरजीत भगत, मंत्री मोहन मरकाम, बिलासपुर सांसद अरूण साव, कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव श्रीमती रश्मि आशीष सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बिलासपुर विधायक शैलेष पाण्डेय, मस्तूरी विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, कोटा विधायक श्रीमती रेणु जोगी, बेलतरा विधायक रजनीश सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान शामिल होंगे।

आईजी, कलेक्टर-एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की परसदा सकरी के एसडीआरएफ मैदान में विशाल आमसभा होगी। जिला प्रशासन द्वारा मैदान में पंडाल, स्टॉल, पार्किंग आदि की जोर-शोर से तैयारियां की जा रही है। आईजी श्री अजय यादव, कलेक्टर श्री संजीव झा एवं एसपी श्री संतोष सिंह ने अधिकारियों की टीम के साथ स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर रेलवे बोर्ड सुनकर एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे बिलासपुर

महाप्रबंधक सहित अधिकारियों की विकास परियोजनाओं पर ली बैठक

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु) । सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड, रूप नारायण सुनकर आज एक दिवसीय कार्यालयीन दौरे पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर पहुंचे । इस दौरान सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर मुख्यालय स्थित सभागार में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में चल रहे रेल विकास परियोजनाओं पर महाप्रबंधक आलोक कुमार सहित सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार में अनेक परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है । कुछ खंडो में कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा अन्य खंडो में कार्य जारी है, जिसमें चांपा-झारसुगुड़ा तीसरी लाइन एवं पेंड्रारोड-अनूपपुर तीसरी लाइन का कार्य पूर्ण कर इसका लोकार्पण इसी महीने 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में किया गया । इसी प्रकार बिलासपुर-झारसुगुड़ा खंड पर चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य भी तेजी से किया जा रहा है । इसके साथ ही दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाईन का निर्माण का कार्य जैसे अनेक महत्वपूर्ण रेल विकास परियोजनाओ पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है । आज आयोजित बैठक में आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने सदस्य इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेलवे बोर्ड के समक्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु किए जा रहे सभी रेल विकास परियोजनाओं की प्रगति एवं कार्यो से संबन्धित अन्य जानकारी दी । बैठक के दौरान मुख्यालय स्थित सभागार में महाप्रबंधक के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) सहित समस्त विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

सार-संक्षेप

रघुराज स्टेडियम में स्पोर्टस हाईमास्क का मेयर ने किया भूमिपूजन

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। महापौर ने आज राजा रघुराज स्टेडियम में स्पोर्ट्स हाई मास्क का भूमि पूजन किया। महापौर रामशरण यादव और वार्ड नंबर 32 शहीद विनोद चौबे नगर की पार्षद स्वर्णा शुक्ला के द्वारा गजानन महाराज गणेश जी की पूजा व आरती कर राजा रघुराज सिंह स्टेडियम में भूमि पूजन किया। इस अवसर पर एम आई सी मेम्बर जुगल किशोर गोयल, निगम अधिकारी सुब्रत दादा, अनुपम तिवारी, इंजीनियर भूषण पैकरा,अरविंद ट्रेडिंग कॉर्पोरेटशन के संचालक आनंद बुधौलिया, पार्षद प्रतिनिधि अहमद खान, वसीम बक्स,पिच क्यूरेटर फाजू खान आदि उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सुनवाई 26 को

बिलासपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक 26 सितम्बर को सवेरे 11 बजे से जिले से प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई जल संसाधन परिसर के प्रार्थना सभाकक्ष में करेंगी।

नेवरा में विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला 24 को

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। पशुधन विकास विभाग द्वारा तखतपुर ब्लॉक के ग्राम नेवरा में 24 सितम्बर को सवेरे 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक विकासखण्ड स्तरीय पशु-पक्षी प्रदर्शनी एवं पशु मेला का आयोजन किया जाएगा। पशुधन विकास विभाग के संयुक्त संचालक ने समस्त पशुपालकों से अपने मवेशियों जैसे कि भैंस, बकरी, बत्तख, उच्च उत्पादन क्षमता वाले दुधारू गाय आदि के साथ कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

युवती से बलात्कार ,आरोपी गिरफ्तार बदनाम करने की देता था धमकी

बिलासपुर , 23 सिंतबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीडिता थाना उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके मोहल्ला का रहने वाला सुलतान खान से उसकी जान पहचान थी प्रार्थिया जब 16 वर्ष की थी तब आरोपी दिनांक 06.05.2018 को उसके घर मिलने गया था। प्रार्थिया को घर में अकेले पाकर आरोपी द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाया गया था। उसके बाद से कई बार डरा धमका कर फोटो वायरल करने की धमकी देते हुए लगातार प्रार्थिया को अलग अलग जगहो में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। दिनांक 04.08.2023 को आरोपी प्रार्थिया को डरा धमका कर विडियो वायरल करने की धमकी देते हुए पुराना बस स्टैण्ड शर्मा लॉज ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया गया। आरोपी द्वारा प्रार्थिया को पुन: मिलने बुलाया गया प्रार्थिया द्वारा मिलने से मना करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थिया एवं उसके माता पिता के फोटो में अश्लील शब्द लिखकर प्रार्थिया की मां के मोबाईल मे वाटसअप के माध्यम से भेज दिया। प्रार्थिया आरोपी के हरकतो से परेशान होकर दिनांक 20.09.2023 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 436/2023 धारा 376(2)(ढ) भादवि, 4, 6 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर वरिष्ठ अधिकारियो को जानकारी दी गयी। निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में आरोपी सुलतान खान पिता मोहम्मद मस्तान खान उम्र 24 वर्ष निवासी कुम्हार पारा करबला को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

निजात अभियान शॉर्ट फ़िल्म का विमोचन

बिलासपुर,23 सितंबर (देशबन्धु) । पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह आईपीएस द्वारा बिलासपुर ज़िले में नारकोटिक्सड्रग्स अवैध नशा के ख़िलाफ़ एक जागरूकता और कार्यवाही अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ज़िला में एनजीओ एनसीसी एनएसएस स्कूल बच्चे और टीचर ,प्रजापति ब्रह्मकुमारी ,सक्षम संस्था काउन्सलिंग करने वाले काउंसलर पुलिस और सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता गण की उपस्थित में ऑडिटोरियम बिलासपुर में कार्यक्रम कर रंग रंग के नशा नामक शॉट्स फ़िल्म का विमोचन किया गया। जिसमें बिलासपुर पुलिस के निरीक्षक पौरूस पुर्रे, प्रदीप आर्या, कमला पुसाम, नवीन देवांगन और अन्य ने भूमिका निभाई है। जो की यूट्यूब चैनल में लॉंच किया गया जिसे आप अपने मोबाइल टीवी में यूट्यूब से देख सकते है।नशा से होने वाले आर्थिक सामाजिक पारिवारिक मानसिक हानि होती है और पुलिस द्वारा अभियान के तहत अन्य सहयोगी संस्था के द्वारा मोटिवेट कर के नशा से दूर कर अच्छी जीवन यापन हेतु प्रतीत किया गया जिसमें कई व्यक्ति ने नशा से दूर होकर खुशी पूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे है इनकी सफलता को सक्सेस स्टोरी के माध्यम से बताया गया। निजात के तहत अपराध में कमी होने के कारण ज़िले में सभी वर्ग के लोगो में उत्साह भर गया है और सभी ने शहर वासी, जनप्रतिनिधि, इण्डियन फ़िल्म स्टार, राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने भी बिलासपुर पुलिस की सराहना किए और निजात अभियान में सहयोग दे रहे हैं।

रिटायर्ड सहायक प्लाटून कमान्डर के विरूद्ध जारी वसूली आदेश पर रोक

बिलासपुर, 23 सितम्बर (देशबन्धु)। सकरी, बिलासपुर निवासी महेन्द्र सिंह, दूसरी बटालियन सकरी जिला-बिलासपुर में सहायक प्लाटून कमान्डर के पद पर पदस्थ थे। सेवाकाल के 62 वर्ष पूर्ण करने पर दिनांक 30 अप्रैल 2023 को सेनानी दूसरी बटालियन द्वारा उन्हें सेवानिवृत्त कर दिया गया। सेवानिवृत्ति के 03 माह पश्चात सेनानी दूसरी बटालियन सकरी द्वारा महेंद्र सिंह को सेवाकाल के दौरान विभागीय भविष्य निधि खाते में अधिक भुगतान का हवाला देकर 2,68,590/- रूपये का वसूली आदेश जारी कर दिया गया। उक्त वसूली आदेश से क्षुब्ध होकर महेन्द्र सिंह द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं दुर्गा मेहर के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के समक्ष रिट याचिका दायर की गई।

अधिवकता अभिषेक पाण्डेय एवं दुर्गा मेहर द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि मा.सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूर्व में वर्ष 2015 में स्टेट ऑफ पंजाब विरूद्ध रफीक मसीह एवं अन्य एवं वर्ष 2022 में थॉमस डेनियन विरूद्ध स्टेट ऑफ केरला एवं अन्य के वाद में यह महत्वपूर्ण निर्णय दिया गया है कि किसी भी तृतीय श्रेणी शासकीय कर्मचारी इसके साथ ही सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारी के सेवानिवृत्ति देयक से किसी भी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है। चूंकि याचिकाकर्ता सहायक प्लाटून कमाण्डर के पद पर पदस्थ था जो कि तृतीय श्रेणी का पद है अत: याचिकाकर्ता के सेवानिवृत्ति देयक से किसी प्रकार की वसूली नहीं की जा सकती है। याचिकाकर्ता द्वारा मा. उच्च न्यायालय के समक्ष विभागीय भविष्य निधि लेखापर्ची का रिकार्ड प्रस्तुत किया गया और यह बताया गया कि याचिकाकर्ता के विभागीय भविष्य निधि खाते में 9,25,894/- (नौ लाख पच्चीस हजार आठ सौ चौरानवें) रूपये जमा है उसके बाद भी गलत गणना करके याचिकाकर्ता के विरूद्ध वसूली आदेश जारी कर दिया गया। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा उक्त रिट याचिका की सुनवाई के पश्चात रिट याचिका को स्वीकार कर सेवानिवृत्ति सहायक प्लाटून कमांडर के विरूद्ध जारी वसूली आदेश पर रोक (स्थगन)कर दिया गया।

महुआ शराब के साथ ग्रामीण पकड़ाया

बिलासपुर, 23 सिंतबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे)जिला बिलासपुर द्वारा निजात अभियान के तहत् थाना क्षेत्रांतर्गत नशीले पदार्थो का अवैध बिक्री करने वालों के विरूध्द अधिक से अधिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है जिसके मद्देनजर पेट्रोलिंग किया जा रहा था।

इस दौरान मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम खाड़ा रामप्रसाद गोड अपने घर केबाड़ी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री कर रहा है। मुखबीर के बताये गये स्थान में जाकर घेरा बंदी कर रेड कार्यवाही किया गया जो रामप्रसाद गोड द्वारा अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 2000 रखा था जो विधिवत आरोपी के कब्जे से जप्त कर आबकारी एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर को न्यायालय बिलासपुर में पेश किया गया है।

उक्त रेड कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी. नरेश कुमार चौहान सउनि बृजमोहन कश्यप गोपाल खांडेकर प्र.आर.उमाशंकर राठौर गंगाधर कंवर आर.चन्द्रप्रकाश भारद्वाज शरद कुमार साहू देवानंद चंद्राकर का सराहनीय योगदान रहा है।

गांजा बेचते एक पकड़ाया

थाना सिविल लाइन प्रभारी प्रदीप आर्य को जरिये मुखबीर से सूचना मिला की संजय नगर तालापारा निवासी नशे के कारोबार में हमेशा संलिप्त रहने वाला अब्दुल रहमान अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री करने के फिराक में ग्राहक तलाश रहा है। उक्त सूचना को तस्दीक करने थाना सिविल लाइन से सहायक उपनिरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना को हमराह स्टाफ रवाना किया गया। मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपना नाम अब्दुल रहमान निवासी संजय नगर तालापारा बताया जिसके कब्जा से प्लास्टिक के बोरी में रखा 01 किलो 800 ग्राम मादक पदार्थ गांजा विधिवत जप्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक प्रदीप आर्य, सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र डिक्सेना, आरक्षक देवेंद्र दुबे, राजेश नारंग का सराहनीय योगदान रहा।

बिलासपुर प्रेस क्लब नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

शपथ ग्रहण में शामिल होने का दिया न्योता

बिलासपुर , 23 सिंतबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में बिलासपुर प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की । नवनिर्वाचित प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली ने मुख्यमंत्री को हाल ही में हुए बिलासपुर प्रेस क्लब के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया, तथा उन्होंने मुख्यमंत्री को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का न्योता दिया ।

मुख्यमंत्री ने सदस्यों को बधाई एवँ शुभकामनाएं दी तथा आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया ।इस अवसर पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष इरशाद अली, उपाध्यक्ष संजीव पाण्डेय, सचिव दिलीप यादव, कोषाध्यक्ष प्रतीक वासनिक, सह सचिव दिलीप जगवानी तथा कार्यकारिणी सदस्य गोपीनाथ डे , एवं अन्य सदस्य, लोकेश वाघमारे ,मनीष शर्मा, अखलाक खान, रमेश राजपूत, भी उपस्थित रहे ।

प्रधानमंत्री 24 सितंबर को नौ वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाएंगे हरी झंडी

ये नौ नई वंदे भारत ट्रेनें ग्यारह राज्यों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी

पुरी, मदुरै और तिरूपति जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों को वंदे भारत कनेक्टिविटी मिलेगी

ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ होंगी और यात्रियों के समय की काफी बचत करेंगी

नई ट्रेनें यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करेंगी और पर्यटन को बढ़ावा देंगी

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को दोपहर 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नौ वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे । ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश भर में कनेक्टिविटी में सुधार और रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई जाएगी वे हैं। उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस,हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस,विजयवाड़ा - चेन्नई (रेनिगुंटा के माध्यम से) वंदे भारत एक्सप्रेस,पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस,कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस,जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस ये नौ ट्रेनें ग्यारह राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी । ये वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के मार्गों पर सबसे तेज़ ट्रेन होंगी और यात्रियों का काफी समय बचाने में मदद करेंगी। मार्ग पर वर्तमान सबसे तेज़ ट्रेन की तुलना में, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम

वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 3 घंटे तेज़ होंगी; हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक विलंबित; तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस 2 घंटे से अधिक विलंबित; रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग 1 घंटे की देरी से; और उदयपुर-जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे की देरी से । देश भर में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थानों की कनेक्टिविटी में सुधार करने के प्रधान मंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस पुरी और मदुरै के महत्वपूर्ण धार्मिक शहरों को जोड़ेगी। इसके अलावा, विजयवाड़ा-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस रेनिगुंटा मार्ग से संचालित होगी और तिरुपति तीर्थस्थल केंद्र तक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी । इन वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत से देश में रेल सेवा के एक नए मानक की शुरुआत होगी। विश्व स्तरीय सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित ये ट्रेनें आम लोगों, पेशेवरों, व्यापारियों, छात्र समुदाय और पर्यटकों को यात्रा के आधुनिक, त्वरित और आरामदायक साधन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी ।

एआईसीसी के पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह से रविन्द्र ने की मुलाकात

बिलासपुर , 23 सितंबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के वरिष्ठ विधायक व अखिल भारतीय कांग्रेस कमेंटी के वरिष्ठ पर्यवेक्षक प्रीतम सिंह का आज बिलासपुर आगमन पर छत्तीसगढ योग आयोग सदस्य रविन्द्र सिंह सौजन्य भेट कर संगठनात्मक चर्चा किये।

NECC

24.09.2023	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	510	85	170
चिल्हर	6.50	100	195

डिलीवरी 525 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188